आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14674

अजमेर, जोधपुर एवं जयपुर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार


www.hukmnamasamachar.com

वर्ष 22 : अंक 235: मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

अजमेर, बुधवार, 15 जुलाई, 2026

www.Lokvarta.net

## संक्षिप्त खबरें




### ऑपरेशन सिंदूर के बाद 10 लाख करोड़ की डिफेंस डील

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा खरीद का पैटर्न तेजी से बदला है। पिछले 14 महीनों में मंजूर रिकॉर्ड प्रस्तावों से संकेत मिलता है कि सेना को अब सिर्फ सीमित जवाबी कार्रवाई के लिए नहीं, बल्कि लंबी और मल्टीलेवल वॉर के लिए तैयार किया जा रहा है। डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल ने संघर्ष के बाद से 55 प्रस्तावों को मंजूरी दी, जिनकी कुल कीमत 9.80 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है। यह रकम एक साथ खर्च नहीं होगी, बल्कि कई साल में अलग-अलग सौदों, निर्माण कार्यक्रमों और आधुनिकीकरण योजनाओं पर लगेगी। तैयारी की पहली वजह ये है कि युद्ध छिड़ना अब सामान्य बात होती जा रही है। दूसरे, जंग छिड़ने के बाद उसे रोकना आसान नहीं रह गया है और तीसरी बात दुश्मन की कोशिश यह होती है कि लंबी और आर्थिक रुप से चोट पहुंचाने वाले सैन्य संघर्ष को जारी रखा जाए। नए प्रस्ताव में लक्ष्य महीनों तक हथियार, मरम्मत में तेजी और रसद बनाए रखना है। रक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि यूक्रेन और पश्चिम एशिया के लंबे संघर्षों ने भारत की सैन्य सोच बदली है।

### हाफिज सईद के खिलाफ जम्मू कोर्ट से गैर-जमानती वारंट जारी

**श्रीनगर।** जम्मू की स्पेशल कोर्ट ने मंगलवार को लश्कर-ए-तैयबा चीफ हाफिज सईद के खिलाफ पहलगाम केस में गैर-जमानती वारंट जारी किया। कोर्ट ने कहा कि निष्पक्ष जांच के लिए हाफिज को हिरासत में लेकर पूछताछ करनी होगी। कोर्ट ने 8 जुलाई को आदेश जारी किया था, जानकारी मंगलवार को सामने आई है। इससे पहले 6 जुलाई को राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पहलगाम हमले को लेकर सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी। एजेंसी ने कहा था कि बैसरनघाटी में हुए आतंकी हमले की साजिश हाफिज सईद ने ही रची थी। एनआईए ने हाफिज पर भारत के खिलाफ जंग छेड़ने का आरोप लगाया है। 22 अप्रैल 2025 को आतंकवादियों ने पहलगाम में धर्म पूछकर लोगों की हत्या की थी। हमले में 26 टूरिस्ट मारे गए थे।

### दिव्यांगों पर टिप्पणी- कॉमेडियन समय रैना समेत 5 पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को स्टैंड-अप कॉमेडियन और यूट्यूबर समय रैना, रणवीर अलाहाबादिया, विपुल गोयल, बलराज परमजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर, निशांत जगदीश तंवर पर 3 लाख रुपए जुर्माना लगाया है। अदालत ने दिव्यांगों पर विवादित टिप्पणी के केस में यह आदेश दिया है। इसकी सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने की। बेंच ने कहा कि हमारे आदेश के बावजूद रैना ने अपने शो पर किसी दिव्यांग को नहीं बुलाया। अदालत क्योर एसएमए इंडिया फाउंडेशन की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें रैना के शो पर स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी के इलाज के खर्च पर असंवेदनशील टिप्पणी करने और दिव्यांगों का मजाक उड़ाने का आरोप है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का सख्त एक्शन

# कानून-व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

## दो आरपीएस एवं एक जेल सेवा अधिकारी पर गिरी गाज



- महिला बंदी सुधार गृह की उपाधीक्षक निलंबित
- एक आरपीएस पर सीसीए नियम 16 में कार्रवाई तथा एक के विरूद्ध विभागीय जांच में आरोप प्रमाणित

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य में कानून-व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लगातार एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अनियमितता एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर राजस्थान पुलिस सेवा के दो अधिकारियों एवं जेल सेवा की एक अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई की मंजूरी दी है। जेल सेवा की अधिकारी को निलंबित करने तथा एक आरपीएस अधिकारी के विरूद्ध सीसीए नियम 16 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई तथा एक के विरूद्ध विभागीय जांच किए जाने की अनुमति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने महिला बंदी सुधार गृह, जयपुर में पदस्थापित उपाधीक्षक सरोज विश्नोई को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय जयपुर से भरतपुर किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। सरोज विश्नोई के विरूद्ध प्राप्त परिवाद में बताया गया था कि वे सुधार गृह की एक महिला बंदी को अपने साथ रखती थी और उस महिला बंदी का कार्यालय के कार्यों में हस्तक्षेप था। साथ ही, विश्नोई द्वारा पैसे लेकर बंदियों को नियम विरूद्ध सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने की भी शिकायत थी। मुख्यमंत्री ने जोधपुर पुलिस आयुक्तालय में पदस्थापित सहायक पुलिस आयुक्त, साइबर क्राइम देरावर सिंह के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के तहत अनुशासनिक कार्यवाही के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

देरावर सिंह ने पुलिस थाना कामां, डीग में पुलिस निरीक्षक के पद पर पदस्थापित रहते हुए अपने पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बरती। हत्या जैसे गंभीर अपराध में आठ में से केवल एक अभियुक्त को अनुसंधान में दोषी मानते हुए सात अभियुक्तों को बचाने का प्रयास किया। इसी प्रकार मुख्यमंत्री ने आरपीएस अधिकारी लाभुराम विश्नोई के विरूद्ध आरोपों को प्रमाणित मानते हुए विभागीय जांच रिपोर्ट का अनुमोदन किया है। लाभुराम विश्नोई ने पुलिस थाना चौथ का बरवाड़ा जिला सवाईमाधोपुर क्षेत्र में बनास नदी में बजरी माफियाओं के विरूद्ध कार्रवाई के दौरान अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई से संबंधित निर्देशों की अवहेलना की, जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई और स्वयं सहित पुलिस जाब्ते की जान को जोखिम में डाला। साथ ही, कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों के साथ कोई समन्वय भी नहीं किया। मुख्यमंत्री द्वारा किए गए इन निर्णयों से प्रशासनिक कार्यों में जवाबदेही तय होने के साथ ही कार्मिकों की कार्यशैली में पारदर्शिता एवं दक्षता आएगी।

## भ्रष्टाचार एवं कदाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति

### दहेज उत्पीड़न के मामले में दोषी चिकित्सा अधिकारी को नौकरी से हटाया

**राजस्थान सिविल सेवा के 2 अधिकारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि रोकी**

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार भ्रष्टाचार एवं कदाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत रिश्वतखोरी, दहेज उत्पीड़न, पद के दुरुपयोग करने एवं राजकीय दायित्वों का समुचित निर्वहन नहीं करने जैसे मामलों में सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में, दहेज उत्पीड़न के प्रकरण में एक चिकित्सा अधिकारी के विरुद्ध धारा 498-ए एवं 406 भारतीय दण्ड संहिता में दोष सिद्ध होने पर उन्हें राजकीय सेवा से पदच्युत करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने राजस्थान सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम-16 के अन्तर्गत 2 प्रकरणों में सेवारत अधिकारियों की वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने तथा एक सेवानिवृत्त पशु चिकित्सा अधिकारी की 20 प्रतिशत पेंशन हमेशा के लिए रोकने का फैसला किया। इसी प्रकार, सीसीए नियम 34 में रिव्यू के 5 प्रकरणों में विभिन्न अधिकारियों की याचिकाओं को खारिज करते हुए दण्डादेश यथावत रखे गए हैं। मुख्यमंत्री ने आपराधिक प्रकरणों में आरोपियों की मदद करने के बदले रिश्वत मांगने के एक प्रकरण में तत्कालीन वृत्ताधिकारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम 2018 की धारा 19 तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के प्रावधान के अन्तर्गत अभियोजन स्वीकृति जारी की है।

इसी प्रकार, भीलवाड़ा के तत्कालीन सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी, वृत्त-ए राकेश खोईवाल के खिलाफ सीसीए नियम 16 के अंतर्गत विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने राजकीय कीमती भूमि को नीलामी के बजाय खांचा भूमि के रूप में आवंटन करने के प्रकरण में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के विरूद्ध अखिल भारतीय सेवाएं (अनुशासन एवं अपील) नियम 1969 के नियम 8 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की मंजूरी भी प्रदान की।

## सुप्रीम कोर्ट का 3 लैंग्वेज पॉलिसी पर रोक से इनकार

**कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता-सुप्रीम कोर्ट**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन की थ्री-लैंग्वेज पॉलिसी पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता है।

साथ ही इसे लागू करने में आने वाली चुनौतियों को लेकर सरकार और सीबीएसई से 10 दिन में जवाब मांगा है। अब 14 दिन बाद 29 जुलाई को इस मामले में सुनवाई होगी।

दरअसल, थ्री-लैंग्वेज पॉलिसी मौजूदा 2026-27 सेशन से लागू कर दी गई है। नई पॉलिसी के मुताबिक स्टूडेंट्स को 2 भारतीय भाषाएं पढ़नी होंगी। उन्हें वे भाषाएं छोड़नी पड़ेंगी, जिन्हें वे क्लास 5 से लगातार पढ़ रहे हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि सीबीएसई ने तैयारी के बिना तीन-भाषा नीति लागू कर दी है। स्कूलों में पर्याप्त टीचर, किताबें और जरूरी एकेडमिक इंफ्रा स्ट्रक्चर मौजूद नहीं है, जिससे स्टूडेंट-टीचर को परेशानी हो रही है। याचिकाकर्ताओं की तरफ से सीनियर एडवोकेट आनंद ग्रोवर, सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी और गोपाल शंकरनारायणन ने पैरवी की। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने सुनवाई की।

# प्रदेश के कई जिलों में बारिश

## अलवर और कोटपूतली-बहरोड़ में तेज बारिश



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में मंगलवार दोपहर बाद अलवर और कोटपूतली-बहरोड़ में तेज बारिश हुई। कोटपूतली के पावटा में बारिश के चलते सीएम का दौरा रद्द हो गया। विराट नगर विधायक कुलदीप धनखड़ ने बताया कि मौसम खराब होने के चलते सीएम का दौरा स्थगित किया गया। सीएम पीएमश्री जवाहर नवोदय स्कूल में लगे शहरी सेवा शिविर में हिस्सा लेने के लिए आने वाले थे। बारिश से बचने के लोग सिर पर कुर्सी रखकर बचते नजर आए। वहीं बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत मंच पर बैनर से बारिश से बचाव करते दिखाई दिए।

अलवर में सड़क पर घुटनों तक पानी भर गया। इसमें कई गाड़ियां फंस गई। निचले इलाकों में दुकानों में पानी घुस गया।

मौसम विभाग ने 16 जुलाई को प्रदेश के अन्य हिस्सों में बारिश की एंट्री होने की उम्मीद जताई है। उदयपुर संभाग से बादलों का एंट्री करना ठीक रहा तो जाते हुए मानसून की बारिश अरावली के पहाड़ों को पार करके रेगिस्तानी इलाकों तक पहुंच जाएगी। इससे उदयपुर, सलूंबर, प्रतापगढ़, डूंगरपुर और बांसवाड़ा में बारिश हो सकती है।



## वांगचुक 17 दिन से अनशन पर

### सरकार बेपरवाह-कॉकरोच जनता पार्टी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल का मंगलवार को 17वां दिन है। उनकी सेहत लगातार बिगड़ रही है। वजन 8.5द्मद्द कम हो गया है। अनशन शुरू होने पर वजन 67 किग्रा था। वांगचुक नीट पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी के मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर 28 जून से अनशन कर रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव, शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा, एक्टर नसीरुद्दीन शाह, रत्ना पाठक शाह, राइटर अरुंधति रॉय समेत कई प्रमुख हस्तियों ने सोनम से अनशन खत्म करने की अपील की है।कॉकरोच जनता पार्टी ने कहा कि सरकार को वांगचुक की कोई चिंता नहीं है। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि वांगचुक की जान को खतरा है। सरकार को मांगों पर ध्यान देना चाहिए।

## गुजरात के अंबाजी मंदिर में भी दान की चोरी



**अंबाजी।** राम मंदिर में चंदे की चोरी का मुद्दा देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी बीच गुजरात के प्रसिद्ध शक्तिपीठ अंबाजी मंदिर के खजाने में हुई चोरी का एक सीसीटीवी फुटेज वायरल है। हालांकि, यह फुटेज दो महीने पुराना है। इसमें आउटसोर्सिंग कर्मचारी नोटों का एक बंडल अपने पैरों के नीचे छिपाते नजर आ रहा है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी चिराग ठाकोर समेत तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया था। मंदिर ट्र्स्ट इनकी सेवाएं खत्म कर चुका है। फुटेज वायरल होने पर बनासकांठा कलेक्टर मिहिर प्रवीणकुमार पटेल ने भी बताया कि यह घटना 5 मई, 2026 की है। घटना सामने आते ही मंदिर ट्रस्ट ने स्न्रढ्ढक्र दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के बाद मंदिर के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया था।

### पेनल्टी कॉर्नर




### पटेला री पोल

कई मंदिरों में खुल गए, अब चढ़ावा चोरी के केस
कोई चोर तो निकल जाता, चाहे कितने अच्छे फेस
श्रद्धालु श्रद्धा भाव से, देते हैं अपनी गाड़ी कमाई
चोर ऐसे हड़प रहे चढ़ावा, है वे भगवान के जमाई

..मुखिया जी

# विधान सभा के वर्तमान और पूर्व विधायकों का समागम कार्यक्रम आज

### स्पीकर देवनानी ने अमृत उत्सव की तैयारियों का लिया जायजा




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधानसभा में 75वें वर्ष पर बुधवार को वर्तमान और पूर्व विधायकों का समागम कार्यक्रम होगा। स्पीकर वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को इस अमृत उत्सव के पहले कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। देवनानी ने कार्यक्रम स्थल और उससे संबंधित सभी व्यवस्थाओं को बारिकी से देखा। देवनानी ने मौके पर अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर से आने वाले पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष प्रबंध किये गये है। विशेष रूप से वरिष्ठ एवं वयोवृद्ध पूर्व विधायकों के प्रवास, उनके आवागमन, चिकित्सा संबंधी सभी व्यवस्थाएं की गई है। देवनानी ने कहा कि अमृत उत्सव का यह पहला कार्यक्रम है।




इस कार्यक्रम में विधान सभा के वर्तमान और पूर्व विधायक शामिल होंगे। पूर्व विधायकगण का मंगलवार से जयपुर पहुँचना आरम्भ हो गया है। जयपुर के सर्किट हाउस, डाक बंगला, विधायक आवास गेस्ट हाउस और पंचायतीराज संस्थान के गेस्ट हाउस में ठहरने की व्यवस्था की गई है। राजस्थान से निर्वाचित लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों को भी समारोह में आमंत्रित किया गया है। अमृत उत्सव की तैयारियां विधान सभा में जोर-शोर से चल रही है। शहर में अतिथियों के स्वागत में होर्डिंग लगाये गये है। राजस्थान विधान सभा भवन को अमृत महोत्सव की पूर्व संध्या पर रोशनी से सजाया गया है। देवनानी ने कहा कि विधान सभा में ऐसा कार्यक्रम पहली बार हो रहा है। यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा।

## अमृत उत्सव का पहला कार्यक्रम, आतिथ्य सत्कार के पूरे प्रबंध

**समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति होंगे, उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष करेंगें**

देवनानी ने कहा कि समारोह में उप राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। लोकसभा अध्यक्ष उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। समारोह का शुभारम्भ बुधवार को प्रात: 10 बजे से होगा। समापन समारोह इसी दिन सांय 4 बजे होगा।

समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा अतिविशिष्ट अतिथि होंगे।

CMYK

### मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न बैंकों और विभागों द्वारा योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने योजना की धीमी प्रगति और लंबित आवेदनों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बैंक अधिकारियों और जिला समन्वयकों को निर्देश दिए कि युवाओं को स्वरोजगार के अवसर देने वाली इस महत्वाकांयोजना में किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने सभी पात्र आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण करने और आगामी बैठक तक संतोषजनक सुधार न होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी।

# वन विहार भ्रमण पर पहुंचे स्कूली बच्चे, बांसखेड़ी उद्यान में प्रकृति के बीच लिया सीखने का आनंद

**पिड़ावा (हुक्मनामा समाचार)।** उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हरनावदा गजा के कक्षा 3, 4 एवं 5 के विद्यार्थियों को शैक्षणिक गतिविधि के तहत मंगलवार को बांसखेड़ी उद्यान में वन विहार भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों ने प्रकृति के सान्निध्य में समय बिताते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश ग्रहण किया और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के अध्यापक मुकेश जैन ने बताया कि वन विहार भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, अधिक से अधिक पौधे लगाने, फूलों एवं हरियाली के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों ने उद्यान में स्थित झूलों, फिसलपट्टी सहित अन्य खेल गतिविधियों का आनंद लिया। साथ ही खेल, गीत, कविता और कहानी के



माध्यम से मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद वातावरण में समय व्यतीत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बलवीर सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को समय-समय पर वन विहार एवं शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाने का उद्देश्य उन्हें प्रकृति के निकट लाना तथा पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाना है। ऐसे भ्रमण बच्चों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मक सोच और व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भ्रमण के दौरान बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला और उन्होंने प्रकृति के बीच सीखने के इस अनुभव का भरपूर आनंद लिया।

### उत्कृष्ट बुनकरों का हुआ चयन, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मिलेगा प्रतिनिधित्व

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** जिले की पारंपरिक हस्तकरघा बुनाई कला को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तरीय बुनकर पुरस्कार चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। वर्ष 2026-27 के लिए प्राप्त 9 उत्पादों में से गुणवत्ता, डिजाइन और पारंपरिक शिल्पकला के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। प्रथम पुरस्कार के लिए असनावर की धापू बाई (तोता गागरौनी डबल बेडशीट) और द्वितीय पुरस्कार के लिए झिरी (मनोहरथाना) की राधा बाई (कुर्ती निर्माण) को चुना गया। इन्हें क्रमश:5,100 और 3,100 की राशि दी जाएगी। तृतीय पुरस्कार असनावर की अंजू मेघवाल को और सांत्वना पुरस्कार निर्मला बाई व अलोल बाई को मिला। प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बुनकर वर्ष 2026-27 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में झालावाड़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## न्यूज विंडो

### यूसीसी के विरोध में भारत आदिवासी पार्टी का प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**धरियावद (हुक्मनामा समाचार)।** प्रतापगढ़ क्षेत्र में राजस्थान समान नागरिक संहिता 2026 के विरोध में भारत आदिवासी पार्टी और आदिवासी समाज ने जोरदार मोर्चा खोल दिया है। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित वीसी जनसुनवाई के दौरान कार्यकर्ताओं ने UCC प्रारूप समिति के अध्यक्ष बसंत सिंह छाबा के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस प्रदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष रमेश मईडा, विधायक प्रत्याशी मांगीलाल ननामा और जिला अध्यक्ष मुकेश बरोड़ मुख्य रूप से उपस्थित रहे। नेताओं ने आरोप लगाया कि ष्ट के जरिए 5वीं अनुसूची क्षेत्र में आदिवासियों की स्वायत्तता, ग्राम सभा व्यवस्था और दापा व नात्रा जैसी ऐतिहासिक परंपराओं को खत्म करने की साजिश हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यह कानून संविधान के अनुच्छेद 244(1) और 13(3)क को प्रभावित करेगा, जिसे समाज बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा। धरियावद सहित पूरे अनुसूचित क्षेत्र को ष्ट के दायरे से बाहर रखने और बंद कमरों के बजाय गांव स्तर पर खुली चर्चा कराने की मांग की गई है। मांगें पूरी न होने पर भील प्रदेश में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

### सांवलिया सेठ मंदिर में 20 जुलाई से शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ, गुरु पूर्णिमा पर निकलेगी भव्य कलश यात्रा



शत्रुघ्न दास जी महाराज

**डोडियाना (हुक्मनामा समाचार)।** दाँतड़ा क्षेत्र के श्रद्धालुओं के सहयोग से 10 दिवसीय धार्मिक आयोजन, 29 जुलाई को होगी पूर्णाहुति। मांगलियावास- डोडियाना और दाँतड़ा के मध्य स्थित सांवलिया सेठ मंदिर परिसर में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 20 से 29 जुलाई तक शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन डोडियाना, दाँतड़ा तथा आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं के सहयोग से संपन्न होगा। मंदिर के महंत एवं कथा व्यास महंत शत्रुघ्न दास ने बताया कि कथा का शुभारंभ 20 जुलाई को सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं एवं श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर धार्मिक वातावरण का निर्माण करेंगे। उन्होंने बताया कि शिव महापुराण कथा का आयोजन प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। कथा के समापन अवसर पर 29 जुलाई को पूर्णाहुति एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर मंदिर परिसर में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिव महापुराण कथा श्रवण का पुण्य लाभ लेने का आग्रह किया।

### यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ़ होम्योपैथी द्वारा देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय में कार्यक्रम सम्पन्न

**केकडी (हुक्मनामा समाचार)।** यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ़ होम्योपैथी,केकड़ी के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग द्वारा देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय में मंगलवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका थीम 'हेल्थी पीरियड्स -हेल्थी फ्यूचर ' रही । कार्यक्रम का शुभारंभ स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की सहायक आचार्य डॉ.निर्मला शर्मा ने किया जिसमें सभी बच्चों और शिक्षकगणों का अभिवादन किया और कार्यक्रम की थीम के बारे में जानकारी दी। इसके बाद स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की सह आचार्य डॉ.रितु शर्मा ने कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए माहवारी के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। बी एच एम एस तृतीय वर्ष की छात्राओं टीना सोलंकी,तनुश्री राठौड़,खुशी बंसल,विशाखा श्रीमाली,नंदिनी जैन ने माहवारी के समय रखी जाने वाली साफ-सफाई (मेंस्ट्रुअल हाइजीन), माहवारी के दौरान पोषाहार एवं योग के बारे में नाटक के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी । कार्यक्रम में लगभग 300 छात्राओं तथा शिक्षकगणों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में डॉ.निर्मला शर्मा ने छात्राओं की करियर काउंसलिंग की और प्रतिज्ञा दिलवाई।उसके बाद डॉ.रितु शर्मा ने सबका धन्यवाद ज्ञापित किया।देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री राधेश्याम कुमावत ने कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर उत्साहवर्धन किया और धन्यवाद ज्ञापित किया 7 यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ़ होम्योपैथी,केकड़ी के प्राचार्य डॉ.पुनीत आर शाह ने समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम करने को लेकर प्रोत्साहित किया ।

# 'ग्रामीण सेवा शिविर' बने विकास की नई पहचान, हजारों ग्रामीणों को मिला लाभ

**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलेक्टर डॉ. मंजू के निर्देशन में आयोजित 'ग्रामीण सेवा शिविर-2026 (सेवा भी, समाधान भी)' आमजन के लिए त्वरित समाधान का बड़ा माध्यम बनकर उभरे हैं। जिले की बड़ीसादड़ी, डूंगला, कपासन, भूपालसागर और निम्बाहेड़ा जैसी विभिन्न पंचायत समितियों में आयोजित शिविरों में राजस्व, कृषि, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास विभागों ने मौके पर ही सेवाओं का लाभ दिया। शिविरों में वर्षों पुराने राजस्व विवादों का निपटारा, आवासीय व पुश्तैनी पट्टों का वितरण और जमाबंदी शुद्धिकरण किया गया। डूंगला में प्राकृतिक खेती के लिए 30,000 की प्रोत्साहन राशि व वरिष्ठ



नागरिकों को नि:शुल्क रोडवेज पास दिए गए।

वहीं, भूपालसागर में बैल जोड़ी के लिए 30,000 की वित्तीय स्वीकृति और मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना का लाभ मिला। कपासन व धमाणा में कृषि यंत्रों पर अनुदान और पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान सौंपे गए। इन शिविरों से ग्रामीणों की समस्याओं का एक ही स्थान पर पारदर्शी समाधान हुआ है।

## धरियावद में कई दिनों से बंद अन्नपूर्णा रसोई, जरूरतमंदों की थाली पर संकट

**धरियावद, (हुक्मनामा समाचार)।** धरियावद नगर पालिका क्षेत्र में संचालित अन्नपूर्णा रसोई पिछले कई दिनों से बंद होने के कारण गरीब, मजदूर, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार की यह जनकल्याणकारी योजना कम कीमत पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई थी, लेकिन रसोई बंद होने से अनेक लोगों की दैनिक भोजन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अन्नपूर्णा रसोई बंद होने से रोजाना इस योजना पर निर्भर रहने वाले श्रमिक, रिक्शा चालक, दिहाड़ी मजदूर और अन्य जरूरतमंद वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। लोगों ने मांग की है कि संबंधित विभाग एवं नगर पालिका प्रशासन इस समस्या का शीघ्र समाधान कर रसोई को पुन: शुरू करवाए, ताकि जरूरतमंदों को समय पर भोजन उपलब्ध हो सके। जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से भी आग्रह किया गया है कि इस महत्वपूर्ण जनहित के विषय पर तत्काल ध्यान देते हुए अन्नपूर्णा रसोई का संचालन जल्द से जल्द शुरू कराया जाए, जिससे गरीब एवं श्रमिक वर्ग को राहत मिल सके। **जनहित में मांग:** धरियावद की अन्नपूर्णा रसोई को शीघ्र पुन: प्रारंभ कर जरूरतमंदों को राहत प्रदान की जाए।

### सीसवाली महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम युवाओं को दी मतदाता पंजीयन की जानकारी

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय महाविद्यालय सीसवाली में जिला निर्वाचन अधिकारी बालमुकुंद असावा और स्वीप नोडल अधिकारी राजवीर सिंह चौधरी के निर्देशन में मतदाता जागरूकता (स्वीप) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को सशक्त लोकतंत्र की रीढ़ बताते हुए सह-प्रभारी अमित भार्गव ने उपस्थित जन को मतदान का संकल्प दिलाया। इस दौरान विद्यार्थियों को वोटर हेल्पलाइन ऐप और निर्वाचन आयोग के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण (फॉर्म 6), वोटर आईडी में संशोधन (फॉर्म 8) और ईपिक को आधार से लिंक करने की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम के अंतर्गत 'लोकतंत्र का आधार' विषय पर निबंध और पोस्टर प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिसमें निबंध प्रतियोगिता में अनिशा मीणा ने प्रथम, आयुषी नागर ने द्वितीय और खुशबू मीणा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर कार्यवाहक प्राचार्य मुकेश मीणा सहित कई प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### जिलाभर में सेवा शिविर जारी, आमजन को मिल रहा योजनाओं का लाभ

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** जिला प्रशासन द्वारा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सेवा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में 22 विभागों के काउंटरों के माध्यम से पेंशन, पट्टा, प्रमाण पत्र और बिजली-पानी कनेक्शन जैसे लंबित प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया जा रहा है। शिविरों की सफलता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि छबड़ा के मानपुरा निवासी धन्नालाल और आकेड़ी निवासी मीनाको त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर ही नरेगा जॉब कार्ड सौंपे गए, जिससे उन्हें वीबीजी रामजी योजना के तहत 125 दिन का रोजगार मिल सकेगा। आगामी 15 जुलाई को भी विभिन्न ग्राम पंचायतों और शहरी वार्डों में इन शिविरों का आयोजन जारी रहेगा।

## 'माय भारत' पोर्टल पर गहन पंजीकरण अभियान को मिलेगी गति, पोस्टर का विमोचन

**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जिला परिषद सभागार में जिला कलक्टर डॉ. मंजू के निर्देशन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक की अध्यक्षता में 'माय भारत' (रूड्ढ क्चद्धड्डह्म्ड्डह्ल) जिला सलाहकार एवं समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत' अभियान के पोस्टर का विमोचन किया गया और युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने की रणनीति पर चर्चा हुई। सदस्य सचिव व जिला युवा अधिकारी हेमंत कुमार मथुरिया ने पीपीटी के





जरिए पोर्टल पर पंजीकरण की लाइव प्रक्रिया दिखाई। उन्होंने बताया कि इस मंच से युवा स्वयंसेवा, कौशल विकास और सामुदायिक सेवा से जुड़ सकते हैं। बैठक में 1 जुलाई से 15 अगस्त तक चलने वाले विशेष पंजीकरण अभियान की समीक्षा की गई। सभी विभागों, शिक्षण संस्थानों और ग्राम पंचायतों से समन्वय बनाकर जिले के अधिकाधिक युवाओं को इस डिजिटल मंच से जोड़ने और नशामुक्त समाज के निर्माण का आह्वान किया गया।

# अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की जिला युवा इकाई घोषित, लोकेश अग्रवाल बने जिलाध्यक्ष, निखिल मित्तल बने जिलामंत्री

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** अखिल भारतीय स्तर पर अग्रवाल समाज के संगठनात्मक, सामाजिक एवं सेवा कार्यों में सक्रिय अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन ने डीडवाना-कुचामन जिले की युवा कार्यकारिणी की घोषणा की है। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के उत्तर पश्चिमी प्रांत युवा प्रदेश महामंत्री विकास बंसल ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल, राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल, प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ज्ञान ज्योति गुप्ता, प्रदेश महामंत्री घनश्याम गुप्ता, प्रदेश युवा अध्यक्ष रविन्द्र बंसल की अनुशंसा एवं निर्देशानुसार डीडवाना निवासी लोकेश अग्रवाल को जिला अध्यक्ष, निखिल मित्तल को जिला महामंत्री तथा भरत मोदी को जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

उल्लेखनीय है कि युवा समाजसेवी लोकेश अग्रवाल लंबे समय से अग्रवाल समाज की विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं एवं नगर के अनेक सामाजिक संस्थाओं में विभिन्न दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। समाजहित में उनके सतत प्रयासों एवं समर्पण को देखते हुए संगठन ने उन्हें जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा है।नवनियुक्त युवा जिला पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल, राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल, प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ज्ञान ज्योति गुप्ता, प्रदेश महामंत्री घनश्याम गुप्ता, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल, राष्ट्रीय युवा महामंत्री दीपक जाजोदिया व संजीव अग्रवाल, प्रदेश युवा अध्यक्ष रविन्द्र बंसल, प्रदेश युवा महामंत्री विकास बंसल, प्रदेश युवा कोषाध्यक्ष हर्षित अग्रवाल, अग्रवाल सम्मेलन के वरिष्ठ पदाधिकारी नितेश बाजारी, हरीश मोदी एवं समस्त अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

नवनियुक्त युवा जिला अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल व जिला महामंत्री निखिल मित्तल ने बताया कि डीडवाना-कुचामन की युवा टीम द्वारा पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी के साथ संगठन हित में कार्य करते हुए



प्रत्येक दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन किया जाएगा। जिला कोषाध्यक्ष भरत मोदी ने बताया कि शीघ्र ही जिला कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा तथा समाज के विभिन्न वर्गों को साथ लेकर शिक्षा, सेवा, संगठन एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में व्यापक कार्य किए जाएंगे।समाज के वरिष्ठजनों, विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं अग्रवाल बंधुओं ने नवनियुक्त युवा पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके सफल कार्यकाल की मंगलकामना की है।

## स्कूल में अव्यवस्था पर सीबीईओ सख्त, मांगलियावास कार्यवाहक प्रधानाचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मांगलियावास में मध्यांतर के दौरान छात्र-छात्राओं के विद्यालय परिसर से बाहर निकलकर व्यस्त हाईवे पर जाने के मामले में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) पीसांगन ने सख्त रुख अपनाया है। इस संबंध में कार्यवाहक प्रधानाचार्य मिथिलेश कुमारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित खबर और छायाचित्रों के अनुसार मध्यांतर के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थी विद्यालय परिसर से बाहर निकलकर हाईवे किनारे स्थित दुकानों और होटलों तक पहुंच रहे थे। कुछ विद्यार्थी हाईवे पर घूमते, होटलों पर बैठते तथा पानी की बोतलें भरते भी दिखाई दिए। इसे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताते हुए विद्यालय प्रशासन की लापरवाही माना गया है। सीबीईओ ने नोटिस में कहा है कि विद्यालय समय के दौरान विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना संस्था प्रधान की जिम्मेदारी है। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया कि मीडिया द्वारा जानकारी मांगे जाने पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने नियमित प्रधानाचार्य नहीं होने का हवाला देते हुए संतोषजनक जवाब नहीं दिया, जिसे गैर-जिम्मेदाराना रवैया माना गया है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि नोटिस प्राप्त होने के तीन दिवस के भीतर लिखित स्पष्टीकरण कार्यालय में प्रस्तुत किया जाए। यदि निर्धारित अवधि में जवाब नहीं दिया गया अथवा स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया तो राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 (सीसीए नियम) के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।


**राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम**

कार्यालय मुख्य प्रबन्धक, ब्यावर आगार

**निविदा-सूचना**

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम ब्यावर आगार में बस स्टेण्ड ब्यावर हेतु निविदा आंमत्रित की जानी है। निविदा प्रपत्र एवं शर्ते निर्धारित राशि रूपये 200/- एवं जी.एस.टी सहित नकद जमा करवा कर निम्न हस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय समय में प्राप्त कर सकते है। इच्छुक व्यक्ति/संस्था अपने प्रस्ताव 16.07.2026 को 14:00 बजे तक जमा करा सकते है। निविदा प्रस्ताव उसी दिन 15:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोलें जावेंगे। इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण निगम वेबसाईट http://transport.rajasthan.gov.in/rsrtc एवं SPPP पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

निविदा स्वीकार/निरस्त करने का अधिकार निम्न हस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है।

UBN : RTC2627SSRC00344

राज.संवाद/सी/26/6926 विज्ञापन संख्या 154/2026-27 मुख्य प्रबन्धक



**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

फोन न. 0145-2429953,2433813 Email- ajmermc@gmail.com

क्रमांक F.10/50/M/GARDEN/AMC/2026-27/102 दिनांक 02.07.2026

**ई-टेण्डरिगं-निविदा-सूचना**

नगर निगम,अजमेर की ओर से केंद्र एवं राज्य सरकार में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत मैसर्स फर्म/संवेदक से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया से विद्युतशाखा द्वारा **नगर निगम क्षेत्र में नगर निगम अजमेर की ओर से पटेल स्टेडियम स्पोर्ट्स क्लब स्थित ए-ब्लॉक के डीलक्स कमरो एवम् सूईट के रूप में आगामी 3 वर्ष + (2 वर्ष वृद्धिकार्य संतोषप्रद होने पर) वर्षो तक संचालन एवम् संधारण का कार्य** हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है जो निम्नलिखित दिनांक अनुसार डाउनलोड तथा खोली जायेगी।

| | कार्य का विवरण | निविदा राशि | अमानत राशि | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग फीस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम अजमेर की ओर से पटेल स्टेडियम स्पोर्ट्स क्लब स्थित ए-ब्लॉक के डीलक्स कमरो एवम् सूईट के रूप में आगामी 3 वर्ष +(2 वर्ष वृद्धि कार्य संतोषप्रद होने पर) वर्षो तक संचालन एवम् संधारण का कार्य। | 11.50 लाख रूपये | 23000 रूपये | 1000/- रू. | 500/- रू. |

| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की दिनांक व समय | निविदा ऑनलाईन भरकर देने की दिनांक व समय | तकनिकी निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|
| 10.07.2026 सायं 6.00 बजे से प्रारम्भ | 10.07.2026 सायं 6.00 बजे से 20.07.2026 साय 6.00 बजे तक | 21.07.2026 प्रात; 11.00 बजे |

| | |
|---|---|
| वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक व समय | तकनिकी बिड् के सफलतम निविदादाताओं को नेट के माध्यम से सूचित कर दिया जायेगा। |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की वेबसाईट | www.eproc.rajasthan.gov.in www.sppp.rajasthan.gov.in |

1. प्रोसेसिंग फीस / निविदा शुल्क/ बिड सिक्योरिटी राशी डी.डी. /बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक से मान्य नही होगी ।
2. RTPP नियमानुसार बिड सिक्योरिटी राशी देय होगी।
3. शेष शर्तो की जानकरी निम्नलिखित वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB Code : ANN2627A0058

UBN Code : ANN2627SLOB00080

राज.संवाद/सी/26/6952



स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढा द्वारा एफ बी 3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 4, जयपुर से मुद्रित एवं पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर से प्रकाशित। फोन 2623396, प्रधान संपादक - प्रदीप लोढा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, समाचार संपादक (अजमेर) राजेद्र गुप्ता जयपुर कार्यालय- जी 1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, ई मेल hukmnama.ajmer@gmail.com

जयपुर • जोधपुर • अजमेर से प्रकाशित

राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

सच्ची खबर, सच्चा असर




## हुक्मनामा समाचार से जुड़ने के लिए
## आज ही संपर्क करें

**0141:2220403**

**8824399949** | **9828011251**

**Website:** www.hukmnamasamachar.com

अपने क्षेत्र की खबरें, विज्ञापन, समाचार और जनसमस्याओं को **हुक्मनामा समाचार** के माध्यम से जनता तक पहुँचाएं

निम्न जिलो के आसपास के इलाकें से जुड़ने के लिए

**आज ही संपर्क करें**

## नागौर • डीडवाना-कुचामन • झालावाड़
## बारां • सलूम्बर • प्रतापगढ़ • डूंगरपुर
## बांसवाड़ा • कोटा • बूंदी • उदयपुर
## चित्तौड़गढ़ • भीलवाड़ा

स्वाधीनता दिवस की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित

# गरिमापूर्ण रूप से जनभागीदारी के साथ हो स्वाधीनता दिवस का आयोजन : कलक्टर

**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** स्वाधीनता दिवस की तैयारियों के संबंध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई एवं संबंधित विभागों को आवश्यक दायित्व सौंपे गए। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने निर्देश दिए कि स्वाधीनता दिवस का आयोजन गरिमापूर्ण रूप से प्रेरणादायी एवं जनभागीदारी से भरपूर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्य समारोह पुलिस लाइन मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसमें ध्वजारोहण, सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। समारोह के सफल आयोजन के लिए पूर्वाभ्यास एवं सभी व्यवस्थाओं की समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पूर्व संध्या को देशभक्ति पर सांस्कृतिक संध्या के आयोजन की भी रूपरेखा तैयार की गई। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा एवं सामूहिक बैण्ड वादन जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को राष्ट्रीय पर्व से जोड़ा जाए और देशभक्ति का वातावरण बनाया जाए। पुलिस अधिकारियों को समारोह के दौरान सुरक्षा, यातायात और व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। अजमेर विकास प्राधिकरण को बैरीकेडिंग तथा नगर निगम को साफ सफाई एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लोक बन्धु ने समारोह में लोकतंत्र सेनानियों, स्वतंत्रता सेनानियों, भूतपूर्व सैनिकों, मीडिया कर्मियों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन के बैठने और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को अपने दायित्व पूर्व में ही जांचने एवं वर्षा की संभावना को देखते हुए इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व का आयोजन नई पीढ़ी को देशप्रेम और कर्तव्यबोध की भावना से जोड़ने का अवसर बनना चाहिए। सभी अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य कर स्वाधीनता दिवस समारोह को सफलतापूर्वक और उल्लास के साथ मनाया जाना सुनिश्चित करे। प्रशस्ति पत्र के लिए राजकीय कार्मिक के प्रस्ताव के साथ विभागीय कार्यवाही आदि नहीं होने की जानकारी होनी चाहिए। साथ ही अन्य व्यक्तियों के प्रस्ताव के साथ पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राम प्रकाश, अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. अभिषेक गोयल एवं नरेन्द्र कुमार मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सफलता की कहानी-1 मकरेड़ा शिविर में रेखा को हाथोंहाथ मिला विवाह प्रमाण पत्र

राजस्थान सरकार द्वारा आमजन को उनके घर के समीप ही त्वरित प्रशासनिक सेवाएं और राहत पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे ग्रामीण सेवा शिविर-2026 ग्रामीण परिवारों के लिए बेहद मददगार साबित हो रहे हैं। सा ही एक सुखद और सफल मामला जिले की पंचायत समिति पींसागन के अंतर्गत ग्राम पंचायत मकरेड़ा में आयोजित विशेष शिविर में सामने आया है। शिविर के दौरान ग्राम मकरेड़ा निवासी नवविवाहिता श्रीमती रेखा (पत्नी श्री प्रवेश कुमार) पंचायती राज विभाग के समस्या निस्तारण काउंटर पर उपस्थित हुईं। आवेदिका रेखा ने अपने विवाह पंजीकरण (मैरिज रजिस्ट्रेशन) के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ ग्राम पंचायत के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत किया।

**सफलता की कहानी-3 मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना बनी पशुपालक परिवार का सुरक्षा कवच :** ग्राम बुहारू, तहसील रूपनगढ़, जिला अजमेर के निवासी श्री सुरेन्द्र रिणवा एवं उनके परिवार ने ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना का लाभ प्राप्त किया। परिवार की दो दुधारू गायों का बीमा कराया गया।


**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर, जिला ब्यावर राज.**

गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर, टेलीफोन नम्बर -01462-230051, ईमेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक: न.पा.बि./69-ए/2026/2360 दिनांक : 13.07.2026

**आपत्ति आमन्त्रित सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-ए के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जाएंगे। अत: इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 07 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देंवे। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. | मकान मालिक का नाम | मौहल्ले का नाम | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1. | इन्द्रा देवी बैरवा पति मदन लाल बैरवा<br>मानव जारवाल पुत्र लेखराज जारवाल | तारों का खेड़ा बिजयनगर | 117.42 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी-नगरपालिका, बिजयनगर



**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर, जिला ब्यावर राज.**

गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर, टेलीफोन नम्बर -01462-230051, ईमेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक: न.पा.बि./69-ए/2026/2400 दिनांक : 14.07.2026

**आपत्ति आमन्त्रित सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-ए के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जाएंगे। अत: इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 07 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देंवे। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. | मकान मालिक का नाम | मौहल्ले का नाम | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1. | ओमप्रकाश भाम्बी पिता बाबूलाल | नाडी मौहल्ला बिजयनगर ब्लॉक नं. 111 | 54.75 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी-नगरपालिका, बिजयनगर


# भावी पीढ़ी के लिए सर्वश्रेष्ठ धरोहर है पौधे : आभा गांधी




**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** एक व्यक्ति, एक वृक्ष; एक परिवार, अनेक वृक्ष, यही आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी सबसे मूल्यवान धरोहर होगी। साथ ही संकल्प लें कि जब तक पौधा एक मजबूत वृक्ष न बन जाए, तब तक उसका संरक्षण करते रहेंगे। यही वास्तविक पर्यावरण सेवा है। उक्त उदगार अखिल भारतीय विजयवर्गीय महिला संगठन की राष्ट्रीय सलाहकार आभा गांधी ने वैशालीनगर में महिला इकाई द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम ने कहे। इस अवसर पर ट्री गार्ड सहित 6-7 फुट के छायादार पौधे लगाये गए। महिला संगठन की प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश विजय, शहर अध्यक्ष बेला विजय ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि हरियाली होना आज की महती आवश्यकता है। कार्यक्रम में मीनाक्षी, अर्चना, सुनीता, श्वेता, संतोष, प्रीति, आस्था, भाव्या, प्रियंका सहित अन्य महिलाएं मौजूद थी। आभा राजेंद्र गांधी की ओर से सभी को अल्पाहार कराया गया। सभी ने हरियाली के लिए पौधे रोपने , उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया। सभी ने अगस्त के प्रथम सप्ताह में सावन महोत्सव मनाने एवं लहरिया कार्यक्रम आयोजित करने का एकमत निर्णय लिया।

### सफलता की कहानी-2 पुस्तैनी सयुक्त खातेदारी भूमि का आपसी सहमति से हुआ विभाजन

राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर 2026 ग्राम पंचायत सुनारिया के अंतर्गत ग्राम हरपुरा के निवासियों श्री छीतर पुत्र घिसा, श्री नारायण पुत्र जगदीश एवं अन्य सहखातेदार के लिए बड़ी राहत लेकर आया। वर्षों से संयुक्त खातेदारी में दर्ज पुस्तैनी कृषि भूमि का आपसी सहमति से विभाजन शिविर में ही कर दिया गया। जिससे लंबे समय से चली आ रही समस्या का तत्काल समाधान हुआ। शिविर के दौरान प्रार्थियों ने शिविर प्रभारी श्री गजेन्द्र शर्मा, उपखण्ड अधिकारी सरवाड़ के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि ग्राम हरपुरा स्थित खसरा संख्या 929 एवं 948 की पुस्तैनी कृषि भूमि संयुक्त खातेदारी में दर्ज होने के कारण उन्हें भूमि प्रबंधन, कृषि ऋण, तारबंदी, रिकॉर्डेड रास्ते के उपयोग तथा विभिन्न राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों में लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। संयुक्त खातेदारी के कारण भविष्य में न्यायालयीन विवाद की भी संभावना बनी हुई थी।

# सड़ती मछलियां और जहरीली बदबू बनी आफत अजमेर पर महामारी का साया : डॉ. जयपाल



**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल ने आरोप लगाया कि आना सागर झील के साथ जिला प्रशासन के अवैज्ञानिक और जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों का खामियाजा अब अजमेर की जनता भुगत रही है। झील के आसपास रहने वाले हजारों लोग भीषण बदबू में जीवन जीने को मजबूर हैं, लेकिन प्रशासन पूरी तरह आंखें मूंदे बैठा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा आना सागर का जलस्तर कम किए जाने से बड़ी संख्या में मछलियां उथले हिस्सों में फंस गईं, जिनके सड़ने से पूरे क्षेत्र में असहनीय दुर्गंध फैल रही है। बरसात के मौसम में यह स्थिति और भी गंभीर हो गई है तथा संक्रामक बीमारियों, मच्छरों और अन्य जलजनित रोगों का खतरा शहर पर मंडरा रहा है। डॉ. जयपाल ने कहा कि प्रशासन ने बिना वैज्ञानिक अध्ययन और दूरगामी परिणामों का आकलन किए आना सागर को खाली करवाकर अपनी पीठ थपथपाने का प्रयास किया, लेकिन उसके दुष्परिणाम अब आम जनता को भुगतने पड़ रहे हैं। आज झील के आसपास रहने वाले परिवारों, व्यापारियों, मॉर्निंग वॉक पर आने वाले नागरिकों और पर्यटकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सड़ रही मछलियों का निस्तारण, पानी की गुणवत्ता में सुधार और दुर्गंध रोकने के प्रभावी उपाय नहीं किए गए तो स्थिति महामारी का रूप ले सकती है। प्रशासन को जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने के बजाय तत्काल विशेषज्ञों की निगरानी में राहत कार्य शुरू करने चाहिए। डॉ. जयपाल ने कहा कि कांग्रेस ने पहले भी आना सागर में बिना वैज्ञानिक प्रक्रिया अपनाए किए जा रहे कार्यों पर सवाल उठाए थे, लेकिन प्रशासन ने चेतावनियों को नजरअंदाज किया। आज वही लापरवाही जनता के लिए संकट बनकर सामने खड़ी है। डॉ. जयपाल ने कहा कि मैं स्वयं एक चिकित्सक होने के नाते यह स्पष्ट रूप से कह रहा हूं कि आना सागर में फैली गंदगी, सड़ती मछलियों से उठ रही दुर्गंध और दूषित वातावरण जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत गंभीर खतरा है। बरसात के मौसम में ऐसी परिस्थितियां संक्रामक एवं जलजनित बीमारियों के तेजी से फैलने का कारण बन सकती हैं और शहर में महामारी जैसी स्थिति उत्पन्न होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो इसके लिए जिला कलेक्टर एवं जिला प्रशासन पूरी तरह जिम्मेदार होंगे।


**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अजमेर**

क्रमांक/लेखा/टेण्डर/2026/5102 दिनांक : 07.07.2026

**ई-टेण्डर ( यू.बी.एन. नम्बर-MHS2627GLOB02418 )**

डीएमएफटी योजनान्तर्गत कार्यालय पीएमओ नसीराबाद, पुष्कर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्द्रवरदाई नगर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रूपनगढ़ एवं अराई हेतु 500mA क्षमता की एक्स-रे मशीन (CR System सहित) के क्रय के लिए मूल निर्माता अथवा उनके अधिकृत विक्रेताओं से ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन ई-निविदाएं अमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत शर्तें एवं अन्य आवश्यक जानकारी राजस्थान राज्य सार्वजनिक खरीद पोर्टल (SPPP) तथा www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

| S.No. | Particular | 100mA Portable X-Ray Machine |
|---|---|---|
| 1. | Estimated Cost | 80 LAKH |
| 2. | Tender Fees | 1000/- |
| 3. | RISL Processing Fees | 1000/- |
| 4. | Earnest Money | 160000 rs |
| 5. | Document Download Start Date and Time | 08 July26 & 1500 Hrs |
| 6. | Pre Bid Meeting Date and Time | 13 July 2026 & 11.00 Hrs. |
| 7. | Document Upload Start Date and Time | 19 July 2026 & 17.00 Hrs. |
| 8. | Physical D.D. Submission date & time & Venue | 20 July 2026 & 11.00 Hrs CMHO Office Ajmer |
| 9. | Technical Bid Opening Date & Venue | 20 July 2026 & 12.00 Hrs |

निविदाएं खोलने की तिथि को सार्वजनिक अवकाश होने पर निविदाएं अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। अपूर्ण रूप से भरी हुई निविदाएं एवं सशर्त निविदाएं स्वीकार नहीं होगी।

**नोट :** किसी भी निविदा को निरस्त/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

DIPR/C/12327/2026

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
अजमेर


सफलता की कहानी-1 मकरेड़ा शिविर में रेखा को हाथोंहाथ मिला विवाह प्रमाण पत्र

# मौके पर ही हुआ त्वरित पंजीकरण दंपती ने जताया सरकार का आभार

**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार द्वारा आमजन को उनके घर के समीप ही त्वरित प्रशासनिक सेवाएं और राहत पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे ग्रामीण सेवा शिविर-2026 ग्रामीण परिवारों के लिए बेहद मददगार साबित हो रहे हैं। ऐसा ही एक सुखद और सफल मामला जिले की पंचायत समिति पींसागन के अंतर्गत ग्राम पंचायत मकरेड़ा में आयोजित विशेष शिविर में सामने आया है। शिविर के दौरान ग्राम मकरेड़ा निवासी नवविवाहिता रेखा (पत्नी श्री प्रवेश कुमार) पंचायती राज विभाग के समस्या निस्तारण काउंटर पर उपस्थित हुईं। आवेदिका रेखा ने अपने विवाह पंजीकरण (मैरिज रजिस्ट्रेशन) के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ ग्राम पंचायत के समक्ष



अपना आवेदन प्रस्तुत किया। पारिवारिक और सामाजिक कार्यों के साथ-साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए विवाह प्रमाण पत्र एक बेहद महत्वपूर्ण दस्तावेज है, इसे ध्यान में रखते हुए काउंटर पर तैनात टीम ने तुरंत संवेदनशीलता दिखाई। ग्राम पंचायत मकरेड़ा की प्रशासनिक टीम द्वारा मौके पर ही प्राप्त आवेदन पत्र और संलग्न साक्ष्यों की त्वरित तकनीकी जांच व भौतिक सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण की गई। सभी तथ्य और रिकॉर्ड सही पाए जाने पर, बिना किसी देरी के डिजिटल पोर्टल के माध्यम से श्रीमती रेखा (पत्नी श्री प्रवेश कुमार) का विवाह प्रमाण पत्र मौके पर ही तैयार कर दिया गया। तैयार किया गया आधिकारिक विवाह प्रमाण पत्र शिविर में उपस्थित मुख्य अतिथियों और अधिकारियों द्वारा स्वयं आवेदिका को सुपुर्द किया गया।

### सफलता की कहानी , स्वामित्व कार्ड एंव पटटा जारी कर घर का वैध मालिकाना हक मिला

ग्रामीण सेवा शिविर 2026 के दौरान पंचायत समिति पीसांगन के ग्राम पंचायत डोडियाना मे आयोजित शिविर में कैम्प प्रभारी उपखण्ड अधिकारी पीसांगन एवं तहसीलदार पीसांगन तथा विकास अधिकारी द्वारा नाथूथला निवासी रुकसाना पत्नी जहाँगीर के जीवन मे नया उजाला लेकर आया। कैम्प के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा रुकसाना पत्नी जहाँगीर को स्वामित्व कार्ड और पट्टा प्रदान कर उन्हें उनके घर का वैध मालिकाना हक प्रदान किया गया। पट्टा लेने के बाद रुकसाना पत्नी जहाँगीर ने धन्यवाद देते हुए कहा कि इस वैधानिक अधिकार से में बैंक से लोन लेकर नया व्यापार प्रारम्भ करूंगा। जिससे मेरी आय में वृद्धि होगी और मेरे परिवार का जीवन स्तर में सुधार होगा।

### दीपक जैन पटवा द्वारा 15वीं अमरनाथ यात्रा करने पर अभिनंदन किया

**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** महावीर सेवा परिषद के महासचिव कमल गंगवाल व प्रवक्ता संजय कुमार जैन ने बताया कि सामाजिक व धार्मिक सरोकार के तहत लगातार 15 वर्षो से अमरनाथ की यात्रा कर रहे श्री दिगम्बर जैन महासमिति अजमेर के कार्यकारी सदस्य एंव नया बाजार घी मंडी व्यापारिक एसासियेशन के कोषाध्यक्ष दीपक जैन पटवा का परिषद के द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया एंव उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये उनके द्वारा की गई यात्रा का अनुभव साझा किया।


**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर, जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक: न.पा.बि./निर्माण स्वी./2026/2394 दिनांक : 14.07.2026

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाईल नं. | आवेदक का नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 72 | ओमप्रकाश पुत्र बाबूलाल भाम्बी | नाडी मौहल्ला बिजयनगर ब्लॉक नं. 111 भू.सं. 3/2 | 54.75 Sq.MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी-नगरपालिका, बिजयनगर

ADVT


# सन्तो का जीवन जीवो के कल्याण के लिए होता है मानव जीवन का असली उद्वेश्य आवागमन मुक्ति

### जस महाराज के नेतृत्व में प्रात:06 बजे से भगवान पूजन व गुरू पूजन अखण्ड हरिनाम संकीर्तन हुआ

**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** प्रेम प्रकाश आश्रम मार्ग वैशाली नगर में प्रेम प्रकाश मण्डल के सूरत के वरिष्ठ सन्त स्वामी ब्रम्हानन्द जी शास्त्री के 83 वे जन्मोत्सव के अवसर पर प्रेम प्रकाश आश्रम वैशालीनगर में दर्शन एवं पूजन,संकीर्तन कार्यक्रम मंगलवार को वैशाली नगर आश्रम मंक सन्त स्वामी रामप्रकाश और सन्त स्वामी जस महाराज के नेतृत्व में आयोजित किया गया।वरिष्ठ सन्त स्वामी ब्रम्हानन्द शास्त्री ने अपने प्रवचनो में कहा कि सन्तो का जीवन जीवो के कल्याण के लिए होता है उन्होने कहा कि मानव को मानव जीवन का असली उद्वेश्य समझते हुए समय रहते हुए उसका लाभ माता के गर्भ में आने के आवागमन से मुक्ति सन्तो के बताये मार्ग पर



चलकर प्राप्त करनी चाहिये।सन्त स्वामी जस महाराज ने बताया कि प्रात: काल 06 बजे से अखण्ड हरि नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया।सन्त स्वामी जस महाराज ने पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के महासचिव रमेश लाललानी को सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रात: काल 08 बजे से रूद्राभिषेक, श्रृंगार व आरती, प्रात: काल 10 बजे गौ पूजन, गुरू पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रेम प्रकाश मण्डल के सन्त स्वामी जस महाराज एवं रमेश लालवानी ने बताया कि सत्संग प्रवचनो का आयोजन, संकीर्तन, बधाई गीत और सन्त स्वामी ब्रम्हानन्द शास्त्री जी के 83वें जन्मोत्सव पर दर्शनो के साथ साथ गुरू पूजन के कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।सन्त स्वामी रामप्रकाश सन्त स्वामी नारायदास, सन्त स्वमी जस महाराज सहित अनेक अन्य सन्त सम्मिलत थे। कार्यक्रम के समापन्न पर आम भण्डारे लंगर प्रसादी का आयोजन भी किया। पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के अध्यक्ष राजेन्द्र मूरजानी, संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी, वैशाली नगर के अध्यक्ष दिनेश मूरजानी,कार्यकारी अध्यक्ष रमेश मूलचन्दानी उपाध्यक्ष अनिल आडवानी, गोविन्द लालवानी एवं अन्य ने बुधवार से सतगुरू स्वामी टेउंराम के पांच दिवसीय जन्मोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम का और सन्तो के आर्शीवाद का लाभ लेने की अपील की हैं।


**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर, जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक: न.पा.बि./निर्माण स्वी./2026/2408 दिनांक : 14.07.2026

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाईल नं. | आवेदक का नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 76 | स्नेहलता पत्नी तेजमल | महादेव रेजीडेन्सी ख.सं. 246 से 254 भू.सं. 30 | 116.12 Sq.MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी-नगरपालिका, बिजयनगर



**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर, जिला ब्यावर राज.**

गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर, टेलीफोन नम्बर -01462-230051, ईमेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक: न.पा.बि./69-ए/2026/2404 दिनांक : 14.07.2026

**आपत्ति आमन्त्रित सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-ए के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जाएंगे। अत: इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 07 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देंवे। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. | मकान मालिक का नाम | मौहल्ले का नाम | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1. | लाली देवी पत्नी नरेन्द्र कुमार माली | भंवर बाड़ी बिजयनगर ब्लॉक नं. 59 प्लॉट नं. 7 | 359.61 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी-नगरपालिका, बिजयनगर

## सम्पादकीय...

### प्रधान का बचाव क्यों



नीट परीक्षा का पर्चा आउट होने से लेकर अन्य कई तरह के आरोपों से घिरे केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर जहां जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन चल रहा है वहीं दूसरी ओर यहीं पर छात्रों के समर्थन में प्रसिद्ध शिक्षा विद पर्यावरण विद् सोनम वांगचुक पिछले 17 दिन से आमरण अनशन पर बैठे हैं उनके स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आ रही है लेकिन मंत्री जी अपने पद पर बने हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस के कई मंत्रियों को त्यागपत्र के लिए विवश कर दिया था विधानसभा लोकसभा कई दिन तक नहीं चलने दी गई। लेकिन यही भाजपा सत्ता में आने के बाद अपने किसी भी मंत्री को किसी भी दबाव में पद नहीं छोड़ने देती। चाहे मंत्री को कोर्ट ने दोषी मान लिया हो, चाहे मंत्री ने गलत बयान बाजी करी हो और पकड़ा गया हो, चाहे मंत्री की कोई बहुत चर्चित योजना फेल हो गई, काम में गड़बड़ पाई गई भ्रष्टाचार पाया गया, मंत्री के कामकाज में फैलियरनेस दिखाई दी परंतु कहीं भी किसी मंत्री पर गाज नहीं गिरी। नीट परीक्षा में मंत्री की असफलता सार्वजनिक हो चुकी है बड़ी बात तो यह है कि अभी पकड़े गए अपराधियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने पिछले साल भी पर्चा आउट किया था। इस वर्ष जो पर्चा आउट हुए और पहले भी जो हुए वह सब सब परचे सेट करने वालों ने किए थे । इस वर्ष नीट परीक्षा दोबारा की गई जिस पर करोड़ों रुपए सरकार का खर्च हुआ है इस बीच कम से कम दो दर्जन छात्रों ने आत्महत्या की इसका कलंक किसके ऊपर है। इस परीक्षा के परीक्षा आउट होने की नैतिक जिम्मेदारी शिक्षा मंत्री को लेनी चाहिए लेकिन उल्टा यह हो रहा है कि सब आमरण अनशन पर बैठे सोनम वांगचूक को अनशन खत्म करने की सलाह दे रहे हैं कोई सरकार को नहीं कह रहा है कि मंत्री का इस्तीफा ले लो।

*वैभव लोढ़ा...*

### इतिहास में आज

1916 : दुनिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग की शुरूआत.
1926 : बॉम्बे में पहली मोटरबस सेवा की शुरुआत.
1955 :राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने देश के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की.
1979 : भारत के प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने अपने पद से इस्तीफा दिया.

*-धर्म चंद मेहता*

### क्रॉस फायर

❑ राष्ट्रपति ट्रंप बोले ईरान को बुरी तरह मारेंगे और अमेरिका हॉर्मूज़ स्टेट का कंट्रोल संभालेगा।
◆इच्छा तो उनकी और भी है पर बात नहीं रहे हैं।

❑ रूस ने ईरान भेजा प्रलय विमान, अमेरिका के लिए बड़ा संदेश।
◆अब आएगा मजा आएगा अमेरिका का जब बराबर की टक्कर होगी।

❑सुप्रीम कोर्ट ने पोक्सो के दुरुपयोग पर चिंता जताई।
◆दुरुपयोग करने का मौका ही क्यों दो।

❑राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एस आई टी से रिपोर्ट मांगी।
◆ताकि असलियत तो मालूम पड़े।

❑लगातार छठे महीने देश में महंगाई बढ़ाकर 4.38 प्रतिशत पर पहुंची।
◆अभी तो देखे जाओ क्या हाल होगा।

❑कानून व्यवस्था को लेकर एक्शन मोड में मुख्यमंत्री भजनलाल कहा बदमाशों की रूह कापनी चाहिए।
◆अभी तो सरकार की  दिख रही है।

❑राजस्थान में मानसून 7 दिन में फिर रफ़्तार पकड़ेगा।
◆नहीं आएगा तो जवाब देना भारी पड़ जाएगा।

❑राजस्थान में ट्रांसपोर्टर की अनिश्चितकालीन हड़ताल 10000 ट्रकों के पहिए थमें।
◆परेशानी तो जनता को होनी है।

*.............अंजू लोढ़ा*

# राजस्थानी संस्कृति के अमर साधक के. सी. मालू  एक युग का अवसान, एक विरासत का अमरत्व



ललित गर्ग

कुछ व्यक्तित्व केवल अपने जीवनकाल तक सीमित नहीं रहते, वे अपने समय की सांस्कृतिक चेतना बन जाते हैं। उनके जाने के बाद भी उनकी साधना समाज की स्मृतियों, संस्कारों और परंपराओं में जीवित रहती है। राजस्थानी लोकसंगीत, भाषा, साहित्य और संस्कृति के ऐसे ही युगपुरुष थे केसरी चंद (के.सी.) मालू। उनका निधन केवल एक व्यक्ति का निधन नहीं है, बल्कि राजस्थान की सांस्कृतिक यात्रा के एक स्वर्णिम अध्याय का विराम है। उन्होंने अपने जीवन को जिस निष्ठा, समर्पण और तपस्वी भाव से राजस्थानी अस्मिता के संरक्षण में समर्पित किया, वह उन्हें सामान्य व्यक्तियों की श्रेणी से बहुत ऊपर स्थापित करता है। आज जब बाजारवाद और वैश्वीकरण की तेज आंधी में लोकसंस्कृतियां अपनी पहचान बचाने के लिए संघर्ष कर रही हैं, तब के. सी. मालू जैसे व्यक्तित्वों का महत्व और भी बढ़ जाता है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि यदि संकल्प दृढ़ हो तो एक अकेला व्यक्ति भी पूरी सांस्कृतिक धरोहर को विलुप्त होने से बचा सकता है। उन्होंने राजस्थानी लोकधुनों एवं लोकगीतों को केवल संग्रहित नहीं किया, बल्कि उन्हें नई पीढ़ी की धड़कनों तक पहुंचाया। उन्होंने संस्कृति को संग्रहालय की वस्तु नहीं बनने दिया, बल्कि उसे जनजीवन की सांसों से जोड़ दिया। निश्चित ही वे लोकधुनों के सजग प्रहरी थे, संस्कृतिप्रेमी एवं कला-साधक थे। संगीत उनके लिए केवल मनोरंजन नहीं था, बल्कि संस्कृति का प्राण था। उन्होंने हजारों लोकगीतों की पांडुलिपियां तैयार करवाई, ध्वनिलिपियां बनवाई, उनकी रिकॉर्डिंग करवाई और उन्हें सुरक्षित रखा। बिना किसी सरकारी सहायता के पांच हजार से अधिक लोकगीतों का संरक्षण अपने आप में विश्वस्तरीय सांस्कृतिक साधना है। यह कार्य किसी संस्थान के लिए भी कठिन माना जाता है, लेकिन उन्होंने इसे अपने जीवन का मिशन बना लिया। यही कारण है कि आज राजस्थान की अनेक लोकधुनें, विवाह गीत, मांड, पणिहारी, घूमर, चिरमी और असंख्य लोकगाथाएं सुरक्षित हैं। वीणा म्यूजिक की स्थापना केवल एक व्यावसायिक संस्था की स्थापना नहीं थी, बल्कि यह राजस्थान की आत्मा को स्वर देने का अभियान था। उस दौर में जब लोककलाकार गुमनामी के अंधेरे में खो रहे थे, उन्होंने उन्हें मंच दिया, सम्मान दिया और पहचान दी। अनेक कलाकार, जिनकी प्रतिभा गांवों तक सीमित थी, उनके प्रयासों से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचे। उन्होंने सिद्ध कर दिया कि लोककला किसी क्षेत्र की सीमाओं में कैद नहीं होती, बल्कि वह पूरी मानवता की सांस्कृतिक धरोहर होती है। ऐसा प्रतीत होता है उनके जीवन की हर पात में संगीत की झंकार है। राजस्थानी संस्कृति, संगीत एवं लोकधुनों से जहां-जहां साक्षात्कार होगा, वहां-वहां के.सी. मालू के कदमों के निशान मिलेंगे। उनका मन एवं कर्म सृजनात्मक था। के.सी. मालू की दृष्टि केवल संगीत तक सीमित नहीं थी। वे राजस्थानी भाषा के भी प्रखर प्रहरी थे। उनका मानना था कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं होती, बल्कि वह किसी समाज की आत्मा और उसकी सांस्कृतिक स्मृति होती है। राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिलाने के लिए उन्होंने जो संघर्ष किया, वह उनके सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं अपनी माटी के प्रति समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने देश और विदेश के अनेक मंचों पर राजस्थानी भाषा की गरिमा और उसकी समृद्ध साहित्यिक परंपरा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनके व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वे प्रसिद्धि के शिखर पर पहुंचकर भी विनम्र बने रहे। उनके भीतर कलाकार का संवेदनशील हृदय, साहित्यकार की दृष्टि और समाजसेवी की आत्मीयता एक साथ दिखाई देती थी। वे जानते थे कि संस्कृति केवल पुस्तकों या मंचों से जीवित नहीं रहती, बल्कि लोगों के जीवन में उतरने से जीवित रहती है। इसलिए उन्होंने लोकसंगीत को गांवों से निकालकर शहरों तक और भारत से निकालकर विश्वभर के राजस्थानी समाज तक पहुंचाया। वर्ष 1987 में अकाल पीड़ितों की सहायता के लिए लता मंगेशकर नाइट का आयोजन कर एक करोड़ रुपये की सहायता राशि जुटाना उनके सामाजिक दायित्वबोध का अद्भुत उदाहरण है। यह बताता है कि उनके लिए संगीत केवल कला नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम भी था। उन्होंने अपने संसाधनों और प्रतिष्ठा का उपयोग समाजहित के लिए किया। आज जब कला का बड़ा हिस्सा केवल व्यवसाय बनता जा रहा है, तब के.सी. मालू का जीवन यह संदेश देता है कि कला का सर्वोच्च उद्देश्य समाज को समृद्ध बनाना है। उनके द्वारा संकलित 221 राजस्थानी विवाह गीतों का विशाल संग्रह विश्व में अपनी तरह का अनूठा उदाहरण है। यह केवल गीतों का संग्रह नहीं, बल्कि राजस्थान की सामाजिक परंपराओं, पारिवारिक संस्कारों और सांस्कृतिक स्मृतियों का जीवंत दस्तावेज है। उन्होंने यह समझ लिया था कि यदि लोकगीत बचेंगे तो लोकजीवन भी बचेगा। इसलिए उन्होंने संगीत के माध्यम से संस्कृति की रक्षा का महान कार्य किया। मेरा उनसे संबंध केवल एक प्रशंसक का नहीं था, बल्कि आत्मीयता का था। मेरे पूज्य पिताजी स्व. श्री रामस्वरूप जी गर्ग जब भी जयपुर जाते थे, तो के.सी. मालू जी से अवश्य मिलते थे। दोनों के बीच साहित्य, संस्कृति, जैन दर्शन और समाज के विविध विषयों पर लंबी चर्चाएं होती थीं। उन चर्चाओं का उल्लेख मैं बचपन से सुनता आया हूं। उन संवादों में केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं होता था, बल्कि संस्कृति के भविष्य की चिंता और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भाव भी दिखाई देता था। बाद में मुझे भी उनसे मिलने और उनके स्नेह का लाभ लेने का अवसर मिला। उनकी सहजता, आत्मीयता और विचारों की गहराई आज भी स्मृतियों में ताजा है। वे जब भी राजस्थान की संस्कृति की बात करते थे, उनके शब्दों में केवल जानकारी नहीं होती थी, बल्कि मातृभूमि के प्रति अगाध प्रेम झलकता था। वे मानते थे कि अपनी जड़ों से जुड़ा समाज ही भविष्य का निर्माण कर सकता है। शायद यही कारण था कि उन्होंने आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए भी परंपरा को कभी नहीं छोड़ा। उन्होंने डिजिटल माध्यमों पर भी राजस्थानी संगीत को स्थापित किया, जिससे दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाला राजस्थानी अपनी मिट्टी की सुगंध को महसूस कर सके। आप एक सेतु बन सकते हैं खूबसूरत, जिन्दगी बांचने वाला एवं संस्कृति-संरक्षण करने वाला पुल। हम एक साथ मिलकर जीवन को संस्कृतिमय बना सकते हैं, जीवन में आने वाली बाधाओं को दूर कर सकते हैं, अंधेरों के बीच रोशनी बन सकते हैं। इसी सोच के साथ 'वीणा' के संस्थापक के. सी. मालू का जीवन हमें यह भी सिखाता है कि महानता पद, सत्ता या संपत्ति से नहीं आती, बल्कि उस विरासत से आती है जो व्यक्ति समाज को देकर जाता है। उन्होंने अपने पीछे न केवल हजारों गीतों का खजाना छोड़ा है, बल्कि असंख्य कलाकारों की मुस्कान, लाखों श्रोताओं की स्मृतियां और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का एक अमूल्य स्रोत भी छोड़ा है। यही किसी भी जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि होती है। आज उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए मन बार-बार यही कहता है कि कुछ लोग शरीर से विदा होते हैं, किंतु अपने कार्यों के कारण कभी विदा नहीं होते। के. सी. मालू भी ऐसे ही अमर व्यक्तित्व हैं। जब भी राजस्थान की धरती पर घूमर की थाप गूंजेगी, मांड की मधुर स्वर-लहरियां बहेंगी, विवाह गीतों में लोकसंस्कृति का उल्लास झलकेगा, तब-तब उनकी साधना स्मरण की जाएगी। वे हर उस स्वर में जीवित रहेंगे, जिसमें राजस्थान की माटी की सुगंध होगी। मालू का जीवन एक संदेश है कि संस्कृति का संरक्षण किसी सरकार का नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक सजग व्यक्ति का दायित्व है। यदि एक व्यक्ति संकल्प ले ले तो वह पूरी पीढ़ियों की सांस्कृतिक स्मृति को सुरक्षित रख सकता है। के.सी. मालू ने यही करके दिखाया। इसलिए उनका जाना केवल एक रिक्तता नहीं, बल्कि एक ऐसी जिम्मेदारी छोड़ गया है जिसे समाज को मिलकर निभाना होगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे पुण्यात्मा के. सी. मालू को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा उनके परिजनों, असंख्य शुभचिंतकों और समस्त कला-जगत को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उनके द्वारा प्रज्वलित संस्कृति, संगीत और भाषा का यह दीपक आने वाली पीढ़ियों को सदैव आलोकित करता रहेगा।

# प्रभाष जोशी की जयंती पर विशेषः पत्रकार को लिखे हुए को बेचना भी आना चाहिए



सुरेश पारीक

मैं अपनी बात राजस्थान के उपमुख्यमंत्री रहे हरिशंकर भाभडा से शुरू कर रहा हूँ ।एक दिन मैं भाजपा कार्यालय में था तब भाभडा जी एक कार्यकर्ता को डाँट रहे थे कि तुम्हारे पास मंहगी गाड़ी कहाँ से आ गई । उन्होंने मुझे बताया कि मैं जानता हूँ इसके पास कमाई का कोई ज़रिया नही है फिर भी मंहगी गाड़ी में घूम रहा है ।भाभडा जी को लगा कि उनकी पार्टी का कार्यकर्ता किस अनैतिक कमाई में लग गया ।भाभडा जी के निधन के बाद मैंने लिखा था कि कार्यकर्ताओं पर नज़र रखने वाले अब ऐसे नेता कहाँ भाइयों प्रभाष जी भी ऐसे पत्रकार थे जो पत्रकारों पर नज़र रखते थे कि कहीं अनैतिक कार्यों से वह पैसे तो नही कमा रहा है । जनसत्ता के अलावा भी अन्य पत्रकारों पर उनका नैतिक प्रभाव था कि कहीं जोशी जी की नज़र में गिर नहीं जाये ।एक बार तब के गोदी मिडिया ने मेरे बारे में उन्हें ग़लत जानकारी दे दी ।जब वह जयपुर आए तो मुझे कहा कि तुम भी मकान वकान के चक्कर में पड़ गए मैंने मना किया और किसी बहाने  उन्हें अपने घर ले गया और तब मेरा किराए का मकान देखकर संतोष हुआ । उनके मन में यही था कि पत्रकारिता में आये हैं तो उसके काम में इतना लग जाओ कि मेहनत और प्रतिभा का यादा से ज़्यादा प्रभाव नज़र आए । मैंने सिददराज  ढडढा जी से भी सुना था कि पत्रकारिता एक साधना हैं जिसके तप में निखरने पर ही कोई अपना महत्वपूर्ण सर्वस्व समाज को दे सकता है ।
आपने एक मौलवी का क़िस्सा सुना होगा जिसमें उनके घरवालों ने पड़ौसी की मुर्गी को हलाल कर लिया था ।मौलाना के मना करने पर उनकी पत्नी ने कहा कि चलो शोरबा तो ले लो और जब वह थाली में डालने लगीं तो एक बोटी उसमें गिर गई ।जब पत्नी बेटी को उठाने लगी तो मौलाना ने कहा कि जो अपने आप आती है तो  उसे आने दो ।जो आपकी ईमानदारी और परिश्रम से आता है तो उसका कोई दोष नही है लेकिन आज आपाधापी में आप जो कर रहे है उससे स्वार्थ सिद्धी तो हो रही हैं लेकिन वह सम्मान नहीं मिलता जिसके लिए आप लालायित रहते हैं ।बहुत से लोगों को सम्मान चाहिए भी नहीं इसलिए सब तरफ़ गिरावट नज़र आ रही हैं ।पत्रकारिता ही नहीं किसी भी पेशे का सम्मान तभी होगा जिसमें तपस्वी ईमानदार लोगों काँ वर्चस्व बढ़ेगा ।जोशी जी को भी हम आज  इसलिए याद कर रहें है क्योंकि उन्होंने अपनी  ईमानदारी त्याग तपस्या से पत्रकारिता को ऊंचाइयों पर लाने में सफल रहे ।मैं इतने उच्च आदर्श की बात नहीं करूँ तो अपनी गिरेबान में झाँकने की बात तो कर ही सकता हूँ ।सरकार राजनीतिक दल न्याय व्यवस्था चिकित्सा ,पत्रकारिता या नौकरशाही सब  छेत्र में ऐसे लोगों की ज़रूरत है जो अपनी कमियाँ बता सके और उसे ठीक करने का प्रयास करें ।गलती होने पर अपनी पीठ पर कोड़े मार करउसका पश्चाताप कर सके ।लेकिन यह साहस कोई करता है तो उसकी बिरादरी में ही सबसे पहले खिलाफत शुरू होती है ।यह भी समाज में गिरावट का प्रतीक है । आज बहुत से लोग गोदी मीडिया की बात करते है मैं इससे इंकार नहीं कर रहा लेकिन सरकार की आलोचना के अलावा भी बहुत से काम हैं जिनसे मीडिया अपनी ताक़त बढ़ा सकता हैं ।हम सोचते है कि सरकार की वजह से मीडिया में गड़बड़ है लेकिन मेरा मानना है कि सत्ता किसी भी दल की हो वह अपने सामने कोई भी ताक़त खड़ी होते नहीं देखना चाहती । पहले यह कहा जाता था कि मीडिया पूँजीपतियों के हाथ में है और काग़ज़ स्याही मशीन पर लगने वाली पूंजी अधिक होने के कारण बहुत कम पत्रकार ही अख़बार निकालने का साहस दिखाते थे लेकिन आज स्याही काग़ज़ मशीन के बिना भी डिजिटल मीडिया खड़ा हो सकता हैं ।
पहले की तरह दिमाग़ आपका ही इस्तेमाल हो रहा है लेकिन स्थिति में कोई बदलाव नही आया ।यदि अच्छे पत्रकारों के समूह खड़े हो जाए तो पत्रकारिता मज़बूत हो सकती हैं लेकिन कुछ पत्रकारों का मानना है कि वह लिख सकते है लेकिन बेचने का काम नहीं कर सकते लेकिन मेरा मानना है कि तस्वीर बदलनी है तो उसके लिए हर उपाय करने होंगे जो उसकी ज़रूरत है ।आज रोज़गार की पत्रिकारिता का बोलबाला है इसमें रोज़गार दिलाने वाले संस्थान खड़े हो रहे जो रोजमर्रा की पत्रकारिता सिखा रहे हैं लेकिन जो गहराई  चाहिए उस तक पहुँच नहीं हैं ।यही कारण हैं कि आज प्रेस क्लब और संगठनों में ऊँची सोच के लोगों का अभाव है जो कुछ पाने के लिये गरिमा का भी त्याग करने के लिए तैयार  रहते हैं ।मैं मानता हूँ कि पत्रकार की भूमिका एक शिक्षक की होगी तब ही समाज को उसकी बुराइयों से दूर किया जा सकता है लेकिन सिखाने वाले की सोच और दृष्टि भी उसी तरह की हों तब ही समाज आपसे सीखने के लिये तैयार होगा अन्यथा आप पर हँसने वालों की कमी नही रहेगी ।

# विश्व युवा कौशल दिवस : हुनर ही भविष्य की पहचान है



बाल मुकुन्द ओझा

विश्व युवा कौशल दिवस हर साल 15 जुलाई को दुनियाभर में मनाया जाता है। इस दिवस  का उद्देश्य युवाओं को कौशल विकास के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने के लिए किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2014 में  युवाओं को रोजगार, अच्छे कार्य और उद्यमिता के लिए कौशल से लैस करने के रणनीतिक महत्व को मनाने के लिए 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के रूप में घोषित किया था। 15 जुलाई 2026 को विश्व युवा कौशल दिवस की 11 वीं वर्षगांठ है। इस दिवस की शुरुआत इसलिए की गई ताकि वैश्विक स्तर पर कौशल की कमी की ओर ध्यान दिया जा सके, जो कई युवाओं को अच्छे रोजगार पाने और समाज में पूरी भागीदारी से वंचित करती है। आज की तेजी से बदलती दुनिया में, शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल का होना जरुरी है। तकनीकी प्रगति, वैश्विक अर्थव्यवस्था और बदलते कार्यस्थलों के कारण युवाओं को लगातार नए कौशल सीखने और अपने मौजूदा कौशल को निखारने की जरूरत है। एक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 26.7 करोड़ युवा हृश्वश्वञ्ज यानि रोज़गार, शिक्षा या प्रशिक्षण में नहीं है की श्रेणी में हैं, और यह संख्या 27.3 करोड़ तक पहुँचने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। यह दिवस यह भी दर्शाता है कि कौशल विकास सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति, गरीबी उन्मूलन और आर्थिक वृद्धि के लिए आवश्यक है। यह तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा को युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए एक सशक्त माध्यम के रूप में प्रोत्साहित करता है। हुनर ही भविष्य की सबसे बड़ी पहचान है। हर नई स्किल सफलता का मार्ग खोलती है। सीखना सतत जारी रखना होगा। आज का कौशल, कल की ताकत है। मेहनत और हुनर कभी व्यर्थ नहीं जाते। कौशल ही रोजगार का सबसे मजबूत आधार है। भारत की तेजी से बढ़ती आबादी का 65 प्रतिशत हिस्सा 35 वर्ष से कम आयु का है, और उनमें से कई लोगों के पास आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक कौशल का अभाव है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हर साल लगभग एक करोड़ युवा कार्यबल में प्रवेश करते हैं और उनमें से केवल आधे ही रोज़गार के योग्य माने जाते हैं, ऐसे में कौशल-आधारित, उद्योग-केंद्रित शिक्षा मॉडल की आवश्यकता पहले कभी इतनी ज़रूरी नहीं थी, लेकिन, अब इस अंतर को पाटना केवल एक आर्थिक अनिवार्यता नहीं है, यह एक राष्ट्रीय मिशन है। भारत सरकार भी युवाओं को कौशल में प्रवीण बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है, जैसे प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, स्किल इंडिया मिशन आदि। इन योजनाओं का लक्ष्य युवाओं को विभिन्न उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। मोदी मंत्रिमंडल ने केंद्रीय क्षेत्र योजना कौशल भारत कार्यक्रम को वर्ष 2026 तक जारी रखने और पुनर्गठन को मंजूरी दी है। कौशल भारत कार्यक्रम में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रोत्साहन योजना और जन शिक्षण संस्थान योजना शामिल है। वर्ष 2022-23 से 2025-26 की अवधि के लिए कौशल भारत कार्यक्रम का परिव्यय 8,800 करोड़ रुपये है। समस्या केवल नौकरी की कमी नहीं है—बल्कि शिक्षा प्रणाली और श्रम बाजार की ज़रूरतों के बीच मेल न होना है। साथ ही उचित क्रियान्वयन, उद्योग से तालमेल और नतीजों की निगरानी। कौशल विकास कार्यक्रम नतीजों में बदलने चाहिए, केवल घोषणाओं में नहीं। एक अन्य रिपोर्ट में भारत में बेरोजगारी पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। भारत में बेरोजगारी एक गंभीर और दीर्घकालिक समस्या है, जो तेज जनसंख्या वृद्धि, कम उत्पादकता, अशिक्षा और आर्थिक संरचनात्मक असंतुलन जैसे कारणों से उत्पन्न होती है। इसके समाधान के लिए भारत सरकार ने विभिन्न रोजगार सृजन कार्यक्रमों जैसे ग्रामीण विकास योजनाएँ। स्वरोजगार योजनाएँ और शहरी गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम लागू किए हैं, जिन्होंने रोजगार बढ़ाने और जीवन स्तर सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भ्रष्टाचार, जागरूकता की कमी, राजनीतिक हस्तक्षेप और निजी क्षेत्र की सीमित भागीदारी जैसी चुनौतियाँ इन योजनाओं की प्रभावशीलता को प्रभावित करती हैं।  इसलिए आवश्यक है कि कौशल विकास पर सही ढंग से ध्यान दिया जाये तो तो भारत बेरोजगारी की समस्या को काफी हद तक कम कर सकता है और समावेशी एवं सतत आर्थिक विकास प्राप्त कर सकता है।

# राहुल के गुप्त विदेशी दौरे की कीमत चुकाती कांग्रेस



संजय सक्सेना

लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी 20 दिनों की गोपनीय यात्रा के बाद भारत वापस आ गये हैं।  इस यात्रा के खिलाफ बीजेपी ने राहुल गांधी से कई सवाल पूछे हैं। भाजपा मीडिया सेल ने सवाल किया है कि राहुल गांधी बतायें कि वह 20 दिनों तक कहां रहे,किस किस से मिले और उनकी यात्रा का खर्चा किसने उठाया। वैसे यह पहली बार नहीं हुआ है कि जब राहुल गांधी की विदेष यात्रा को लेकर बघेड़ा खड़ा हुआ है। राहुल अक्सर बिना बतायें विदेष दौरे पर चले जाते हैं। इस दौरान वह अपनी सुरक्षा की भी चिंता नहीं करते हैं। कई बार तो वह अपने सुरक्षा कर्मियों तक को चकमा देकर निकल जाते हैं। राहुल गांधी के लम्बे समय तक विदेष चले जाने के कारण कांग्रेस को संगठनात्मक फैसले लेने में काफी परेषानियों का सामना करना पड़ता है। पंजाब कांग्रेस का विवाद इसका ताजा उदाहरण है,जो राहुल गांधी के विदेष दौर के चलते सुलझ नहीं पाया है। राहुल गांधी को विदेष से लौटने के साथ ही, उन्हें भाजपा के तीखे सवालों का सामना करना पड़ रहा है। यह कोई पहला मौका नहीं है जब राहुल गांधी की विदेश यात्राएं विवादों में घिरी हों; अक्सर उनकी गायब होने की शैली और उससे उपजे राजनीतिक संकट कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ी पहेली और चुनौती बनते रहे हैं। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने राहुल गांधी के इस दौरे को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। भाजपा का तर्क है कि एक प्रमुख विपक्षी नेता के रूप में राहुल गांधी की गतिविधियों पर देश के लोगों का अधिकार है। भाजपा द्वारा उठाया जा रहा है कि राहुल गांधी इन 20 दिनों तक वास्तव में कहाँ थे? इस दौरान उनकी मुलाकात किन विदेशी हस्तियों, संगठनों या संदिग्ध व्यक्तियों से हुई? इस लंबी यात्रा का वित्तीय स्रोत क्या था और इसका खर्च किसने उठाया? सवाल यह भी पूछा गया है कि क्या राहुल गांधी का अपनी सुरक्षा टीम को चकमा देकर चले जाना, उनकी सुरक्षा प्रोटोकॉल के प्रति लापरवाही को नहीं दर्शाता है। राहुल या उनकी पार्टी इन सवालों का जबाव देगी,इसकी उम्मीद नहीं है। दरअसल,राहुल का अचानक विदेश यात्राओं पर जाना उनकी कार्यशैली का एक हिस्सा रहा है। अतीत में भी ऐसी कई यात्राएं विवादों का केंद्र रही हैं। अबकी यात्रा की तरह ही 2015 में बजट सत्र के ठीक पहले राहुल गांधी की कई हफ्तों की गुमशुदगी ने कांग्रेस को बैकफुट पर ला दिया था। उस समय पार्टी रणनीतिक रूप से कमजोर दिखाई दी थी। इसके अलावा भी कई बार राहुल गांधी व्यक्तिगत कारणों से यूरोप की यात्राओं पर जाते रहे हैं, जिनकी जानकारी कांग्रेस पार्टी भी आधिकारिक रूप से साझा करने से बचती है, जिससे अटकलों का बाजार गर्म रहता है।  सुरक्षा एजेंसियों के सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी अक्सर अपनी एसपीजी सुरक्षा या वर्तमान सुरक्षा को सूचित किए बिना निजी यात्राओं पर निकल जाते हैं, जो उनके पद की गरिमा और सुरक्षा मानकों के लिहाज से जोखिम भरा है। वहीं राहुल गांधी का लंबे समय तक पार्टी से दूर रहना कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे के लिए कई समस्याओं को जन्म देता है। खासकर पार्टी के भीतर निर्णय लेने की प्रक्रिया में ठहराव आ जाता है। कांग्रेस की कार्यप्रणाली राहुल गांधी के इर्द-गिर्द घूमती है। उनके न होने से पार्टी में बड़े फैसले अटक जाते हैं। पंजाब कांग्रेस का हालिया अंतर्कलह इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। जब पार्टी को संकट प्रबंधन की जरूरत थी, उस वक्त नेतृत्व की अनुपलब्धता ने स्थिति को और बिगड़ने दिया। इसी तरह से कार्यकर्ताओं का मनोबल भी गिरता है जब चुनाव के ठीक पहले या महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम के बीच शीर्ष नेता गायब हो जाता है, तो नीचे के स्तर के कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता है। और उनमें नेतृत्व के प्रति असुरक्षा की भावना पैदा होती है। भाजपा राहुल गांधी के इस व्यवहार को पार्ट-टाइम पॉलिटिक्स के रूप में प्रचारित करती है। इससे कांग्रेस को यह समझाने में मुश्किल होती है कि वह देश की समस्याओं को लेकर कितनी गंभीर है। राहुल के विदेष दौरे के खिलाफ बीजेपी हमलावार रहती है तो कांग्रेस इन आरोपों को राहुल गांधी के निजी जीवन में दखल बताती है।

### आज का राशिफल

**बुधवार 15 जुलाई , 2026**

**मेष राशि:** लंबे समय से अटके रोजगार से संबंधित कार्य पूरे होंगे। नौकरी में कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। आलस्य, प्रमाद से बचें। यात्रा से धन प्राप्त होगा।

**वृषभ राशि:** अनजाने में हुई गलती से दुखी होंगे। कार्यस्थल पर नई जिम्मेदारी मिल सकती है। समय मध्यम रहेगा। परिस्थिति में पहले से कुछ सुधार होगा।

**मिथुन राशि:** कारोबार विस्तार के लिए समय उपयुक्त है। जिस काम को हाथ में लेंगे, उसमें सफलता जरुर मिलेगी। भावनात्मक स्तर पर महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ सकते हैं। आपके कार्य की प्रशंसा होगी।

**कर्क राशि:** तकनीकी खराबी के कारण आप के कार्य लंबित होंगे। आपकी लापरवाही से कार्यक्षेत्र में समस्या उत्पन्न हो सकती है। व्यस्तता के कारण निजी जीवन में उथल-पुथल संभव है।

**सिंह राशि:** आपको पिता के स्वास्थ्य की चिंता बनी रहेगी। पुराने रोगों से परेशान रहेंगे। प्रभावशाली व्यक्तियों से लाभ मिलेगा। संपर्क क्षेत्र का विस्तार होगा। नौकरी में बदलाव होगा।

**कन्या राशि:** परिवार में शुभ प्रसंग के अवसर आयेंगे। परिजनों के सहयोग से ही कार्य होगा। भाग्य साथ देगा और आप को समस्या का समाधान होगा। जिस किसी पर आप शंका कर रहे हैं, वह गलत है।

**तुला राशि:** कई दिनों से अधूरे काम आज पूरे होंगे। धन की स्थिति में सुधार होगा। परिवार में शुभ प्रसंग होंगे तथा स्वास्थ्य में सुधार होगा। चित्त प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक राशि:** आपकी मनमर्जी के कारण नुकसान होने की संभावना है। अपने व्यवहार में नर्मी लायें। यात्रा के योग है। नकारात्मकता हावी होने से निर्णय लेने में विलंब होगा।

**धनु राशि:** किसी की भी निंदा न करें। अपनों से व्यवहार कमजोर होगा। दोस्तों के साथ मनोरंजन आदि में समय व्यतित होगा। व्यापार में नई योजनाओं का शुभारंभ होगा। कार्यक्षेत्र में सामंजस्य जरूरी है।

**मकर राशि:** साझेदारी में धन का निवेश लाभकारी रहेगा। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति करेंगे। स्थानादि परिवर्तन के योग बनेंगे। स्त्री पक्ष से विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कुम्भ राशि:** कारोबार में समय व परिस्थिति में सुधार होगा। कम समय में काम को पूरा करेंगे। शुभ समाचार प्राप्त होगा। लेखा-जोखा के कार्य में विशेष सावधानी बरतें।

**मीन राशि:** तेल तिलहन में धन निवेश करते समय सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आपका समय शुभ व अनुकूल होगा। घर में शुभ व मांगलिक कार्यों की योजना बनेगी। संतान के वैवाहिक प्रस्ताव सफल होंगे।



राजेन्द्र गुप्ता
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

### श्रावण मास में होगा ढाबेश्वर महादेव का भव्य श्रृंगार, महाकाल स्वरूप में निकलेगी शाही सवारी

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** निंबाहेड़ा नगर मे आगामी श्रावण मास के अवसर पर आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजनों की तैयारियों को लेकर ढाबेश्वर महादेव व्यायामशाला में बैठक आयोजित की गई। बैठक में महंत शिवानंद गिरी ने श्रावण मास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा की सभी से सेवा, अनुशासन एवं समर्पण भाव के साथ किसी भी कार्य को करना चाहिए। वहीं अखाड़े के उस्तादों ने कार्यक्रमों की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं जिम्मेदारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को भगवान ढाबेश्वर महादेव का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। तथा श्रावण मास के चौथे सोमवार को महादेव की महाकाल स्वरूप में नगर के प्रमुख मार्गो से शाही सवारी निकाली जाएगी। वहीं पांचवें सोमवार को पारंपरिक अखाड़े का प्रदर्शन किया जाएगा। इसी क्रम मे युवाओं को प्रोत्साहित करने एवं पारंपरिक अखाड़ा संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता तथा मुगदर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

## पूज्या अर्हत रेखा जी म.सा. की निश्रा में त्रिदिवसीय आध्यात्मिक शिविर सम्पन्न

# महिला शक्ति ने उत्साहपूर्वक लिया भाग, जिनशासन, आत्मस्वरूप एवं आदर्श श्राविका जीवन के सूत्रों से हुआ जीवन आलोकित

**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** पूज्या अर्हत रेखा जी म.सा. की पावन निश्रा में आयोजित त्रिदिवसीय आध्यात्मिक एवं व्यक्तित्व विकास शिविर श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ सम्पन्न हुआ। शिविर में सकल जैन समाज की महिला शक्ति ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए धर्म, संस्कार एवं आत्मजागरण के विविध आयामों का लाभ प्राप्त किया। प्रथम दिवस 'जिन शासन मेरा प्राण है' का प्रेरक संदेश शिविर के प्रथम दिवस का मुख्य विषय जिन शासन मेरा प्राण है रहा। पूज्या साध्वी भगवंत ने अत्यंत प्रभावी एवं प्रेरणादायी शैली में समझाया कि मैत्रीभाव को अपनाकर पंथवाद जैसी संकीर्ण सोच को समाप्त करते हुए जिनशासन की महिमा को जीवन में सार्थक करना ही सच्ची आराधना है। साथ ही चातुर्मास मैनेजमेंट का प्रथम सोपान भी सरल एवं व्यवहारिक रूप में समझाया गया। प्रश्नोत्तरी, क्विज गेम तथा संगीतमय योग मुद्राओं ने वातावरण को आनंदमय बना दिया। प्रथम दिवस के लाभार्थी शांतिलाल जी, चेतन जी एवं नमन जी मारवाड़ी परिवार रहे। द्वितीय दिवस 'मैं शुद्ध स्वरूप आत्मा हूँ' का आत्मबोधदूसरे दिन का विषय मैं शुद्ध स्वरूप आत्मा हूँ रहा। पूज्या जी ने सरल एवं सहज भाषा में आत्मा के वास्तविक स्वरूप का बोध कराते हुए बताया कि प्रत्येक श्राविका को अपने स्वभाव और व्यवहार में सरलता, विनम्रता एवं पवित्रता अपनानी चाहिए। चातुर्मास मैनेजमेंट के द्वितीय चरण की भी प्रेरक जानकारी दी गई। एल्फाबेट पेपर गेम, संगीतमय योग एवं अन्य रोचक गतिविधियों के माध्यम से सभी प्रतिभागियों ने उत्सा हपूर्वक सहभागिता की। द्वितीय दिवस का लाभ सकल श्रीसंघ ने प्राप्त किया। तृतीय दिवस रू 'मैं प्रभु की श्राविका हूँ' का प्रेरणादायी संदेश शिविर के अंतिम दिवस का विषय मैं प्रभु की श्राविका हूँ रहा।

पूज्या अर्हत रेखा जी म.सा. ने सतियों के प्रेरणादायी उदाहरणों के माध्यम से बताया कि एक महिला किस प्रकार आदर्श श्राविका बनकर अपने जीवन को धर्ममय बना सकती है। साथ ही आगामी चातुर्मास में किन विशेष बातों का ध्यान रखते हुए अधिकाधिक धर्म



आराधना करनी चाहिए, इस पर भी विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। तृतीय दिवस के लाभार्थी सतीश, नीतू, अक्षिता एवं अक्षत बाबेल परिवार रहे। त्रिदिवसीय शिविर का समापन पूज्या अर्हत रेखा जी म.सा. के मंगलिक के साथ भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। तीनों दिनों तक महिला शक्ति की उल्लेखनीय उपस्थिति, अनुशासित सहभागिता एवं धर्म के प्रति उत्साह ने शिविर को अत्यंत सफल एवं अविस्मरणीय बना दिया। उपस्थित श्राविकाओं ने ऐसे आध्यात्मिक एवं संस्कारप्रधान शिविरों के नियमित आयोजन की भावना व्यक्त करते हुए इसे चातुर्मास की प्रेरणादायी शुरुआत बताया।

# शूटिंग चैंपियनशिप में हिरण्या ने जीता रजत, इंडिया टीम के लिए ट्रायल देने की तैयारी

**भेरूंदा (हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर में आयोजित हुई डिस्ट्रिक्ट शूटिंग चैंपियनशिप 10 मीटर एयर रायफल में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ी हिरण्या ने रजत पदक पर निशाना साधा है। पूर्व में नेशनल प्लेयर रह चुकीं सौम्या ने इस चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए एक बार फिर साबित कर दिया कि वे आने वाले समय में देश के लिए बड़ा नाम करने का माद्दा रखती हैं। तीन दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता में जिलेभर से दर्जनों प्रतिभावान निशानेबाजों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। हर राउंड के साथ मुकाबला और रोमांचक होता गया, लेकिन हिरण्या ने अपने संयम, सटीक निशाने और



शानदार अनुभव के दम पर फाइनल मुकाबले में अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल किया और सिल्वर मेडल अपने नाम किया। हिरण्या अभी करणी शूटिंग अकादमी में कोच मनोज शर्मा के निर्देशन में इंडिया टीम के लिए ट्रायल देने की तैयारियों में जुटी हैं। पहले भी नेशनल स्तर पर दिखा चुकी हैं दम-जीत के बाद खेल विशेषज्ञ और कोच मनोज शर्मा ने कहा कि हिरण्या का पूर्व में रहा नेशनल लेवल का अनुभव इस प्रतियोगिता में उनके बहुत काम आया। बड़े मंचों पर खेलने के दबाव को उन्होंने बेहद सूझबूझ से संभाला। हिरण्या ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और कोच को दिया।

## इटली में वैज्ञानिक मंच पर चमकेगा भीलवाड़ा

### डॉ. अभिषेक सक्सेना को ANRF से अंतरराष्ट्रीय यात्रा अनुदान



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** संगम विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं उप अधिष्ठाता (अनुसंधान) डॉ. अभिषेक सक्सेना को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। भारत सरकार के अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (हत्रन्र) ने उन्हें प्रतिष्ठित इंटरनेशनल ट्रैवल सपोर्ट (ढ्ढञ्जस्) स्कीम के तहत इटली में आयोजित होने वाली 46वीं ष्ठद्दस्ऋक्र साइंटिफिक असेंबली में भाग लेने और शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए यात्रा अनुदान स्वीकृत किया है। यह प्रतिष्ठित सम्मेलन 1 से 9 अगस्त 2026 तक इटली के फ्लोरेंस शहर में आयोजित होगा, जिसमें दुनिया भर के अंतरिक्ष विज्ञान, वायुमंडलीय विज्ञान और पृथ्वी विज्ञान के अग्रणी वैज्ञानिक हिस्सा लेंगे। डॉ. सक्सेना इस मंच पर अपने शोध कार्य का प्रस्तुतीकरण करेंगे और अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों के साथ नवीनतम शोध विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। हत्रन्र द्वारा जारी स्वीकृति के अनुसार, डॉ. सक्सेना को भारत से इटली तक आने-जाने का इकोनॉमी क्लास हवाई किराया, एयरपोर्ट टैक्स और वीज़ा शुल्क प्रदान किया जाएगा। यह योजना उत्कृष्ट भारतीय शोधकर्ताओं को वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित की जाती है। डॉ. सक्सेना ने इस उपलब्धि का श्रेय संगम विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, प्रबंधन, अनुसंधान प्रकोष्ठ, सहकर्मी शिक्षकों और अपने शोधार्थियों को दिया। उन्होंने कहा कि यह अवसर न केवल उनके लिए बल्कि पूरे विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है, जिससे संस्थान की अंतरराष्ट्रीय शोध पहचान और मजबूत होगी। गौरतलब है कि डॉ. अभिषेक सक्सेना वायुमंडलीय विज्ञान, वायु प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और उपग्रह आधारित पर्यावरणीय अनुसंधान के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उनके शोध कार्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर व्यापक रूप से प्रकाशित और प्रस्तुत हो चुके हैं।

### महावीर इंटरनेशनल पद्मिनी ने पुण्यस्मृति में की गौसेवा, गौशाला में गायों को खिलाई लापसी व चारा

**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** महावीर इंटरनेशनल पद्मिनी द्वारा सेवा कार्यों की श्रृंखला के अंतर्गत स्वर्गीय मदनलालजी छाजेड़ की पुण्यस्मृति में गौसेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वीरा सुमन अमन छाजेड़ के सौजन्य से जैन दिवाकर कमल गौशाला में गायों को लापसी एवं हरा चारा खिलाकर गौसेवा की गई। पद्मिनी की चेयरपर्सन वीरा अनिता सोनी ने बताया कि संस्था द्वारा नियमित रूप से सेवा, संस्कार एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में आयोजित गौसेवा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वीराओं एवं सदस्यों ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। उक्त जानकारी देते हुए महावीर इंटरनेशनल पद्मिनी की कोषाध्यक्ष वीरा प्रियंका बोडाना ने बताया कि कार्यक्रम में वीरा अल्पना चपलोत, कल्पना सिंघवी, प्रमिला सेहलोत, प्रीति खेरोदिया, प्रियंका नाहर, टीना नाहर, चांदनी मोदी, मेघा सोनी, गीतू खेरोदिया, अंतिमा धुप्पड़, डॉली सिंघवी सहित वीर विजय सिंघवी, पारस छाजेड़, संदीप छाजेड़, मीनू छाजेड़, तारा सांखला एवं अन्य मित्रगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने गौसेवा को भारतीय संस्कृति एवं मानवीय मूल्यों से जुड़ी प्रेरणादायी परंपरा बताते हुए ऐसे सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

## आदिनाथ युवा मंडल, निंबाहेड़ा की कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन

# यति जी के उपाश्रय में आयोजित बैठक, आगामी चातुर्मास के धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को सफल बनाने का लिया संकल्प

**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** आदिनाथ युवा मंडल, निंबाहेड़ा की महत्वपूर्ण बैठक यति जी के उपाश्रय में उत्साह एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से मंडल की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। उपस्थित सभी युवाओं ने आगामी चातुर्मास के दौरान मंडल द्वारा आयोजित होने वाले धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा कार्यों में पूर्ण जिम्मेदारी, अनुशासन एवं समर्पण भाव से सहभागिता निभाने का सामूहिक संकल्प लिया। बैठक में संरक्षक मंडल एवं सलाहकार समिति में अजय संघवी, रितेश नाहर, आशीष बोड़ाना, विरेश बोड़ाणा, अनिल संघवी, प्रशांत कोठारी एवं अमित नाहर को मनोनीत किया गया।

इसके पश्चात सर्वसम्मति से हर्षद बोड़ाना को मंडल का अध्यक्ष, सनी सिंघवी को महासचिव, अर्पित नाहर, आवेश नाहर, नमन नाहर एवं सौरभ बोड़ाणा को उपाध्यक्ष, प्रखर नाहर को कोषाध्यक्ष, अनिल बोड़ाना को प्रचार मंत्री, साकेत बोड़ाना को संगठन मंत्री, तुषार संघवी को सांस्कृतिक मंत्री तथा आदित्य बोड़ाणा को मंत्री नियुक्त किया गया इसी प्रकार कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सुनील बोड़ाणा, लोकेंद्र बोड़ाणा, भावेश संघवी, कनिष्क नाहर, कल्पेश बोड़ाना, प्रफुल बोड़ाणा, दक्ष बोड़ाणा, दर्शील नाहर, अभिषेक नाहर, कल्पित नाहर, अर्हम बोड़ाणा, धैर्य नाहर, शौर्य नाहर, मीतांश बोड़ाणा एवं पर्व बोड़ाणा को दायित्व सौंपे गए। बैठक में सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एक स्वर में विश्वास व्यक्त किया कि आगामी चातुर्मास के दौरान आदिनाथ युवा मंडल द्वारा आयोजित सभी धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं सेवा गतिविधियों को पूरी निष्ठा, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ सफल बनाया जाएगा। साथ ही समाज में युवा शक्ति



को धर्म, संस्कार एवं सेवा से जोड़ते हुए जिनशासन की प्रभावना के लिए निरंतर कार्य करने का भी संकल्प लिया गया। बैठक का समापन मंगलभावना, नवकार महामंत्र के स्मरण एवं जिनशासन की प्रभावना के संकल्प के साथ हुआ।

# तीन पूज्य आचार्यों के मंगल पदार्पण से धर्ममय होगा निंबाहेड़ा, ऐतिहासिक चातुर्मास प्रवेश की सभी तैयारियां पूर्ण

**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** धर्मनगरी निंबाहेड़ा बुधवार 15 जुलाई को एक ऐतिहासिक एवं पुण्यमय क्षण का साबनने जा रही है। मेवाड़ तीर्थोद्वारक परम पूज्य आचार्य निपुणरत्न सुरीश्वर जी महाराज साहब, परम पूज्या अर्हत रेखा जी म.सा. आदि ठाणा 5, मालव भूषण आचार्य डॉ. मुक्तिसागर सुरीश्वर जी म.सा. एवं आचार्य अचल मुक्तिसागर सुरीश्वर जी म.सा. का मंगलमय नगर पदार्पण होगा। चारों पूज्य गुरुभगवंतों के एक साथ पावन सान्निध्य का दुर्लभ अवसर मिलने से समूचे नगर एवं जनमानस में हर्षोल्लास का वातावरण व्याप्त है। चातुर्मास प्रवेश को लेकर नगर के प्रमुख मार्गो को आकर्षक स्वागत द्वारों, धर्मध्वजाओं एवं धार्मिक सजावट से सुसज्जित किया गया है। प्रवेश मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा चावल से पारंपरिक गवली, वंदामना, पुष्पवर्षा एवं भावपूर्ण अभिनंदन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है और विभिन्न मंडल सेवा कार्यों में पूरे समर्पण के साथ जुटे हुए हैं। भव्य प्रवेश यात्रा रेलवे फाटक स्थित सुरेन्द्र डूंगरवाल के निजी आवास से प्रारंभ होकर मोती बाजार, सदर बाजार, आदिनाथ जैन मंदिर, कचहरी, स्कूल, मंडी चौराहा होते हुए राजेन्द्र सूरी ज्ञान मंदिर पहुंचेगी। मार्ग में अनेक स्थानों पर विभिन्न श्रीसंघों, संस्थाओं एवं समाजजनों द्वारा पूज्य गुरुभगवंतों का वंदामना एवं अभिनंदन किया जाएगा। राजेन्द्र सूरी ज्ञान मंदिर पहुंचने के पश्चात धर्मसभा एवं मंगल प्रवचन का आयोजन होगा। चातुर्मास प्रारंभ होते ही नगर में धर्मगंगा प्रवाहित होगी तथा तप, त्याग, आराधना, स्वाध्याय, तपस्याओं एवं आध्यात्मिक साधना का अनूठा वातावरण निर्मित होगा। आगामी चार माह तक प्रवचन, तप आराधना, सामायिक, प्रतिक्रमण, धार्मिक संस्कार एवं विविध आध्यात्मिक कार्यक्रमों का लाभ हजारों श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। इस ऐतिहासिक आयोजन के माध्यम से वी.टी. चातुर्मास 2026 समिति, निंबाहेड़ा ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का भी अनुकरणीय संदेश दिया है। समिति ने निर्णय लिया है कि प्रवेश मार्ग पर किसी भी संस्था, श्रीसंघ अथवा मंडल द्वारा स्वागत के नाम पर किसी प्रकार के खाद्य अथवा पेय पदार्थों की व्यवस्था नहीं की जाएगी। साथ ही प्लास्टिक की पानी की बोतलों, डिस्पोजेबल ग्लास एवं अन्य एकल-उपयोग प्लास्टिक सामग्री का उपयोग पूर्णतः नहीं करने का सामूहिक संकल्प लिया गया है, जिससे आयोजन धार्मिक गरिमा के साथ-साथ स्वच्छ, पर्यावरण-अनुकूल एवं अनुशासित स्वरूप में संपन्न हो सके। समिति ने समस्त श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पूज्य गुरुभगवंतों के मंगल दर्शन, वंदन एवं चातुर्मास प्रवेश के पुण्य अवसर का लाभ लेने तथा स्वच्छता, अनुशासन एवं धर्ममर्यादा बनाए रखने का भावपूर्ण आग्रह किया है।




## एक नजर

### प्रसूताओं की मौत पर फूटा सर्व समाज का आक्रोश, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** महात्मा गांधी चिकित्सालय में लगातार सामने आ रही चिकित्सकीय लापरवाही और प्रसूताओं की मौत के मामलों को लेकर मंगलवार को सर्व समाज के बैनर तले कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। सर्व समाज के प्रतिनिधियों और मृतक परिवारों ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने पीड़ित परिवारों के लिए उचित मुआवजे, एक आश्रित को सरकारी नौकरी और दोषी डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें तुरंत निलंबित करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में रितेश गुर्जर, राघव कोठारी, पवन त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और पीड़ित परिवारों के सदस्य मौजूद रहे। प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि अस्पताल प्रशासन और दोषी डॉक्टरों पर जल्द कठोर कानूनी कार्रवाई नहीं हुई, तो पूरे भीलवाड़ा जिले में चरणबद्ध तरीके से उग्र जनआंदोलन किया जाएगा।

### अवैध स्कूलों पर सख्ती की मांग, लाडो सेवा फाउंडेशन ने सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में बिना विभागीय मान्यता के संचालित हो रहे अवैध विद्यालयों के खिलाफ लाडो सेवा फाउंडेशन ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिला प्रशासन से तत्काल प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। फाउंडेशन ने इस संबंध में जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि अवैध स्कूलों को केवल नोटिस जारी करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि इनके खिलाफ सख्त और ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। फाउंडेशन के अध्यक्ष अधिवक्ता लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने कहा कि बिना मान्यता के विद्यालय चलाना नियमों का उल्लंघन तो है ही, साथ ही यह मासूम बच्चों के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। इसका सबसे बड़ा नुकसान गरीब और श्रमिक परिवारों को उठाना पड़ता है, जो जानकारी के अभाव में अपने बच्चों का दाखिला इन फर्जी स्कूलों में करवा देते हैं। उन्होंने भवन मानकों, कृषि या आवासीय भूमि पर अवैध संचालन की गहन जांच करने की मांग की। फाउंडेशन ने मांग की है कि जिले में विशेष अभियान चलाकर सभी अवैध विद्यालयों को तुरंत बंद किया जाए और दोषी स्कूल संचालकों के खिलाफ नियमानुसार मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही इन स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों का भविष्य बचाने के लिए उनका प्रवेश जल्द ही निकटवर्ती मान्यता प्राप्त विद्यालयों में सुनिश्चित कराया जाए। फाउंडेशन ने यह भी चेतावनी दी है कि भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति रोकने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण और जवाबदेही तय की जानी चाहिए ताकि हर बच्चे को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

### शाहपुरा में शहरी सेवा शिविर, 69 का पट्टा सहित 12 पट्टे व 10 जन्म प्रमाण पत्र जारी

**शाहपुरा (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार चल रहे शहरी सेवा शिविर-2026 के तहत मंगलवार को नगर पालिका सभागार में वार्ड संख्या 34 का शिविर आयोजित किया गया। अधिशाषी अधिकारी प्रकाश चंद तैली ने बताया कि शिविर में नागरिकों को विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर के दौरान 69ए का एक पट्टा तथा लीज होल्ड से फ्री होल्ड का एक पट्टा जारी किया गया। इसके अलावा 10 जन्म प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। सफाई से संबंधित 2 शिकायतें प्राप्त होने पर मौके पर ही सफाई करवाई गई। नगर पालिका ने शहर की 13 रोड लाइटों की मरम्मत भी कराई। चिकित्सा विभाग की ओर से 13 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जबकि ऊर्जा विभाग ने 3 शिकायतों का निस्तारण किया। शिविर में अधिशाषी अधिकारी प्रकाश चंद तैली, सहायक प्रशासनिक अधिकारी भारत वैष्णव, हंसराज गुर्जर सहित चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। नगर पालिका प्रशासन ने बताया कि शहरी सेवा शिविर का अंतिम शिविर 15 जुलाई को वार्ड संख्या 35 के लिए नगर पालिका सभागार में आयोजित किया जाएगा।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कल

**चित्तौड़गढ़, (हुक्मनामा समाचार)।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 16 जुलाई को दोपहर 12.30 बजे जिला परिषद (ग्रामीण विकास प्रकोष्ठ) चित्तौड़गढ़ के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता सांसद सी. पी. जोशी करेंगे। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों तथा प्रगति कार्यों की समीक्षा की जाएगी। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की प्रभावी समीक्षा की जा सके।

### इंडियन फेडरेशन ऑफ़ वर्किंग जनरलिस्ट कार्यकारिणी का विस्तार

**जायल (हुक्मनामा समाचार)।** इंडियन फेडरेशन ऑफ़ वर्किंग जनलिस्ट संगठन राजस्थान इकाई ने संगठन के विस्तार और पत्रकारों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जायल के पत्रकार अक्षय चतुर्वेदी को जायल विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया। यह नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राठौड़ एवं नागौर जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा के निर्देशानुसार की गई।

### मोबाइल कोर्ट की कार्रवाई, 35 वाहनों का चालान और 7 जब्त

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मेट्रो-I के मोबाइल मजिस्ट्रेट विजय कुमार सिरोहीवाल के निर्देशन में दिल्ली रोड पर विशेष यातायात जांच अभियान चलाया गया। अभियोजन अधिकारी दिनेश लोहिया के अनुसार, नियमों का उल्लंघन करने पर 35 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। आवश्यक दस्तावेज न होने पर थार जीप और एक मोटरसाइकिल सहित 7 वाहनों को जब्त किया गया। वहीं, निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां भरने पर एक ओवरलोड बस पर 4,000 का जुर्माना लगाया गया।

### हिस्ट्रीशीटर राजेंद्र वैष्णव की अवैध संपत्ति होगी कुर्क, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार बारां पुलिस ने संगठित अपेराध के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। एसपी अभिषेक अंदासु ने बताया कि शातिर अपराधी राजेंद्र वैष्णव उर्फ राजू द्वारा अवैध खनन और चौथ वसूली की काली कमाई से जुटाई गई चल-अचल संपत्ति को कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पुष्कर मेला 2026 : घुड़सवारी पर्यटन से पुष्कर को मिलेंगे नए पंख

# खाड़ी देशों की तर्ज पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के ट्रैक का किया निरीक्षण पूर्ण

**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** आगामी पुष्कर मेला 2026 की तैयारियों को लेकर पशुपालन विभाग पूरी तरह सक्रिय मोड में आ गया है। विभाग ने मेले के भव्य और सफल आयोजन के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण कमेटियों का गठन कर उन्हें उनके दायित्व सौंप दिए हैं।

इस वर्ष पुष्कर मेले में पर्यटन के क्षेत्र में एक नया मील का पत्थर स्थापित करने के उद्देश्य से घुड़सवारी (इक्वेस्ट्रियन ट्यूरिज्म) की अपार संभावनाओं को धरातल पर उतारने की कवायद शुरू कर दी गई है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. नवीन परिहार ने बताया कि पुष्कर की रेतीली व सूखी मिट्टी घोड़ों के लिए अत्यंत आरामदायक और स्वास्थ्यवर्धक मानी जाती है। यह भौगोलिक परिवेश ठीक उसी प्रकार का है जैसा कि खाड़ी देशों में पाया जाता है, जहां अरबी घोड़ों को पालना एक बेहद प्रतिष्ठित शौक है। वे लंबी दूरी की रेसों के लिए पूरी दुनिया में जाने जाते हैं। पुष्कर का यह वातावरण घोड़ों के लिए सर्वोत्तम सिद्ध हो रहा है। इसी के मद्देनजर, वर्षभर पर्यटकों को आकर्षित करने और उनका ठहराव सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की लंबी दूरी की एंडोरेंस राइड और जिमखाना रेस आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की विभिन्न घुड़सवारी प्रतियोगिताओं और एंडोरेंस राइड के लिए जजिंग कमेटी के अंतरराष्ट्रीय निर्णायक कर्नल सर प्रताप सिंह एवं उनकी विशेषज्ञ टीम ने पुष्कर का विस्तृत दौरा किया गया। टीम द्वारा मोतीसर रोड स्थित हेलीपैड, नजदीकी ग्राम मोतीसर व पिचोलिया की गोचर भूमि, वन विभाग के क्षेत्र और अरावली पर्वतमाला के आसपास के ट्रैक का बारीकी से निरीक्षण किया गया। टीम ने इस ट्रैक को अंतरराष्ट्रीय मापदंडों के अनुसार पूरी तरह उपयुक्त पाया। गल्फ कंट्रीज की तर्ज पर पुष्कर में घुड़सवारी को बढ़ावा देने से मुख्य पर्यटन सीजन के अलावा भी पूरे वर्ष पर्यटकों का आवागमन बना रहेगा। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भारी बल मिलेगा। मैदानी प्रतियोगिताओं के संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. परिहार ने बताया कि पुराने मेला मैदान के स्टेडियम को रोमांचकारी प्रतियोगिताओं के लिए चिन्हित किया गया है। यहाँ पर्यटकों और दर्शकों को रोमांचित करने के लिए जिमखाना रेस, बैरल रेस, ट्रिक राइडिंग, टेंट पेगिंग, शो जंपिंग सहित अन्य हैरतअंगेज प्रदर्शनों का आयोजन किया जाएगा। इस पूरे ट्रैक को अंतिम रूप से तय करने की समय-सीमा 20 जुलाई निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि पुष्कर की धरती पर प्रकृति ने घोड़ों के अनुकूल बेहतरीन माहौल दिया है।

घुड़सवारी खेल और पर्यटन को एकीकृत कर नए आयाम स्थापित करने से राजस्थान के पर्यटन उद्योग के लिए एक क्रांतिकारी कदम होगा। इससे स्थानीय युवाओं और अश्वपालकों के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। निरीक्षण के दौरान कर्नल सर प्रताप सिंह की टीम के साथ इक्वेस्ट्रियन एसोसिएशन के श्री राघवेंद्र सिंह ढूंढलोद, श्री फिरोज खान, श्री दक्ष सिंह एवं क्षेत्र के अन्य प्रतिष्ठित अश्वपालक और विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## बिहार के कृषि मंत्री सिन्हा 17 से उदयपुर में

**उदयपुर।** बिहार के कृषि मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा 17 जुलाई से उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। श्री सिन्हा 17 जुलाई को शाम 7.25 पर विमान से महाराणा प्रताप एयरपोर्ट डबोक पहुंचेंगे। वहां से सर्किट हाउस उदयपुर आकर रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 18 जुलाई को श्री सिन्हा स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। कृषि मंत्री श्री सिन्हा 19 जुलाई को दोपहर 1.50 बजे डबोक एयरपोर्ट से विमान द्वारा नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## यूसीसी के मसौदे पर लिया जनभावनाओं का फीडबैक

### डूंगरपुर, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, सलूम्बर के प्रतिनिधियों ने भी वर्चुअली दिए सुझाव

**उदयपुर,(हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के मसौदे पर जनसहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय संभाग स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को संपन्न हुई। यूसीसी प्रारूप समिति सदस्य एवं राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर बेंच के अतिरिक्त महाधिवक्ता श्री बसंत सिंह छाबड़ा की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट मिनी सभागार में आयोजित जनसुनवाई में उदयपुर सहित डूंगरपुर, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ और सलूम्बर जिलों के प्रतिनिधियों ने भी सुझाव दिए। समिति जनसुनवाई में प्राप्त सुझावों के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर सरकार को प्रस्तुत करेगी। कलक्ट्रेट मिनी सभागार में मंगलवार को संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी की उपस्थिति में जनसुनवाई प्रारंभ हुई। प्रारूप समिति सदस्य श्री छाबड़ा ने वर्चुअल माध्यम से संवाद करते हुए सुझाव आमंत्रित किए। डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौडगढ, प्रतापगढ़ और सलूम्बर जिलों से बड़ी संख्या में विभिन्न समाजों और संगठनों के प्रतिनिधि वर्चुअल माध्यम से जुडे।

## प्रतापगढ़: जिला कलेक्टर ने किया ग्रामीण सेवा शिविर खेरोट का औचक निरीक्षण

**प्रतापगढ़,(हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने मंगलवार को ग्राम पंचायत खेरोट में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने शिविर में मौजूद ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने मौके पर मौजूद उपखंड स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक फरियादी के प्रकरणों का पूरी पारदर्शिता के साथ, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप अंतिम छोर के पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर पहुंचना चाहिए, जिसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## यूसीसी के मसौदे पर संभाग स्तरीय जनसुनवाई संपन्न

राज्य सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के मसौदे पर जनसहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय संभाग स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को संपन्न हो गई। यूसीसी प्रारूप समिति के सदस्य और अतिरिक्त महाधिवक्ता बसंत सिंह छाबा की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट मिनी सभागार में इस बैठक का आयोजन किया गया।

## सेवा शिविरों से गांव-गांव पहुंच रही राहत, समस्याओं का मौके पर समाधान

**उदयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेशभर में संचालित शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविर-2026 आमजन के लिए राहत का प्रभावी माध्यम बनकर उभर रहे हैं। इन शिविरों में विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे लोगों की वर्षों से लंबित समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो रहा है। पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी हाथोंहाथ मिल रहा है। उदयपुर जिले में जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल के निर्देशन में सेवा शिविरों का सफल संचालन किया जा रहा है। मंगलवार को ग्राम पंचायत सरू, सरूपाल, भेसड़ा खुर्द, बिछड़ी, सापेटिया, ईंटाली, ढूंढिया, मोड़ी, बड़गांव, हिंता, गोगुन्दा, रावलियाकलां, कड़ेच, तिरोल, सैलाणा, गुराड़, नवाघरा, बलिचा, खेड़ाघाटी, बरना, गुमानपुरा, सड़ा, बुढिया एवं उमरिया में शिविर आयोजित हुए, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ उठाया।

## विश्व युवा कौशल दिवस : महिला सशक्तिकरण में महिला आई टी आई अजमेर का विशेष योगदान

### महिलाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण निःशुल्क-एन के जैन

**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** कौशल विकास एवं महिला सशक्तिकरण के लक्ष्य की ओर अग्रेषित अजमेर शहर का एक संस्थान जहाँ महिलाओं को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। कौशल विकास के नए आयाम स्थापित करने के लिए इस संस्थान में संस्थान की प्रबंधन समिति संचालित है जोकि संस्थान के विकास के प्रति अग्रेषित रहती है। इस समिति के अध्यक्ष जयपुर के प्रतिष्ठित उद्योगपति श्री नरेंद्र कुमार जैन है एवं सदस्य स्थानीय प्रबुद्ध उद्योगपति एवं अधिकारीगण है। संस्थान के सहायक निदेशक एवं संस्थान प्रधान श्री शैलेन्द्र माथुर ने बताया कि अजमेर स्थित महिला संस्थान में रोजगार एवं स्वरोजगार परक एनसीवीटी व्यवसाय जैसे बेसिक कॉस्मेटोलॉजी, फैशन डिजाइन एवं टेक्नोलॉजी, स्विंग टेक्नोलॉजी, इंटिरियर डिजाइन एवं डेकोरेशन, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, इन्फोर्मेशन एवं कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी सिस्टम मेंटनेंस तथा इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक एवं एससीवीटी व्यवसाय इलेक्ट्रीशियन संचालित है। श्री एन के जैन ने सराहना करते हुए बताया कि वर्तमान में स्टार्टअप स्थापित करने के लिए महिलाओं में इन पाठयक्रमों के प्रति रुझान विकसित है एवं वे नवाचार के माध्यम से कौशल दक्षता हांसिल करें ये प्रयास इस संस्थान द्वारा किये जाते है। प्रवेश प्रभारी एवं समूह अनुदेशक श्री महेश पंचोली ने बताया कि इच्छुक महिला की न्यूनतम आयु 14 वर्ष होनी चाहिए, ऊपरी आयु सीमा में उन्हें छूट प्रदान की गयी है।उनके मुताबिक गत तीन वर्षो में 370 महिला योग्य अभ्यार्थियों में से 199 महिला अभ्यर्थियों ने जीविकोपार्जन के लिए स्वरोजगार एवं रोजगार के क्षेत्र में सफलता हांसिल करी है। गत वर्षों में कैंपस ड्राइव के तहत जेसीबी, मारुती सुजुकी, अरविन्द मिल्स, मिण्डा इलेक्ट्रिकल, लीला श्याम,स्टैंडर्ड एलायस जैसी कंपनी में रोजगार अर्जित किया है। वर्तमान में संस्थान में प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 15 जुलाई से प्रारम्भ है जिसकी अंतिम तिथि 23 जुलाई है।

## ख्वाजा गरीब नवाज व जगत पिता ब्रम्हा जी की पवित्र नगरी अजमेर भिक्षावृति मुक्त व नशा मुक्त बनायें



**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** विश्व विख्यात ख्वाजा गरीब नवाज की नगरी अजमेर शरीफ व जगत पिता ब्रम्हा जी की पवित्र नगरी पुष्कर राज अजमेर को भिक्षावृति मुक्त और नशा मुक्त बनाने की राजस्थान के मुख्य मंत्री भजन लाल शर्मा और उप मुख्य मंत्री दीया कुमारी से माग की गई है। संयोजक श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ की सर्वधर्म समिति के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मानमल गोयल की अध्यक्षता में गंज स्थित होटल रीगल में इस आशय की मीटिंग का आयोजन करके इनसे बडने वालो अपराधो पर भी विचार विमर्श किया गया। इसी प्रकार से महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र मूरजानी, किशन पारीक, रणवीर सैनी, किशन छबलानी, गोविन्द लालवानी, मानमल गोयल, दिलीप कुमार राव, कमलेश हेमनानी,रवि उदेरानी, जन सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक बुन्देल, महिला विंग उपाध्यक्ष सुनीता चैधरी, श्रीमती शहनाज खान, अखिल भारतीय जन कल्याण ट्रस्ट के मुख्य संरक्षक अनूप जयसवाल, संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी, संरक्षक फखर काजमी, अध्यक्ष अब्दुल कादिर, सरदार जगजीत सिंह, बद्वरूद्दीन कुरेशी, श्रीमती कुशाल जैन, के. एस डेविड, एडवोकेट वाहेदा चिश्ति, शराफत हुसेन घोसी, अजयमेरू सेवा समिति के गोविन्द लालवानी, घर्मू भागचन्दानी आदि ने अजमेर और पुष्कर राज को भिक्षावृति और नशा मुक्त अजमेर बनाने की मांग की है। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के सर्वधर्म समिति के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि इससे पूर्व भी खानाबदोशो के कारण और नशे में आपस में लडने और अन्य से लडने पर बजरंगगढ, आशागंज, डिग्गी चैक, देहली गेट सहित अन्य क्षेत्रो में अनेक प्रकार के अपराध हो चुके है। इसलिए अजमेर व पुष्कर राज का अन्तराष्ट्रीय स्तर पर महत्व को देखते हुए दोनो की पवित्रता बनाये रखने के लिए भिक्षावृति मुक्त व नशा मुक्त अजमेर व पुष्कर राज बनवाने की मांग की हैं।

## 15 अगस्त तक माय भारत पोर्टल पर शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश

**अजमेर,(हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु की अध्यक्षता में आयोजित जिला सलाहकार एवं जिला समन्वय समिति की बैठक में जिले के सभी विद्यालयों और कॉलेजों को 15 अगस्त तक 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं का माय भारत पोर्टल पर शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही शिक्षण संस्थानों के स्टाफ को भी ईएलपी मॉड्यूल नशा मुक्त जीवन एवं तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान के अंतर्गत अनिवार्य रूप से पंजीकरण करने के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने कहा कि माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा सभी विभाग विशेष अभियान चलाकर लक्ष्य समयबद्ध रूप से पूरा करें। बैठक में जिला युवा अधिकारी, माय भारत अजमेर श्री जयेश मीना ने बताया कि माय भारत पोर्टल 15 से 29 वर्ष के युवाओं के लिए भारत सरकार का डिजिटल मंच है।


# कार्यालय नगरपालिका मसूदा, जिला ब्यावर (राज.)

क्रमांक/न.पा.म./भूमि/2025-26/948-950 दिनांक : 14.07.2026

## आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 'शहरी सेवा शिविर-2026' के अन्तर्गत पालिका में पालिका क्षेत्र में धारा 69-ए तहत पट्टे हेतु निम्न आवेदक द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए हैं, जो निम्न प्रकार है-

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | क्षेत्र | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री ललित नाहर पुत्र श्री पुखराज नाहर | मसूदा खसरा संख्या-5232/3829 | 308.05 वर्गमीटर |
| 2. | श्री कालू पिंजारा पुत्र श्री नूरा पिंजारा | मसूदा खसरा संख्या-623 | 37.73 वर्गमीटर |
| 3. | श्री बाबूसिंह पुत्र श्री गोपीसिंह मेरात | मसूदा खसरा संख्या-997 | 243.21 वर्गमीटर |
| 4. | श्री रजनीश मेड़तिया पुत्र श्री मोहनसिंह | मसूदा खसरा संख्या-5600/2996 | 121.87 वर्गमीटर |
| 5. | श्रीमती सीमा देवी पत्नी जलाल काठात | मसूदा खसरा संख्या-997 | 133.74 वर्गमीटर |
| 6. | श्री विभोर रांका पुत्र श्री नेमीचन्द रांका | मसूदा खसरा संख्या-5211/3558 | 85.26 वर्गमीटर |
| 7. | श्रीमती हमिना देवी पत्नी अशोक मेरात | मसूदा खसरा संख्या-2728 | 334.56 वर्गमीटर |
| 8. | श्री राजेश माली पुत्र रामेश्वर माली | मसूदा खसरा संख्या-5230/3814 | 302.04 वर्गमीटर |
| 9. | श्री तोलाराम पुत्र श्री मगनाराम | मसूदा खसरा संख्या-3396 | 244.60 वर्गमीटर |
| 10. | श्री कालूराम मोली पुत्र श्री रामेश्वर माली | मसूदा खसरा संख्या-289.96 | 289.96 वर्गमीटर |
| 11. | श्रीमती संतोष देवी पत्नी तोलाराम रेगर | मसूदा खसरा संख्या-3396 | 244.60 वर्गमीटर |
| 12. | श्री दीपक मोली पुत्र श्री कैलाश माली | मसूदा खसरा संख्या-5230/3814 | 302.04 वर्गमीटर |
| 13. | श्री ब्रह्मा रेगर पुत्र श्री तोलाराम रेगर | मसूदा खसरा संख्या-3396 | 273.57 वर्गमीटर |
| 14. | श्रीमती कौशल्या आर्य पत्नी पुरुषोत्तम लाल आर्य | मसूदा खसरा संख्या-5525/3783 | 178.09 वर्गमीटर |
| 15. | श्रीमती रेखा पत्नी ललित नाहर | मसूदा खसरा संख्या-5957/5945 | 46.84 वर्गमीटर |
| 16. | श्रीमती हमीना पत्नी अशोक जाति मेहरात निवासी हरराजपुरा | मसूदा खसरा संख्या-2728 | 42.75 वर्गमीटर |
| 17. | श्रीमती हमीना पत्नी अशोक जाति मेहरात निवासी हरराजपुरा | मसूदा खसरा संख्या-2728 | 37.16 वर्गमीटर |
| 18. | श्री दीक्षित रांका पुत्र नेमीचन्द रांका | मसूदा खसरा संख्या-5600/2996 | 111.11 वर्गमीटर |
| 19. | श्री ज्ञानचन्द संचेती पुत्र ताराचन्द संचेती निवासी मसूदा | मसूदा खसरा संख्या-5957/5945 | 62.73 वर्गमीटर |
| 20. | श्री भंवरलाल पुत्र श्री रामपाल भांबी | खसरा संख्या 3111 | 128.15 वर्गमीटर |
| 21. | श्रीमती बसंती देवी पत्नी भंवरलाल | खसरा संख्या 997 | 170.94 वर्गमीटर |
| 22. | श्री हितेश कुमार पुत्र भंवरलाल निवासी इन्द्रा कॉलोनी मसूदा | खसरा संख्या 997 | 202.24 वर्गमीटर |
| 23. | श्रीमती किरण पत्नी ओमप्रकाश माली | खसरा संख्या-3371 | 832.71 वर्गमीटर |
| 24. | श्री यशवंत प्रताप मेवाड़ा पुत्र मदनलाल कलाल | खसरा संख्या 3111 | 66.93 वर्गमीटर |
| 25. | श्री लेखराज करोती, राजेश पुत्र कृष्ण करोती निवासी मसूदा | खसरा संख्या 3111 | 113.47 वर्गमीटर |
| 26. | श्री मोहम्मद फिरोज पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी मसूदा | खसरा संख्या 3111 | 27.62 वर्गमीटर |
| 27. | श्रीमती उषा कुमारी हाडा पत्नी करण सिंह निवासी मसूदा | खसरा संख्या-5535/3018 | 139.40 वर्गमीटर |
| 28. | श्री राजेश पुत्र सम्पतलाल निवासी मसूदा | खसरा संख्या-5690/5066 | 250.92 वर्गमीटर |
| 29. | श्री महेन्द्रसिंह कानावत पुत्र भंवरसिंह कानावत निवासी मसूदा | खसरा नं.-3111 | 246.32 वर्गमीटर |
| 30. | श्रीमती सुनीता पत्नी अर्जुनसिंह निवासी इन्द्रा कॉलोनी मसूदा | खसरा नं.-997 | 190.14 वर्गमीटर |
| 31. | श्री राजकुमार उर्फ मुरलीधर पुत्र श्री किशनचन्द निवासी मसूदा | एसबीआई बैंक के पास मसूदा द्वितीय | 35.43 वर्गमीटर |

यदि उक्त पट्टे के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति सूचना जारी होने की तिथि से 7 योम में नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाकर प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका, मसूदा**

# शहर में 10 ऐतिहासिक दरवाजों का संरक्षण शुरू पुराने बाईपास को मिलेगी 'फूलों की घाटी' की पहचान

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों से हो रहा जीर्णोद्धार

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** बूंदी शहर की प्राचीन धरोहरों को सहेजने और पर्यटन को बढ़ावा देने के कार्यों की मंगलवार को शुरुआत हुई। जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव, जिलाध?यक्ष रामेश?वर मीणा ने भैरू दरवाजा स्थित गणेश जी की पूजा-अर्चना कर शहर के 10 ऐतिहासिक दरवाजों और प्राचीन बावड़ियों के संरक्षण व सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। यह सभी कार्य लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विशेष प्रयासों से भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा स्वीकृत किये गये है, जिसे भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटेक) चैप्टर बूंदी द्वारा धरातल पर उतारा जा रहा हैं। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि इन ऐतिहासिक दरवाजों और प्रमुख बावड़ियों के जीर्णोद्धार से बूंदी की प्राचीन और गौरवशाली सांस्कृतिक पहचान सुरक्षित रहेगी। इससे हाड़ौती क्षेत्र में पर्यटन को भी नए पंख लगेंगे। लोकसभा अध्यक्ष की इस पहल से स्थानीय लोगों और इतिहास प्रेमियों में काफी खुशी है। उन्?होंने बताया कि पर्यटन को सुगम और आकर्षक बनाने के लिए कई नई योजनाएं भी शुरू की जा रही हैं। बूंदी के पुराने बाईपास को 'फूलों की घाटी' के रूप में विकसित किया जाएगा। दधिमति मंदिर से मीरांगेट तक के 2.5 किलोमीटर लंबे रूट को आकर्षक स्वरूप दिया जाएगा, ताकि देशी-विदेशी पर्यटक आसानी से विरासत का अवलोकन कर सकें। रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के प्रवेश द्वार क्षेत्र को भी नया और आकर्षक लुक दिया जाएगा। जिला कलक?टर ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए आमजन के सुझावों पर काम शुरू कर दिया गया है। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिए गए हैं कि वे क्यूआर कोड की व्यवस्था लागू करें, ताकि आम नागरिक कार्यों का सीधा फीडबैक प्रशासन को दे सकें। उन्?होंने आमजन से प्लास्टिक का उपयोग बंद करने और इसके स्थान पर राजीविका के उत्पादों को दैनिक कार्यों में शामिल करने की अपील की। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के विजन के अनुरूप बूंदी को पर्यटन और विकास में अग्रणी बनाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने शहरवासियों से




अपील की कि कचरा केवल निर्धारित स्थानों पर ही डालें। यदि समझाइश के बाद भी लोग इधर-उधर कचरा फेंकते हैं, तो उन पर जुर्माने की नीति अपनाई जाए। उन्?होंने कहा कि तालाबों में पूजा सामग्री और प्लास्टिक डालने पर भी रोक लगे। उन्?होंने कहा कि पुराने बाईपास को भी पर्यटन के रूप में विकसित करें। पुराने बाईपास पर ऐसी व्?यवस्?था विकसित की जाए, जिससे देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को बूंदी की ऐतिहासिक विरासत के दर्शन बूंदी में प्रवेश के साथ ही मिल सके। इस कार्य में जनप्रतिनिधियों और बूंदीवासियों की ओर से जिला प्रशासन को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

## मधुमक्खियों के हमले में बुजुर्ग पति को तड़पता देख पत्नी को आया हार्ट अटैक, मौके पर ही मौत

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** समीपवर्ती नंदवाण गांव में मधुमक्खियों के झुंड के अचानक हमले में एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है। हमले की चपेट में आने से करीब 15 ग्रामीण घायल हो गए।

हादसे के दौरान 71 वर्षीय बुजुर्ग पति मानसिंह पर हजारों मधुमक्खियों का भीषण हमला देखकर उनकी पत्नी रतन कंवर इस भयानक सदमे को बर्दाश्त नहीं कर सकीं और दिल का दौरा पड़ने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद सूचना मिलते ही निंबी जोधा थाना पुलिस ने 4 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को डीडवाना के राजकीय बांगड़ अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने रतन कंवर को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में भर्ती बुजुर्ग मानसिंह की हालत बेहद गंभीर बनी हुई थी। मुंह में दांत नहीं होने के कारण हमले के दौरान सैकड़ों खूंखार मधुमक्खियां उनके मुंह के रास्ते पेट के अंदर तक चली गई थीं, जिन्हें डॉक्टरों ने त्वरित इलाज और उल्टी के माध्यम से बाहर निकाला। इतनी बड़ी तादाद में डंक लगने के बावजूद बुजुर्ग की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। प्रशासन के निर्देश पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने पेड़ से मधुमक्खियों के छत्ते को हटा दिया है, जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

## बी सी आर चुनाव में नीरज ने मारी बाजी, प्रचंड बहुमत से दर्ज की शानदार जीत



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** में क्ष्टक्र (संस्था/समिति) के बहुप्रतीक्षित चुनाव में नीरज ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए प्रचंड बहुमत के साथ शानदार जीत दर्ज की है। मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद शुरू हुई मतगणना में नीरज ने शुरू से ही निर्णायक बढ़त बनाए रखी, जो अंत तक जारी रही। नीरज की इस जीत के पीछे उनकी सक्रियता, मजबूत सांगठनिक पकड़ और सदस्यों के साथ निरंतर संवाद को मुख्य वजह माना जा रहा है। चुनाव प्रचार के दौरान उनके द्वारा किए गए विकास और पारदर्शिता के वादों पर मतदाताओं ने पूरा भरोसा जताया। जीत की घोषणा के बाद समर्थकों ने नीरज का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया और मिठाइयां बांटीं। कोर्ट परिसर में नीरज के पिता व पूर्व अध्यक्ष भोपाल गुर्जर का ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य विजय जुलूस निकाला गया, जिससे पूरा परिसर उत्सव के माहौल में डूब गया। अपनी इस सफलता पर नीरज ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संस्था के हित में समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष हेमेंद्र शर्मा, मुकेश सुवालका, राजेश शर्मा सहित सैकड़ों अधिवक्ताओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## कोटा विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनेगी बूंदी चित्र शैली, रोजगार से जोड़ने पर जोर

### एक वर्ष व छह माह के कोर्स शुरू करने पर हुआ मंथन



**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व प्रसिद्ध बूंदी चित्र शैली को अब अकादमिक स्तर पर नई पहचान मिलने जा रही है। नई पीढ़ी को इस ऐतिहासिक कला से रूबरू कराने और कलाकारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से इसे कोटा विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। इस संबंध में मंगलवार को कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरू बीएल सारस्?वत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक?टर हरफूल सिंह यादव, कोटा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार मुरलीधर प्रतिहार और चित्रकला विभाग की प्रोफेसर शालिनी भारती ने बूंदी चित्र शैली से जुड़े स्थानीय कलाकारों के साथ इस योजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान बूंदी और कोटा चित्रशैली पर आधारित एक वर्ष और 6 महीने की अवधि वाले सर्टिफिकेट व डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने को लेकर व्यापक चर्चा हुई। विवि प्रशासन और कलाकारों ने मिलकर पाठ्यक्रम के विभिन्न अकादमिक और व्यावहारिक पहलुओं पर मंथन किया ताकि छात्रों को कला की बारीकियां ठीक से सिखाई जा सकें। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि बूंदी चित्र शैली के इस पाठ्यक्रम को पूरी तरह से व्यावसायिक रूप दिया जाए। इससे न केवल नई पीढ़ी इस पारंपरिक कला को सहेज सकेगी, बल्कि युवा इसके माध्यम से अपनी आर्थिक स्थिति भी मजबूत कर सकेंगे। उन्?होंने बूंदी चित्र शैली से जुड़े स्थानीय कलाकारों से आह्वान किया कि वे जल्द से जल्द इस पाठ्यक्रम का खाका तैयार करें, ताकि बिना किसी देरी के इसी शैक्षणिक सत्र से इसे विधिवत शुरू करवाया जा सके। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर एचडी सिंह, इंटेक के संयोजक राजकुमार दाधीच, पर्यटन अधिकारी प्रेम शंकर सैनी, जाने-माने पुरातत्ववेत्ता ओम प्रकाश कुक्की के साथ-साथ बूंदी चित्र शैली के प्रमुख कलाकार सुनील जांगिड़, पंकज सिसोदिया और विवेक उत्प्रेजा भी विशेष रूप से उपस्थित रहें।

## हरियालो राजस्थान अभियान के तहत खेल संकुल में जिला कलक्टर ने किया पौधारोपण

### खिलाड़ियों को दिलाया पर्यावरण सहेजने का संकल्प

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** 'एक पेड़ माँ के नाम-हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत खेल संकुल परिसर में मंगलवार को जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव ने मेहंदी का पौधा लगाया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं उपस्थित जनसमुदाय को अपने जीवन में प्रत्येक विशेष अवसर पर पौधारोपण करने तथा कम से कम पाँच पौधे लगाकर उनकी नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर यादव ने कहा कि एक श्रेष्ठ खिलाड़ी की पहचान केवल उसकी शारीरिक क्षमता से नहीं, बल्कि उसके अनुशासन, विनम्रता, संतुलित व्यवहार एवं सकारात्मक सोच से होती है। उन्होंने खिलाड़ियों से विभिन्न खेलों के बारे में संवाद करते हुए खेल भावना, आत्मसंयम और प्रकृति संरक्षण के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की तथा पर्यावरण संरक्षण को आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी बताया। जिला खेल अधिकारी




हर्षवर्धन सिंह चुंडावत ने बताया कि हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत खेल विभाग द्वारा पाँच हजार से अधिक पौधे लगाये जाएंगे। इन पौधों की उपलब्धता अडानी समूह द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (ष्टस्क्र) के तहत सुनिश्चित कराई गई है, जिससे अभियान को व्यापक गति मिलेगी। कार्यक्रम में अडानी समूह से विनय यादव (प्लांट हेड), प्रदीप सिंह (एचआर हेड), आशीष व्यास, विनीत सिंह, हेमंत मोहंती, केवल कुमार एवं चंद्रकांत परिड़ा उपस्थित रहे। वहीं जिला हैंडबॉल संघ अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सोलंकी, एथलेटिक्स कोच सुदर्शन मीणा, खो-खो कोच सियाराम गोचर, धर्मराज गुर्जर, पुष्पेंद्र चौहान, राहुल सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## सड़क हादसों की रोकथाम के लिए प्रशासन और पुलिस के संयुक्त दल ने किया 'ब्लैक स्पॉट्स' का निरीक्षण

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों, जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव के निर्देशों तथा विभागीय ऐप से प्राप्त डेटा के आधार पर चिन्हित किए गए खतरनाक स्थानों पर सड़क हादसों को रोकना और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए मंगलवार को प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के संयुक्त दल ने बूंदी शहर के विभिन्न दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण दल ने शहर के तीन प्रमुख स्थानों का बारीकी से निरीक्षण किया, जहां दुर्घटनाओं की आशंका सबसे अधिक रहती है। इनमें सिलोर रोड चौराहा, चित्तौड़ रोड चौराहा और लग्दरिया भैरूजी तिराहा शामिल है। संयुक्त दल ने इन ब्लैक स्पॉट्स पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए कई निर्णय लिए हैं। इसके तहत सड़कों के किनारे मौजूद अवैध अतिक्रमण को तुरंत हटाने और वाहन चालकों की दृश्यता को बाधित करने वाली झाड़ियों व जंगली घास की सफाई के निर्देश दिए गए। रास्तों में बने गड्ढों (पॉट होल्स) को जल्द से जल्द भरवाने और डिवाइडर को निर्धारित मापदंडों के अनुसार दुरुस्त व विकसित करने को कहा गया है। इसके अलावा चौराहों पर रात के समय होने वाले हादसों को रोकने के लिए बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को तुरंत चालू करने और आवश्यकतानुसार नई लाइटें लगाने का निर्णय लिया गया। वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए स्पीड ब्रेकर बनाने, उचित रोड मार्किंग करने और वाहन चालकों की सतर्कता के लिए जरूरी चेतावनी व सूचना बोर्ड लगाने के सुझाव दिए गए।

## 63 वें शंभू कारा 72 घंटे के अखंड कीर्तन का शुभारंभ 23 जुलाई गुरुवार से

**बून्दी (हुक्मनामा समाचार)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व कल्याण व वैश्विक शांति के साथ अच्छी वर्षा की कामना के लिए शंभू ?कारा अविनाशी गंगाधर कैलाशी 63 वें 72 घंटे के अखंड कीर्तन का शुभारंभ गुरुवार 23 जुलाई रात्रि 10:30 बजे से विधि-विधान पूजा अर्चना के साथ किया जाएगा। शिव कीर्तन मंडल एवं शिव महिला मंडल के अध्यक्ष सत्यनारायण सोमानी ने बताया की विश्व कल्याण व वैश्विक शांति के साथ अच्छी वर्षा की कामना के लिए वैधनाथ महादेव पर 72 घंटे के अखंड कीर्तन 'शंभू ओंकारा अविनाशी गंगाधर कैलाशी' का आयोजन विगत 62 वर्षो से चला आ रहा है । इसी क्रम में शिव कीर्तन मंडल एवं शिव महिला मंडल के तत्वाधान में 63 वें शंभू ओमकारा अविनाशी गंगाधर कैलाश अखंड कीर्तन का 23 जुलाई शुभारंभ गुरुवार रात 10:30 बजे विधि विधान पूजा अर्चना के साथ किया जाएगा। जिसकी पूर्णाहुति 26 जुलाई रविवार रात्रि 10:30 बजे महाआरती के साथ होगी। सोमानी ने बताया कि शिव कीर्तन मंडल एवं शिव महिला मंडल के संरक्षक शोभाराम गुलाबवानी सूरत से गुरुवार सुबह अखंड कीर्तन हेतु पधारेंगे। जो मंडली के साथ 72 घंटे के अखंड कीर्तन में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि सूरत से बड़ी संख्या में व्यापारी भी बूंदी पहुंचकर इस अखंड कीर्तन में हिस्सा लेते हैं। तीन दिवस तक अखंड रूप से शंभू ओमकारा का जाप किया जाता है जिससे शहर का माहौल भक्ति में हो जाता है इसमें शहर की धर्म प्रेमी जनता बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है।

# बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं, जर्जर भवनों को तुरंत करें जमींदोज : हरफूल सिंह यादव

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** आवश्यक सेवाओं की सुचारू व्यवस्था और विभागीय कार्यों की प्रगति को लेकर मंगलवार को जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा और आमजन से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी जर्जर विद्यालयों की अतिशीघ्र सुरक्षा ऑडिट करवाकर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जो स्कूल कक्ष जर्जर स्थिति में हैं, उन्हें बिना किसी देरी के तुरंत गिराया जाएं ताकि किसी भी संभावित हादसे को टाला जा सके।

**हरियालो राजस्थान:** पौधों की हो शत-प्रतिशत जियो-टैगिंग 'हरियालो राजस्थान' अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने वन विभाग और संबंधित अधिकारियों को पूर्व में निर्धारित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत हासिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रोपे गए सभी पौधों की अनिवार्य रूप से जियो-टैगिंग की जाए। केवल पौधे लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि उनकी उचित देखभाल और जीवित रखने के लिए पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाएं। शहरी क्षेत्रों में चल रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए जिला कलक्टर ने शहरी सेवा शिविरों में पट्टा वितरण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने सभी नगर निकायों को अपनी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही, पीएम आवास योजना (शहरी), पीएम स्वनिधि योजना और संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण करने को कहा। उन्होंने चेताया कि आमजन से जुड़े इन कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला कलक्टर ने 'पंच गौरव' के तहत चयनित स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इन



उत्पादों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए और इसके लिए आमजन को भी जागरूक किया जाए ताकि स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिल सके। बैठक में अतिरिक?त जिला कलक?टर (सीलिंग) रमेश देव, डीएफओ एएन गुप्ता, डीएफओ (आरवीटीआर) अरुण डी. कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी सामर, तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहें।

## ओबीसी सर्वे में 'रावणा राजपूत' दर्ज कराने की अपील, मातृशक्ति संगठन का संकल्प



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** में आयोजित रावणा राजपूत मातृशक्ति संगठन की बैठक में सामाजिक जागरूकता और सांगठनात्मक गतिविधियों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में आगामी ओबीसी सर्वेक्षण अभियान को लेकर समाज के लोगों से विशेष अपील की गई कि वे सर्वे प्रपत्र के जाति वाले कॉलम में स्पष्ट रूप से 'रावणा राजपूत' ही अंकित करवाएं ताकि समाज की वास्तविक जनसंख्या का सही आंकलन हो सके। संस्थापक अध्यक्ष निशा कंवर गौड़ ने जानकारी दी कि राजस्थान राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा 10 जुलाई से 23 जुलाई 2026 तक ओबीसी परिवारों का सर्वेक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर सर्वे प्रपत्र भरेंगे, जिसमें कॉलम संख्या 6 में जाति/उपजाति के स्थान पर 'रावणा राजपूत' दर्ज कराना बेहद जरूरी है। बैठक में इसके साथ ही बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, जरूरतमंद प्रतिभावान बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए सहयोग दिलाने और महिलाओं को सरकारी योजनाओं के जरिए स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने का भी संकल्प लिया गया।

मौके पर ही हो रहा आमजन की समस्याओं का समाधान

राज्य सरकार का विजन अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे लाभ

# जनकल्याण की नई मिसाल बन रहे शहरी सेवा शिविर



## एक महीने में 7,701 शिविरों के जरिए लाखों परिवारों तक पहुंची सरकार, 91 हजार से अधिक जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन जारी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने तथा शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा शहरी सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से सरकारी योजनाओं और नागरिक सेवाओं का लाभ अब लोगों के घर के नजदीक ही मिल रहा है, जिससे सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने से लोगों को राहत मिली है। राज्य सरकार द्वारा 12 जून से 13 जुलाई के बीच प्रदेशभर में 7 हजार 701 शहरी सेवा शिविरों का आयोजन किया गया। इस दौरान 38 हजार 494 पट्टे, 12 हजार 163 नाम हस्तांतरण और 6 हजार 811 भवन मानचित्र प्रकरणों का निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की गई। साथ ही, शिविरों में 91 हजार 599 जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र तथा 5 हजार 644 ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र जारी किए गए। राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना है।

इन शिविरों की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं भी समय-समय पर निरीक्षण कर रहे हैं। इस दौरान वे लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं और सेवाओं के क्रियान्वयन के संबंध में फीडबैक ले रहे है।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि शिविर के माध्यम से आमजन को त्वरित राहत मिले तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से पहुंचे।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश विकास और जनकल्याण के नए आयामों तक पहुंच रहा है।

### स्वच्छता, सुशासन एवं शहरी विकास हो रहा सुनिश्चित

शहरी क्षेत्रों में जलभराव एवं कचरे की समस्या को दूर कर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 25 हजार 448 कचरा संभावित केंद्र समाप्त किए गए तथा 2 हजार 517 नए सीवर कनेक्शन भी स्वीकृत किए गए। शहरों की आंतरिक सड़कों पर पर्याप्त रोशनी के लिए 19 हजार 978 नई स्ट्रीट लाइट लगाने के साथ 62 हजार 42 स्ट्रीट लाइटों को दुरूस्त किया गया। शिविरों में 38 हजार 381 विद्युत कनेक्शन जारी करने के अलावा पालनहार योजना में 11 हजार 132 बच्चों के नव सत्यापन और पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत 17 हजार 354 आवेदन प्राप्त कर छोटे कारोबारों के लिए ऋण स्वीकृतियां जारी की गई।

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं कर रहे मॉनिटरिंग एवं निरीक्षण**



## प्रदेश की 63 हजार आंगनबाड़ियों में आयोजित हुई PAM बैठक

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हर माह अमावस्या को आयोजित की जाने वाली PAM बैठक मंगलवार को प्रदेश के समस्त 63 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित की गई। आईसीडीएस निदेशक वासुदेव मालावत ने बताया कि PAM बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावकों के साथ बच्चों की प्रगति, स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा पर चर्चा की गई। बैठक में पुरुष सदस्यों - पिता, दादा, चाचा को भी आमंत्रित कर उनकी सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया। निदेशक ने बताया कि विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त उप निदेशक, बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं लेडी सुपरवाइजर द्वारा PAM बैठक का निरीक्षण किया गया। आईसीडीएस निदेशक द्वारा मालवीय नगर सेक्टर 10 में आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित क्क्रू मीटिंग का किया गया निरीक्षण आईसीडीएस निदेशक वासुदेव मालावत द्वारा मंगलवार को परियोजना जयपुर-2 के मालवीय नगर सेक्टर 10 में आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित PAM मीटिंग का निरीक्षण किया गया। उन्होंने PAM मीटिंग में बच्चों के अभिभावकों से बच्चों की गतिविधियों, व्यवहार परिवर्तन एवं पोषण से संबंधित जानकारी ली साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



## स्टेट मिशन निदेशक ने किया राजस्थान संपर्क 181 कॉल सेंटर का निरीक्षण

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार आमजन की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा राजस्थान संपर्क 181 कॉल सेंटर का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को आजीविका परियोजनाएँ एवं स्वयं सहायता समूह की स्टेट मिशन निदेशक प्रियंका गोस्वामी ने शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क 181 कॉल सेंटर का निरीक्षण कर विभाग से संबंधित परिवादों एवं उनके निस्तारण की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान गोस्वामी ने विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, निस्तारित एवं लंबित प्रकरणों, परिवादियों के संतुष्टि प्रतिशत, राज्य के औसत निस्तारण समय की तुलना में विभागीय निस्तारण समय तथा विषयवार शिकायतों के वर्गीकरण की समीक्षा की। उन्होंने ऐसे विषयों की भी विशेष समीक्षा की, जिन पर समान प्रकृति की शिकायतें अधिक संख्या में प्राप्त हो रही हैं तथा उनके प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। गोस्वामी ने कहा कि शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग तथा परिवादियों की संतुष्टि बढ़ाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समान प्रकृति की शिकायतों का विश्लेषण कर उनके मूल कारणों का समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे भविष्य में ऐसी शिकायतों की पुनरावृत्ति कम हो सके।

प्रदेशभर में 15 जुलाई से 5 दिन चलेगा अभियान

# सभी गर्भवती महिलाओं की होगी सघन स्क्रीनिंग




- प्रसवपूर्व जांच सेवाओं को किया जाएगा सुदृढ़
- प्रत्येक गर्भवती के स्वास्थ्य पर रखी जाएगी नियमित निगरानी
- लेबर रूम और ओटी गाइडलाइन की पालना सख्ती से करें

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने एवं मातृ मृत्यु दर को और कम करने के लिए प्रदेशभर में सभी गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य मानकों की सघन स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके लिए 15 जुलाई से 5 दिवसीय अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जांचों का रिकॉर्ड संधारित कर उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी रखी जाएगी। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने मंगलवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक में इस संबंध में प्रदेश के सभी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फील्ड में कार्यरत आशा वर्कर, एएनएम एवं सीएचओ के माध्यम से स्क्रीनिंग का यह कार्य पूरी संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ करवाया जाए। गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच एवं नियमित स्क्रीनिंग में किसी भी तरह की लापरवाही पर आशा वर्कर, एएनएम, सीएचओ एवं संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

**आशा वर्कर, एएनएम एवं सीएचओ की जिम्मेदारी होगी तय**

बैठक में चिकित्सा शिक्षा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, निदेशालय स्तर के अधिकारियों सहित सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, आरसीएचओ, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि मातृ मृत्यु की प्रत्येक घटना अत्यंत गंभीर है और इसे रोकने के लिए गर्भावस्था की शुरुआत से लेकर प्रसव एवं प्रसवोत्तर अवधि तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अधिकांश मातृ मृत्यु के मामलों में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) की पहचान और समयबद्ध प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए प्रत्येक गर्भवती महिला का गर्भधारण के प्रथम 12 सप्ताह के भीतर पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए तथा सभी सूचनाएं पीसीटीएस पोर्टल पर समय पर दर्ज की जाएं।

**अनिवार्य रूप से हो एएनसी जांच-** राठौड़ ने निर्देश दिए कि प्रत्येक गर्भवती महिला की कम से कम चार गुणवत्तापूर्ण एएनसी जांच अनिवार्य रूप से कराई जाए। जांच के दौरान रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, वजन, मूत्र परीक्षण, रक्त शर्करा तथा अन्य आवश्यक परीक्षण किए जाएं और उनका रिकॉर्ड नियमित रूप से अद्यतन रखा जाए।

उन्होंने सभी जिलों को हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की समय पर पहचान कर उनका अलग ट्रैकिंग सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए। एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, पूर्व सिजेरियन, जुड़वां गर्भ, अत्यधिक रक्तस्राव तथा अन्य जटिलताओं वाले मामलों को चिन्हित कर नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करने को कहा।

## वीडीओ पर घूस मांगने का आरोप, एसीबी ने दर्ज किया केस

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** बूंदी जिले के केशवरायपाटन पंचायत समिति की ग्राम पंचायत भीया की ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) सोनम नेहरा के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने रिश्वत मांगने के आरोप में मामला दर्ज किया है। आरोप है कि सोनम नेहरा ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत 1.64 लाख रुपए के बिल पास करने के बदले 25 हजार रुपए की रिश्वत मांगी गई थी। ट्रैप की भनक लगने पर सोनम ने रिश्वत नहीं ली गई। इस मामले में एसीबी ने जांच के बाद 13 जुलाई को ग्राम विकास अधिकारी सोनम नेहरा के खिलाफ मामला दर्ज किया। कोटा एसीबी के एडिशनल एसपी मुकुल शर्मा के नेतृत्व में 7 मई को दो अलग-अलग ट्रैप कार्रवाई की गई थीं। एक कार्रवाई में सखावदा के ग्राम विकास अधिकारी सतवीर सिंह को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया।

किसानों के हित में राजस्थान सरकार की बड़ी पहल

## स्वदेशी जेंडर सॉर्टेड सीमन तकनीक से राजस्थान के पशुपालकों को मिल रहा है अधिक लाभ

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पशुपालकों की आय में वृद्धि, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने तथा देशी पशुधन के वैज्ञानिक नस्ल सुधार को गति देने के उद्देश्य से राजस्थान सरकार स्वदेशी जेंडर सॉर्टेड सीमन तकनीक के व्यापक उपयोग को गति दे रही है। कम लागत वाली इस आधुनिक तकनीक के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली बछियों के जन्म की संभावना बढ़ती है, जिससे पशुपालकों को दीर्घकालिक आर्थिक लाभ प्राप्त होता है।

इसी दृष्टिकोण के साथ राजस्थान आज देश के उन अग्रणी राज्यों में शामिल है, जहां इस तकनीक को बड़े स्तर पर किसानों के हित में अपनाया जा रहा है। हाल ही में कुछ क्षेत्रों से जेंडर सॉर्टेड सीमन के परिणामों को लेकर शिकायतें प्राप्त हुई थीं।

राज्य सरकार ने पशुपालकों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए तत्काल संज्ञान लिया तथा संबंधित क्षेत्रों सहित विभिन्न स्थानों से रैंडम आधार पर सीमन के नमूने एकत्रित कर उनकी स्वतंत्र वैज्ञानिक जांच के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आई आई एस), बेंगलुरु भेजे। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से प्रमाणित हुआ है कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे जेंडर सॉर्टेड सीमन में 88 से 96 प्रतिशत तक क्रियाशील एक्स-क्रोमोज़ोम वाले शुक्राणु पाए गए हैं, जो कि पूरी तरह गुणवत्तापूर्ण, वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप एवं तकनीकी रूप से शुद्ध है। रिपोर्ट में सीमन की गुणवत्ता व तकनीक में किसी भी प्रकार की कमी नहीं पाई गई।

इस विषय पर पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत एवं पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. सुरेश चंद मीणा ने विभागीय अधिकारियों एवं संबंधित पक्षों के साथ विस्तृत संवाद किया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि राज्य सरकार किसानों के हित में स्वदेशी जेंडर सॉर्टेड सीमन तकनीक के उपयोग के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## सेना के जवान की हार्ट अटैक से मौत

**कोटपूतली-बहरोड़।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के सेना के जवान की सोमवार को ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई। पावटा क्षेत्र के गांव लाड़ा का बास निवासी नायब सूबेदार बनवारी लाल खोजा (47) यूपी में मेरठ कैंट में तैनात थे। मंगलवार को उनकी पार्थिव देह घर पहुंची। पार्थिव देह के अंतिम दर्शन के वक्त पत्नी संतरा देवी और बेटी दीपा बिलख पड़ीं। बेटा निशु भी फूट-फूट कर रोने लगा। दोपहर 12 बजे अंतिम संस्कार किया गया। बेटे ने पिता को मुखाग्नि दी।

मुख्य सचिव ने की विद्यालयों के नवाचारों की सराहना, दिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश

**राज्य स्तरीय पीएम श्री वेबिनार में 649 संस्था प्रधानों से किया संवाद**

## अनूठे हैं पीएम श्री विद्यालय, इनमें अंतरराष्ट्रीय योगदान देने वाले छात्र निर्माण की क्षमता-मुख्य सचिव

वेबिनार को बताया इंस्पिरेशनल स्टोरीज के साथ पीयर लर्निंग का अनूठा मंच



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए संचालित पीएम श्री विद्यालयों का राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में सुचारु संचालन किया जा रहा है। ये कहना था मुख्य सचिव वी श्रीनिवास का।

मुख्य सचिव मंगलवार को राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित पीएम श्री राज्य स्तरीय संस्था प्रधान वेबिनार में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। वेबिनार में एनईपी 2020, 21वीं सदी के कौशल एवं खेल आधारित शिक्षा पद्धति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही पीएम श्री विद्यालयों में नवाचार, शैक्षणिक स्तर एवं जारी राशि का सदुपयोग, सह शैक्षणिक गतिविधियों में उपलब्धि, सीएसआर एवं जन सहयोग से किए गए कार्य आदि पर भी चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने संबोधित करते हुए कहा कि पीएम श्री विद्यालय एसटीईएम (विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग, गणित) शिक्षा व नवाचारों के क्षेत्र में रोल मॉडल के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने पीएम श्री विद्यालयों को अनूठा बताते हुए कहा कि इन विद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण योगदान देने वाले उत्कृष्ट छात्र तैयार करने की क्षमता है। उन्होंने ने प्रत्येक पीएम श्री विद्यालय में सुझाव बॉक्स खोलने, अपनी सफलता की कहानियां शेयर करने और छोटे-छोटे नवाचार करने के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि छोटी टीम बनाकर कार्य करने और निरंतर मेहनत करने से सफलता अवश्य हासिल होगी और निश्चित तौर पर प्रदेश के पीएम श्री विद्यालय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि यह वेबिनार सभी पीएम श्री विद्यालयों के लिए सीखने का एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगी।



*प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी एवं निवेश-अनुकूल बनाने की दिशा में विभिन्न प्रस्तावों पर हुई विस्तृत चर्चा*

## मुख्य सचिव ने सीआरडी फेज-2 के अंतर्गत विभिन्न विभागों में सुधारात्मक प्रस्तावों एवं नियामकीय सुधारों की प्रगति की समीक्षा की

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने मंगलवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में कम्प्लायंस रिडक्शन एंड डी-रेगुलेशन (सीआरडी) फेज-2 के अंतर्गत विभिन्न विभागों में चल रहे सुधारात्मक प्रस्तावों एवं नियामकीय सुधारों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य नागरिकों, किसानों, उद्यमियों एवं निवेशकों के लिए सरकारी प्रक्रियाओं को अधिक सरल, पारदर्शी एवं सुगम बनाते हुए अनावश्यक अनुपालनों एवं नियामकीय जटिलताओं को कम करना है।मुख्य सचिव ने कहा कि कम्प्लायंस रिडक्शन एंड डी-रेगुलेशन (सीआरडी) फेज-2 के अंतर्गत किए जा रहे सुधार राज्य में 'ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस' तथा 'ईज़ ऑफ़ लिविंग' को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

## जल जीवन मिशन की प्रत्येक योजना समय पर पूरी हो, इसका हर स्तर पर रखें ध्यान-मुख्य सचिव



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने मंगलवार को शासन सचिवालय में जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिशन के सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने सुजलम भारत आईडी सृजन, हर घर जल रिपोर्टिंग एवं प्रमाणीकरण, जल सेवा आंकलन तथा भौतिक रूप से पूर्ण योजनाओं के वित्तीय समापन में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि नई दिल्ली में 10 जुलाई को राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के साथ हुई समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णयों की समयबद्ध अनुपालना सुनिश्चित की जाए। साथ ही राज्य एपेक्स कमेटी के माध्यम से सभी लंबित प्रस्ताव निर्धारित समय-सीमा में भारत सरकार को भेजे जाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि मिशन अवधि के भीतर सभी परियोजनाएं पूर्ण करने की कार्ययोजना पर प्रभावी अमल किया जाए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कुल 1,00,145 करोड़ रुपये की योजनाएं स्वीकृत हैं।

राज्य के 107.74 लाख ग्रामीण परिवारों में से वर्ष 2019 में जहां केवल 11 प्रतिशत परिवारों के पास नल कनेक्शन थे। वहीं अब यह संख्या बढ़कर 63.61 लाख (59 प्रतिशत) हो गई है। मिशन के तहत 51.87 लाख घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। साथ ही 12,095 गांव हर घर जल घोषित तथा 6,138 गांवों का हर घर जल प्रमाणीकरण किया जा चुका है।

समीक्षा के दौरान जल अर्पण कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विशेष चर्चा हुई।

CMYK

## अवैध गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, दो वाहन भी जब्त



**भवानी मंडी (हुक्मनामा समाचार)।** झालावाड़ जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में भवानी मंडी पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 2 किलो 134 ग्राम अवैध गांजा और तस्करी में प्रयुक्त एक इलेक्ट्रिक रिक्शा व एक मोटरसाइकिल जब्त की है।पहली कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पचपहाड़ तिराहा से मोहम्मद इमरान (34) को 1 किलो 74 ग्राम गांजे व ई-रिक्शा के साथ गिरफ्तार किया गया। दूसरी कार्रवाई में उपनिरीक्षक रेवत राम द्वारा नारायण खेड़ा तिराहा से अजद खां (26) को 1 किलो 60 ग्राम गांजे व मोटरसाइकिल के साथ दबोचा गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस अवैध मादक पदार्थ के नेटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है।

## ग्रामीण सेवा शिविर में गूंजीं जनसमस्याएं, ग्रामीणों ने उठाई जीएसएस और पशु चिकित्सालय की मांग

**डोडियाना (हुक्मनामा समाचार)।**22 विभागों ने एक ही छत के नीचे दी सेवाएं, स्वामित्व पट्टों का वितरण व योजनाओं के प्रकरणों का हुआ निस्तारण पादूकलां, नागौर जिले के बिखरनियाकलां में सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में 22 विभागों ने एक ही छत के नीचे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया। वहीं, शिविर में ग्रामीणों ने बिजली संकट और पशु चिकित्सालय जैसी मूलभूत समस्याओं को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग भी उठाई।



बिखरनियाकलां के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में सुबह से ही ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में 22 विभागों के अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं से जुड़े कार्यों का मौके पर ही निस्तारण किया।ग्राम विकास अधिकारी चेनाराम भाटी ने बताया कि शिविर में चार स्वामित्व पट्टों का वितरण किया गया। इसके अलावा 25 शौचालय, 10 प्रधानमंत्री आवास योजना, 25 पेंशन सत्यापन, पांच पालनहार सत्यापन, एक नामांतरण और सात शुद्धिकरण प्रकरणों का निस्तारण किया गया।शिविर के दौरान ग्रामीणों ने गांव में लगातार बनी विद्युत आपूर्ति की समस्या को लेकर नया 33/11 केवी जीएसएस स्थापित करने की मांग का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। वहीं पशुपालकों की सुविधा के लिए पशु चिकित्सालय हेतु भूमि आवंटन की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। शिविर में प्रशासक राजू देवी लोमरोड़, प्रशासक प्रतिनिधि भीयाराम लोमरोड़,डेगाना नायब तहसीलदार रामनारायण सहायक विकास अधिकारी नंदकिशोर टाक सहित 22 विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

## मकरेड़ा ग्रामीण सेवा शिविर में रेखा को मिला विवाह प्रमाण पत्र, मौके पर हुआ पंजीकरण

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** ग्रामीण सेवा शिविर-2026 में त्वरित कार्रवाई से नवविवाहिता को हाथोंहाथ मिला विवाह प्रमाण पत्र, सरकार और प्रशासन का जताया आभार। राजस्थान सरकार की ओर से आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2026 आमजन को घर के नजदीक त्वरित प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने में प्रभावी साबित हो रहे हैं। पंचायत समिति पीसांगन की ग्राम पंचायत मकरेड़ा में आयोजित विशेष शिविर में नवविवाहिता रेखा पत्नी प्रवेश कुमार को आवेदन के तुरंत बाद विवाह प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। शिविर के दौरान रेखा ने विवाह पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंचायती राज विभाग के समस्या निस्तारण काउंटर पर आवेदन प्रस्तुत किया। प्रशासनिक टीम ने आवेदन एवं संलग्न दस्तावेजों की तकनीकी जांच और भौतिक सत्यापन तत्काल पूरा किया। सभी रिकॉर्ड सही पाए जाने पर डिजिटल पोर्टल के माध्यम से विवाह पंजीकरण कर मौके पर ही विवाह प्रमाण पत्र तैयार कर आवेदिका को सौंप दिया गया।

विवाह प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर रेखा ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि गांव में ही शिविर लगने से बिना किसी परेशानी के आवश्यक दस्तावेज मिल गया। उन्होंने राजस्थान सरकार, स्थानीय प्रशासन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की इस पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## पहले दिन 21, दूसरे दिन 18 और तीसरे दिन कुल 25 केंद्रों पर आयोजित हुई परीक्षा

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा-2025 जिला मुख्यालय पर पूरी तरह शांतिपूर्ण और कड़े पहरे के बीच आयोजित की जा रही है। 12 जुलाई से शुरू हुई यह परीक्षा आगामी 17 जुलाई तक चलेगी। शुरुआती तीन दिनों में जिला प्रशासन और पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्थाओं के चलते परीक्षा बिना किसी व्यवधान के संपन्न हुई है। सुरक्षा और पारदर्शिता को लेकर इस बार प्रशासन का रवैया बेहद सख्त नजर आ रहा है।नकल और गड़बड़ियों पर लगाम लगाने के लिए परीक्षा केंद्रों पर बेहद कड़े नियम लागू किए गए हैं। नियमानुसार, सभी दिनों में परीक्षा शुरू होने के ठीक 1 घंटे पहले परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार बंद कर दिए गए। सघन सुरक्षा जांच और गहन तलाशी के बाद ही अभ्यर्थियों को केंद्र के भीतर जाने दिया गया। तय समय सीमा के बाद परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे देर-लतीफ परीक्षार्थियों को सख्त नियमों के चलते प्रवेश नहीं मिला और उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा।प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, परीक्षा दो पारियों (सुबह 10:00 से 12:00 बजे और दोपहर 3:00 से शाम 5:30 बजे) में आयोजित की जा रही

## बाइक व स्कूटी की टक्कर में स्कूली छात्र की मौतएक छात्र व बाइक सवार गंभीर घायल, उपचार जारी



**बून्दी (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के माटूंदा रोड़ पर आज दोपहर बाइक व स्कूटी की आमने सामने से जोरदार टक्कर में स्कूटी में सवार दो स्कूली छात्रों में से एक छात्र की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र का बून्दी अस्पताल में उपचार जारी है। बाइक सवार युवक को प्राथमिक उपचार के बाद कोटा रैफर कर दिया गया। बाइक सवार युवक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाथ-वे सीनियर सैकण्डरी स्कूल से छुट्टी के बाद रोज की तरह घर लौट रहे एक स्कूटी में सवार दो छात्रों को बून्दी की ओर से आ रही बाइक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनो छात्र काफी देर तक सड़क पर घायल अवस्था में पड़े रहे। इसी दौरान यहां से गुजर रही स्कूली वैन को अन्य छात्रों ने रूकवाया और घायल छात्रों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने एक छात्र को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे छात्र का गंभीर हालत में उपचार जारी है।

## योगिता सिंह सांवराद ने किया रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन

**कुचामन सिटी (हुक्मनामा समाचार)।** आनंदपाल सिंह सांवराद की 9वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आगामी 19 जुलाई को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन होने जा रहा है। इसी दौरान एक रेस्टोरेंट कुचामन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान योगिता सिंह सांवराद द्वारा इस रक्तदान शिविर के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन के बाद से ही आयोजन समिति और टीम के सदस्यों ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा शुरू कर दिया है, जहां युवाओं से मिलकर उनसे इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और अधिकाधिक रक्तदान करने का आह्वान किया जा रहा है। रावणा राजपूत समाज शहर युवा अध्यक्ष देवी सिंह पडिहार ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह रक्तदान शिविर 19 जुलाई को डीडवाना स्थित अग्रसेन वाटिका में आयोजित किया जाएगा, जिसका समय सुबह 7:00 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि इस ऐतिहासिक शिविर को सफल बनाने के लिए कुचामन क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जा रहा है। शिविर में मानव सेवा की मिसाल पेश करते हुए रक्तदान करने वाले सभी युवाओं के हौसले और योगदान को सराहने के लिए उन्हें आयोजन समिति की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। इस मौके पर रावणा राजपूत विकास समिति कुचामन सिटी के संरक्षक भंवर सिंह चौहान, जगदीश सिंह भाटी, विजय सिंह शेखावत, शैतान सिंह चितावा, राहुल सिंह मीठडी, अमर सिंह पडियार, गजेन्द्र सिंह सांखला, वीरेंद्र सिंह शेखावत, अजयपाल सिंह मंडावरा, प्रदीप सिंह मंडावरा, गजेंद्र सिंह आनंदपुरा, शक्ति सिंह आदि रावणा राजपूत समाज के लोग मौजूद रहे।




## पीसांगन थाना अधिकारी पारुल यादव का ग्रामीणों ने किया स्वागत, क्षेत्र की समस्याओं पर हुई चर्चा

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** पत्रकार नरेंद्र आचार्य सहित नाथुथला के ग्रामीणों ने पुष्प भेंटकर किया अभिनंदन, शिष्टाचार मुलाकात में क्षेत्र की जानकारी साझा की गई।- पीसांगन थाना में नव नियुक्त थाना अधिकारी पारुल यादव का मंगलवार को नाथुथला के ग्रामीणों एवं पत्रकार नरेंद्र आचार्य ने पुष्प भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें क्षेत्र की सामाजिक एवं कानून-व्यवस्था से जुड़ी जानकारियां भी दीं।स्वागत कार्यक्रम में डोडियाना सरपंच पुत्र कल्लू खां, पूर्व उपसरपंच रफीक खान, सीएलजी सदस्य निसार बेग, पूर्व सरपंच सुवालाल, समाजसेवी गोमा चीता, समाजसेवी लक्ष्मण चीता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर थाना अधिकारी पारुल यादव ने ग्रामीणों से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए क्षेत्र की भौगोलिक एवं सामाजिक परिस्थितियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय से क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा।



पीसांगन थाना अधिकारी पारुल यादव का पुष्प भेंटकर स्वागत करते पत्रकार नरेंद्र आचार्य एवं नाथुथला के ग्रामीण।

## चिकित्सालय के सविदाकर्मियों ने काम का किया बहिष्कार

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।**अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के बैनर तले आज सामान्य चिकित्सालय के संविदाकर्मियों ने विगत 3 माह के बकाया मानदेय को लेकर जोरदार हंगामा कर काम का बहिष्कार कर दिया। प्रदर्शन में गार्ड, वार्ड ब्वॉय, वार्ड लेडी, पलम्बर, इलेक्ट्रीशियन, फायर मैन, कंप्यूटर ऑपरेटर सहित सभी संवर्गों के कर्मचारी शामिल थे। प्रदर्शन की सूचना पर पीएमओ के पर पहुंचे और पी एम ओ के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ ।पीएमओ के ठोस आश्वाशन के बाद कर्मचारी काम पर लौटे। कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत प्रदेश महामंत्री अनीस अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिनों भी संविदाकर्मियों ने ए डी एम आवास का घेराव कर लिया था तब यह समझौता हुआ था की कार्मिकों को प्रत्येक माह की 5 तारीख तक वेतन भुगतान कर दिया जाएगा किसी संविदाकर्मी को नौकरी से नहीं निकाला जाएगा साथ ही प्लेसमेंट एजेंसी संचालक कार्मिकों से कोई अभद्रता नहीं करेंगे। परंतु 1 महीने बाद दुबारा से वेतन रोक दिया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अमित कुमार गौतम, आतिश वर्मा, राधा रानी, दीपक चौबदार, नंद किशोर सेनी, कौशल्या, नितेश, सरोज, आत्माराम, नरेश, मुकेश बेरवा, रामप्रसाद मीणा आदि मौजूद रहे।

## आज गोपाल लाल मंदिर में शुरू होगा रथ यात्रा महोत्सव,कल प्रमुख मंदिरों में सजेगी भगवान की झांकी

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** बूंदी शहर के प्रमुख मंदिरों में 15 जुलाई से भव्य रथ यात्रा महोत्सव का शुभारंभ होगा। श्री जगन्नाथ मंदिर, श्री चारभुजा नाथ और श्री रंगनाथ मंदिर में 16 जुलाई को रथ यात्रा के विविध आयोजन होंगे। आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।श्री रंगनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता पुरुषोत्तम पारीक ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय



पुष्टिमार्ग वल्लभ संप्रदाय की गौरवशाली परंपरा के अनुसार, बालचंद पाड़ा स्थित श्री गोपाल लाल मंदिर में 15 जुलाई को सुबह 11 बजे महोत्सव की शुरुआत होगी। पंडित मधुसूदन शर्मा के सान्निध्य में श्री गोपाल लाल जी को भव्य रथ में विराजमान किया जाएगा। पूजा-अर्चना और महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं में भीगे हुए चने, मूंग की दाल, पंचमेवा और पान का विशेष प्रसाद वितरित किया जाएगा।तिलक चौक स्थित जन-जन के आराध्य श्री चारभुजा नाथ मंदिर में 16 जुलाई को रथ यात्रा की धूम रहेगी। पुजारी पंडित गणेश शर्मा की अगुवाई में शाम 6.30 बजे भगवान के रथ को मंदिर परिसर में ही भजन-कीर्तन और जयकारों के बीच 7 परिक्रमाएं करवाई जाएंगी। बूंदी के आराध्य श्री रंगनाथ मंदिर में 16 जुलाई को दोपहर 12बजे विशेष आयोजन होगा।

यहां पुजारी पंडित मुकेश शर्मा एवं पंडित रघुनंदन राज मुखिया के निर्देशन में श्री रंगनाथ एवं श्री गोविंद नाथ के रथ को चारों दिशाओं में भ्रमण कराया जाएगा। इसी दिन शाम 5 बजे श्री जगन्नाथ मंदिर में महंत गोविंद पारीक द्वारा भगवान श्री जगदीश, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की विशेष आरती उतारी जाएगी। भव्य रथ यात्रा महोत्सव के सफल संचालन का जिम्मा समिति से जुड़े वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक गर्ग, संरक्षक गणेश दत्त व्यास, सचिव अजय नुवाल, मुख्य सलाहकार एवं पूर्व पार्षद विजय टेलर और जगदीश शर्मा सहित अन्य नियमित दर्शनार्थियों और भक्तजनों ने उठाया है।

# न्यूज विंडो

## अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ने सुनेल ब्लॉक के विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**पिड़ावा (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा के अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी बालचंद कारपेंटर ने सुनेल ब्लॉक के विभिन्न राजकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में विद्यार्थियों एवं कार्मिकों की उपस्थिति की समीक्षा करते हुए, संस्था प्रधानों को शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बावड़ीखेड़ा में 5 में से 2 लोक सेवक उपस्थित तथा 3 कार्मिक अवकाश पर पाए गए। विद्यालय में 71 विद्यार्थियों में से 45 विद्यार्थी उपस्थित मिले। इसके बाद राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पेटभर का निरीक्षण किया गया, जहां 37 में से 24 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए। विद्यालय के 5 में से 4 कार्मिक उपस्थित थे, जबकि एक कार्मिक सर्वे कार्य में ड्यूटी पर था।महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुनेल के निरीक्षण के दौरान 148 में से 118 विद्यार्थी तथा 17 में से 14 कार्मिक उपस्थित मिले, जबकि 2 कार्मिक अवकाश पर थे। अंत में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मुण्डेरी का निरीक्षण किया गया, जहां 144 विद्यार्थियों में से 114 विद्यार्थी तथा 10 में से 8 कार्मिक उपस्थित पाए गए, जबकि 2 कार्मिक अवकाश पर थे। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ने लाडो योजना की प्रगति की समीक्षा की तथा सभी संस्था प्रधानों को विद्यालयों में 'कोर्ट वाली दीदी' शिकायत पेटी को प्रमुख स्थान पर लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नामांकन वृद्धि, विद्यार्थियों को पर्याप्त गृहकार्य देने, समय-विभाग चक्र तैयार करने एवं अवकाश प्रार्थना-पत्रों का समय पर अनुमोदन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## संभागीय आयुक्त ने लिया जैथल ग्रामीण सेवा शिविर का जायजा



**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को केशवरायपाटन उपखंड के ग्राम पंचायत जैथल में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण पर जोर देते हुए अधिकारियों को आवश?यक दिशा-निर्देश दिए और शिविर में संपादित किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।संभागीय आयुक्त ने केशवरायपाटन तहसीलदार सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागवार शिविर की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेंशन और आधार कार्ड में आ रही सभी त्रुटियों का समाधान शिविर के दौरान ही सुनिश्चित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को परेशानी नहीं उठानी पड़े। शिविर में प्राप्त हो रहे राजस्व विभाग के मामलों को लेकर भी आयुक्त गंभीर नजर आए। उन्होंने तहसीलदार को रिकॉर्ड शुद्धिकरण और रास्ते बहाली जैसे आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, मानसून और स्वच्छता के मद्देनजर पंचायती राज विभाग को ग्राम पंचायत में नालियों की साफ-सफाई तथा सीएडी विभाग, कापरेन को ड्रेन की साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा। शिविर निरीक्षण के बाद संभागीय आयुक्त ने ग्राम पंचायत जैथल स्थित राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में संस्कृत विषय का अध्यापक पदस्थापित नहीं होने का मामला सामने आया। इस पर उन्होंने प्रधानाचार्य को जल्द से जल्द संबंधित विभाग को शिक्षक की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश दिए। साथ ही, विद्यालय में बच्चों के लिए फर्नीचर एवं अन्य सामान्य संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान संभागीय आयुक्त ने अजेता उप स?वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सालय में उपलब्ध दवाईयों के संबंध में भी जानकारी ली।शहरी सेवा शिविर का लिया जायजासंभागीय आयुक्त ने मंगलवार को कुंभा स्टेडियम स्थित नगर परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित शहरी सेवा शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने शिविर में शहरी क्षेत्रों के निवासियों को दी जा रही सुविधाओं तथा समस्याओं के निस्तारण की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने शिविर के लाभार्थियों को आवासीय पट्टे भी वितरित किए। इस दौरान उपखंड अधिकारी लक्ष्मीकांत मीणा, नगर परिषद आयुक्त ब्रजेश राय, तहसीलदार केशवरायपाटन रवि शर्मा आदि मौजूद रहें।


## 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों के पंजीयन का नवीनीकरण 30 सितम्बर तक होगा



**बून्दी( हुक्मनामा समाचार )।** राज्य सरकार ने 15 वर्ष या उससे अधिक पुराने वाहनों के पंजीयन प्रमाण-पत्र (आरसी) के नवीनीकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एमनेस्टी योजना लागू की है योजना के तहत वाहन स्वामी 30 सितम्बर 2026 तक निर्धारित एकमुश्त राशि जमा कर आरसी का नवीनीकरण करवा सकते है एवं पेनल्टी में विशेष राहत का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।जिला परिवहन अधिकारी सौम्या शर्मा ने बताया कि योजना का लाभ 15 वर्ष या उससे अधिक पुराने दोपहिया वाहन, बाईक, स्कूटर, मोपेड एवं ट्रेक्टर के स्वामियों को मिलेगा। सामान्यत: दोपहिया वाहनों की आरसी नवीनीकरण मे विलम्ब होने पर प्रति माह 300 रूपये पेनल्टी देय होती है, जबकि एमनेस्टी योजना के तहत के एक हजार रूपये की एकमुश्त राशि जमा कर नवीनीकरण कराया जा सकेगा। उन्होने जिले के सभी पात्र वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे योजना की अंतिम तिथि से पूर्व अपने वाहन की आरसी का नवीनीकरण कराकर राज्य सरकार की प्रदान की गई।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढा द्वारा एफ बी 3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 4, जयपुर से मुद्रित एवं पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर से प्रकाशित। फोन 2623396, प्रधान संपादक - प्रदीप लोढा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, समाचार संपादक (अजमेर) राजेद्र गुप्ता जयपुर कार्यालय- जी 1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, ई मेल hukmnama.ajmer@gmail.com

## लादुनाथ महाराज की बगीची में धार्मिक आयोजन 27 से



**भेरूंदा ( हुक्मनामा समाचार )।** ग्राम कुराड़ा में लादुनाथ जी महाराज की बगीची में तीन दिवसीय गुरु पुर्णिमा महोत्सव का आगाज रामाकिशन महाराज के सानिध्य में होगा। समाजसेवी अणदाराम चोयल व नरसीराम बाजियां ने बताया कि 27 जुलाई को अखंड रामायण पाठ व 28 जुलाई को यज्ञ व भजन संध्या का तथा 29 जुलाई को शोभायात्रा व महाआरती के साथ महाप्रसादी का कार्यक्रम रहेगा। महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर को रोशनी से सरोबार किया गया है।

# सराधना ग्रामीण सेवा शिविर में बांटे 50 पट्टे, समस्याएं सुनकर पहुंचाई राहत

**मांगलियावास ( हुक्मनामा समाचार )।** सराधना ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सोमवार को सरपंच हरिकिशन जाट के सानिध्य में ग्रामीण सेवा से वीर आयोजित किया गया। आयोजित शिविर में अजमेर तहसीलदार ओम सिंह लखावत, नायब तहसीलदार ललित सिंह, सीएमओ नंदिनी, भू अभिलेख निरीक्षक हेतु शर्मा, पटवारी गोपाल सिंह, सहायक विकास अधिकारी दीपक वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी श्रीकांत तिवारी, कनिष्ठ सहायक रुबीना बानो समेत सोडा विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों ने भाग लेकर ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर राहत प्रदान की। आयोजित शिविर में ग्राम पंचायत द्वारा 30 ग्रामीणों को उनके आवास के पट्टे, तीन बंटवारा, 20 शुद्धिकरण, 15 नामांतरण,




105 एफआरसी करके करीब 500 लोगों को शिविर के माध्यम से लाभ पहुंचाया गया। शिविर में नदी प्रथम के ग्रामीणों ने खसरा संख्या 956, 969, 3389 पर कब्जे की शिकायत कर अतिक्रमण हटाने की गुहार की गई। आयोजित शिविर में सराधना भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, भाजपा जिला देहात प्रवक्ता भेरुलाल गुर्जर, वार्ड पंच भंवरलाल गोल्यां, यशपाल जाट, ग्रामीण जुगराज खोजा, बलराम पड़ौदा ,रामस्वरूप पड़ौदा आदि ने भी ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर राहत पहुंचाई। फोटो कैप्शन– सराधना शिविर में पट्टे वितरित करते जनप्रतिनिधि।

# स्पेशल ओलिंपिक यूनिफाइड फुटबॉल वर्ल्ड कप पेरिस में भारतीय टीम को मिला रजत पदक

**निम्बाहेडा ( हुक्मनामा समाचार )।** क्रेस्ट स्टेडियम,पेरिस (फ्रांस) में 11 जुलाई 2026 शनिवार को खेले गए स्पेशल ओलिंपिक यूनिफाइड फुटबॉल वर्ल्ड कप डिवीजन 3 का फाइनल स्पेशल ओलिंपिक स्पेन विरुद्ध स्पेशल ओलिंपिक भारत के मध्य खेला गया दोनों ही टीमों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया मध्यांतर तक दोनों टीमों का स्कोर 0–0 रहा । मध्यांतर पश्चात भारत को गोल करने के के 2



अवसर मिले लेकिन स्पेन के डिफेंडर्स व गोलकीपर ने अच्छे बचाव किए मैच समाप्ति के अंतिम क्षण के 59 वें मिनट में कॉर्नर तरफ से दी गई पास सीधी भारत के गोल कीपर से अपने ही गोल में चली गई जिससे भारत को स्पेन के विरुद्ध 1–0 से हार का सामना करना पड़ा इससे पहले भारतीय टीम ने स्पेन, इक्वाडोर,लीबिया,फ्रांस से लीग व नोक आउट मैच खेले थे जिसमें से तीन डिवीजन में देशों को बांट उनका फायनल ओर हार्ड लाइन मैच करवाए गए थे ।

चार्लीटी स्टेडियम पेरिस में भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया पारितोषिक वितरण कार्यक्रम में स्पेशल ओलिंपिक भारतीय टीम के समस्त कोच ,मैनेजर,फिजियो व समस्त खिलाड़ियों को रजत पदक से सम्मानित किया गया। निंबाहेड़ा फुटबॉल एसोसिएशन के सभी सदस्यों, खिलाड़ियों ने भारतीय टीम को दूरभाष पर बधाईयां शुभकामनाएं दीं।

## मधुमक्खियों के हमले में बुज़ुर्ग पति को तड़पता देख पत्नी को आया हार्ट अटैक, मौके पर ही मौत

**डीडवाना ( हुक्मनामा समाचार )।** के समीपवर्ती नंदवाण गांव में मधुमक्खियों के झुंड के अचानक हमले में एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है। हमले की चपेट में आने से करीब 15 ग्रामीण घायल हो गए। हादसे के दौरान 71 वर्षीय बुजुर्ग पति मानसिंह पर हजारों मधुमक्खियों का भीषण हमला देखकर उनकी पत्नी रतन कंवर इस यानक सदमे को बर्दाश्त नहीं कर सकीं और दिल का दौरा पड़ने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद सूचना मिलते ही निंबी जोधा थाना पुलिस ने 4 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को डीडवाना के राजकीय बांगड़ अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने रतन कंवर को मृत घोषित कर दिया।अस्पताल में भर्ती बुजुर्ग मानसिंह की हालत बेहद गंभीर बनी हुई थी। मुंह में दांत नहीं होने के कारण हमले के दौरान सैकड़ों खूंखार मधुमक्खियां उनके मुंह के रास्ते पेट के अंदर तक चली गई थीं,

जिन्हें डॉक्टरों ने त्वरित इलाज और उल्टी के माध्यम से बाहर निकाला। इतनी बड़ी तादाद में डंक लगने के बावजूद बुजुर्ग की हालत अब स्थिर बताई जा रही है। प्रशासन के निर्देश पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने पेड़ से मधुमक्खियों के छत्ते को हटा दिया है, जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

## विद्यालय में वाटर कूलर का समारोहपूर्वक शुभारंभ



**मकराना ( हुक्मनामा समाचार )।** पीएम राजकीय उ%च माध्यमिक विद्यालय मकराना मे भामाशाह की ओर से लगाये गये वाटर कूलर का मंगलवार को समारोहपूर्वक शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही यह वाटर कूलर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को समर्पित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मकराना तहसीलदार श्रीमती कृष्णा शर्मा थी जबकि अध्यक्ष मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बजरंगसिंह राठौड ने की। जानकारी के अनुसार मकराना के उक्त राजकीय विद्यालय में विद्यार्थियों को शीतल स्व%छ जल उपलब्ध करवाये जाने के लिये भामाशाह सत्यनारायण सोलंकी द्वारा वाटर कूलर भेंट किया गया। प्रधानाचार्य छोटुराम बाजडोलिया ने बताया कि छात्र छात्राओं को शीतल पेय जल के लिए सोलंकी परिवार के सत्यनारायण, आशाराम व शंकरलाल सोलंकी द्वारा अपने माता–पिता की पूण्य स्मृति में वाटर कूलर भेंट किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी अजीम तारिक का निंबाहेड़ा आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**निम्बाहेडा ( हुक्मनामा समाचार )।** स्पेशल ओलिंपिक यूनिफाइड फुटबॉल वर्ल्ड कप पेरिस 2026 में भारतीय टीम के पार्टनर कप्तान अजीम तारिक के आज निंबाहेड़ा आगमन पर रेल्वे स्टेशन हाथों में तिरंगे लिए स्कूली बच्चों एवं आमजन व खेलप्रेमियों द्वारा पुष्प वर्षा कर व साफा बंधवाकर व पुष्प माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। भारतीय टीम के पार्टनर कप्तान तारिक के स्टेशन पहुंचते ही पूरा स्टेशन भारतीय देशभक्ति से प्रेरित नारों से गूंज उठा सभी की आंखों में खुशी के आंसू थे




गौरतलब है कि हाल ही में फ्रांस की राजधानी पेरिस में संपन्न हुए स्पैशल ओलंपिक वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के स्पैशल पार्टनर कप्तान अजीम तारिक व समस्त खिलाड़ीयों को रजत पदक से सम्मानित किया गया है,,पेरिस से निंबाहेड़ा लौटने पर निंबाहेड़ा फुटबॉल एसोशिएशन एवं निंबाहेड़ा फुटबॉल एकेडमी से जुड़े खिलाड़ियों व आम जनता द्वारा रेलवे स्टेशन से खुली जीप में अजीम को बिठाकर बैंड बाजे के साथ नगर के मुख्य मार्गो जैसेकि माल गोदाम रोड़,कैची चौराहा,चंदन चौक होते हुए बाग वाली दरगाह परिसर तक स्वागत जुलूस निकाला गया। तत्पश्चात हजरत केली वाले बाबा (र.अ.) के आस्ताने पर अकीदत की चादर व फूल पेश कर प्रदेश व मुल्क में खुशहाली की दुआ मांगी गई। इस अवसर पर एसएसआई सूरज कुमार,कृति संस्थान के सिराज अहमद,रजा एजुकेशनल सोसाइटी के मोहम्मद फारुख,वसीम इरफानी,हाजी कल्लुबा,शकील अहमद, आदि उपस्थित रहे।

# विधायक कृपलानी की अनुशंसा से जिला चिकित्सालय निम्बाहेड़ा को मिली 10नर्सिंग अधिकारियों की सौगात

**निम्बाहेड़ा ( हुक्मनामा समाचार )।** पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंदकृपलानी की अनुशंसा से जिला चिकित्सालय निम्बाहेड़ा में 10 नर्सिंगअधिकारियों की नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवंस्वास्थ्य अधिकारी, चित्तौड़गढ़ द्वारा दिनांक 10 जुलाई 2026 को जारीआदेश के अनुसार इन नर्सिंग अधिकारियों की संविदा नियुक्ति प्रदान की गई है।इन नियुक्तियों से जिला चिकित्सालय निम्बाहेड़ा में



लंबे समय से महसूस कीजा रही नर्सिंग स्टाफ की कमी दूर होगी तथा मरीजों को अधिक गुणवत्तापूर्ण,त्वरित एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। अस्पताल कीचिकित्सीय एवं नर्सिंग व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनेंगी।विधायक कृपलानी ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएंउपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त नर्सिंग अधिकारी पूरी निष्ठा एवं सेवा भावना के साथ कार्य करतेहुए मरीजों को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेंगे।उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग काआभार व्यक्त करते हुए कहा कि निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्यसेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए उनके प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

## आज थांवला के सभी निजी विद्यालय बंद, अभिभावकों को पहले ही दी गई थी सूचना

**थांवला ( हुक्मनामा समाचार )।**थांवला। राजस्थान के निजी विद्यालय संगठनों के संयुक्त आह्वान पर बुधवार को थांवला सहित प्रदेशभर के निजी विद्यालय बंद रहेंगे। सरकार की नीतियों एवं निजी विद्यालयों से जुड़े लंबित मुद्दों के विरोध में यह एक दिवसीय बंद रखा गया है। विद्यालय प्रबंधन ने एक दिन पूर्व ही अभिभावकों को सूचना जारी कर 15 जुलाई को बच्चों को विद्यालय नहीं भेजने का आग्रह किया था। निजी विद्यालय संचालकों का कहना है कि विभिन्न मांगों के समाधान के लिए लंबे समय से सरकार से आग्रह किया जा रहा है, लेकिन कार्रवाई नहीं होने के कारण यह निर्णय लिया गया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि अगले कार्यदिवस से शैक्षणिक गतिविधियां पूर्ववत संचालित होंगी।

# ग्रामीण सेवा शिविर में विभिन्न विभागों ने दीं सेवाएं, आमजन मिली राहत

**रियांबड़ी ( हुक्मनामा समाचार )।** केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने तथा विभिन्न जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सोमवार को आईटी सेंटर, चावंडिया कलां में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

सहायक विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद सैनी ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आमजन को मौके पर ही सेवाएं उपलब्ध कराई। राजस्व विभाग द्वारा 20



नामांतरण (म्यूटेशन), आपसी सहमति से 3 बंटवारे, 40 शुद्धिकरण तथा 48 जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्रों सहित अनेक प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

शिविर में कुल 22 विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया।

इस अवसर पर तहसीलदार अशोक कुमार, नायब तहसीलदार प्रेम कुमार ढेबाना, प्रशासक भैरूसिंह, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सचिन चौधरी, आयुष चिकित्सक बलदेव राम, हनुमान राम, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से सुनील कुमार, परिवहन विभाग से ललित कुमार, विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता अंकित गोदारा, वरिष्ठ सहायक रामेश्वर भदाल, पटवारी नगेंद्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी रामअवतार गोलिया, कनिष्ठ सहायक नेमा राम, डाटा एंट्री ऑपरेटर पवन कुमार शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ–साथ विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं का मौके पर समाधान कर आमजन को राहत प्रदान की गई।

## न्यूज विंडो

### सरकारी हस्तक्षेप के विरोध में कल जिले के सभी निजी स्कूल रहेंगे पूरी तरह बंद, कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

**डीडवाना ( हुक्मनामा समाचार )।**निजी शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता पर सरकारी हस्तक्षेप और आरटीई भुगतान सहित विभिन्न मांगों को लेकर डीडवाना–कुचामन जिले के तमाम निजी विद्यालय कल 15 जुलाई पूर्ण रूप से बंद रहेंगे। बंद के दौरान जिले का कोई भी निजी विद्यालय संचालित नहीं होगा। इस संबंध में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, डीडवाना–कुचामन द्वारा कल जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम एक संयुक्त ज्ञापन सौंपा जाएगा।एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि गत 3 जुलाई 2026 को शिक्षा निदेशक, बीकानेर द्वारा एक नया आदेश जारी कर 'राज संबलन व शिक्षा संबलन' कार्यक्रम के माध्यम से निजी स्कूलों पर संयुक्त निदेशक स्तर तक की विभिन्न जांचें थोप दी गई हैं। संगठन इस नए आदेश और संबंधित एप्लीकेशन का पुरजोर विरोध करता है और इसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उनका आरोप है कि शिक्षा संबलन के नाम पर निजी स्कूलों की स्वायत्तता को कुचला जा रहा है।निजी स्कूल संचालकों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार एक तरफ तो नए–नए नियम थोप रही है, वहीं दूसरी तरफ शिक्षा का अधिकार (ऋञ्जश्व) के तहत प्रवेशित बच्चों की फीस का पुनर्भरण पिछले चार वर्षों से समय पर नहीं किया जा रहा है। टाइमफ्रेम के अनुसार भुगतान न होने से स्कूलों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इसके अलावा आए दिन विभिन्न प्रकार की अनावश्यक जांचें करवाकर स्कूल संचालकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि उच्चतम न्यायालय ने टी.एम.ए. पाई फाउंडेशन बनाम कर्नाटक राज्य व अन्य ऐतिहासिक फैसलों में यह साफ किया है कि सरकार निजी शिक्षण संस्थानों के दैनिक प्रशासन में अनावश्यक हस्तक्षेप नहीं कर सकती। यह संविधान प्रदत्त मूल अधिकारों का सीधा हनन है। राजस्थान गैर–सरकारी शैक्षिक संस्थान अधिनियम, 1993 के तहत सरकार को केवल नियमन का अधिकार है, स्कूलों के आंतरिक प्रबंधन में दखल देने का नहीं।प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष उगमाराम रॉयल, जिला सचिव मुजीबुर रहमान और जिला कोषाध्यक्ष श्याम सुन्दर सैन ने संयुक्त बयान में चेतावनी दी है कि यदि निजी विद्यालयों के निरीक्षण हेतु लागू किए गए इस नवीन आदेश व एप्लीकेशन को तुरंत निरस्त नहीं किया गया, तो समस्त निजी विद्यालय संगठन मजबूर होकर न्यायालय की शरण में जाएगा।

### डीडवाना-कुचामन को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प कचहरी परिसर में पोस्टर का विमोचन, कपड़े के थैले अपनाने का आह्वान



**डीडवाना ( हुक्मनामा समाचार )।** जिला मुख्यालय स्थित कचहरी परिसर में पर्यावरण संरक्षण और जिले को स्वच्छ व सुंदर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नाहर सिंह मीणा के निर्देशानुसार एवं प्राधिकरण सचिव विकास ऐचरा के मार्गदर्शन में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्लास्टिक मुक्त अपना डीडवाना–कुचामन जिला, स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ समाज, समृद्ध भविष्य थीम पर आधारित एक पोस्टर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी न्यायिक अधिकारियों, बार संघ के अधिवक्ताओं और कर्मचारियों ने जिले को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त बनाने की सामूहिक शपथ ली।पोस्टर विमोचन के दौरान अधिकारियों ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। 'हमारी धरती, हमारी जिम्मेदारी' के नारे के साथ लोगों से सिंगल–यूज प्लास्टिक और प्लास्टिक बैग का उपयोग पूरी तरह बंद करने तथा इसके विकल्प के रूप में कपड़े के थैलों को अपनाने का पुरजोर आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्लास्टिक न सिर्फ हमारे पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि भावी पीढ़ी के स्वास्थ्य के लिए भी बड़ा खतरा है।इस गरिमामयी अवसर पर न्यायिक और प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे।ज्ञानेंद्र सिंह (सीजेएम)मनोज जीनगर (एसीजेएम)विकास ठोलिया (चीफ, डीएलएसए)हरफूल राव(डिप्टी चीफ, डीएलएसए)इसके साथ ही बार संघ के पदाधिकारी, वरिष्ठ अधिवक्तागण, न्यायालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी इस मुहिम का हिस्सा बने और इस जागरूकता अभियान को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### बाल विवाह समाज के लिये अभिषाप




**मकराना ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के राजौरा बास स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में मंगलवार को बाल विवाह की रोकथाम को लेकर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर राजस्थान रा%य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीडवाना एवं अध्यक्ष आशा चौधरी तागुका विधिक सेवा समिति एडीजे मकराना के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। शिविर प्रभारी पेनल अधिवक्ता तलत हुसैन हनीफी मकराना विद्यार्थियों से कहा कि बाल विवाह वह विवाह है जिसमें महिला की आयु 18 वर्ष से कम या पुरुष की आयु 21 वर्ष से कम हो और इनका विवाह किया जाा रहा है। इस प्रकार के विवाह को बाल विवाह कहा जाता है और ऐसे बाल विवाह समाज के लिये अभिषाप है। इस प्रकार के विवाह की रोकथाम के लिये सभी को सामूहिक व सार्थक प्रयास करने चाहिए। उन्होने बताया कि अधिकांश बाल विवाहों में कम उम्र की महिलाएं शामिल होती है। खराब सामाजिक आर्थिक परिस्थितियों और जागरूकता की कमी से यह विवाह हो रहे है।